SRM UNIVERSITY AP
Andhra Pradesh

Carnegie Mellon University
School of Computer Science

SRM AP, AMARAVATI
LANDMARK COLLABORATION WITH
CARNEGIE MELLON UNIVERSITY'S
SCHOOL OF COMPUTER SCIENCE, USA FOR
AI RESEARCH LAB

A collaboration to drive novel AI research, innovation and education to shape future AI leaders and redefine the technological landscape

ADVANCED AI RESEARCH LAB

Establishing a state - of - the - art AI lab incorporating the latest advancements in AI and emerging technologies for pioneering research and innovation, inspired by CMU SCS's cutting-edge research ecosystem.

DEEPER FACULTY ENGAGEMENT

Faculty engage with CMU SCS's AI academia and research environment, redefining acadmic programs and advancing AI education at SRM AP.

DISTINCTIVE RESEARCH INTERNSHIPS

SRM AP Students intern at CMU SCS's AI labs in the United States gaining hands-on experience and working alongside world-class AI experts on real-world challenges.

Shaping the Future of AI - Together !

SRM AP, Amaravati : Neerukonda, Mangalagiri Mandal, Guntur District, Andhra Pradesh 522240

CARNEGIE MELLON UNIVERSITY - SCS: 5000 Forbes Ave, Pittsburgh, PA 15213, USA

गाय की महिमा को समझते हुए आमजन प्रतिदिन करें गौसेवा : भजनलाल शर्मा

एजेंसी ◂ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के साथ ही गौमाता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है और हाल में पेश किए गए राज्य बजट में गौमाता और पशुपालकों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। शर्मा मुख्यमंत्री निवास पर गौशालाओं की अनुदान राशि बढ़ाने पर आयोजित आभार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में संचालित गौशालाओं तथा नंदीशालाओं के लिए प्रति पशु अनुदान राशि को इस वर्ष 15 प्रतिशत बढ़ाकर 50 रूपये प्रतिदिन करने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले साल गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना प्रारंभ की थी, जिसमें गौवंश हेतु शेड, खेली निर्माण तथा दुग्ध, चारा, बांटा संबंधी उपकरण खरीदने के लिए एक लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। अब हम आगामी वित्त वर्ष में भी ढाई लाख गोपालक परिवारों को इस योजना का लाभ मुहैया कराएंगे। शर्मा ने कहा कि गोपालकों को और अधिक राहत देते हुए गोपाल क्रेडिट कार्ड के लिए जरूरी सभी दस्तावेजों पर स्टांप ड्यूटी माफ करने और योजना के प्रावधानों को सरल बनाने का भी बजट में प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास भी हो रहा है और देश की विरासत भी समृद्ध होती जा रही है। वे देश-दुनिया के करोड़ों लोगों के महानायक हैं, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, दृढ़ निश्चय, योजनाबद्ध कार्य और दूरदृष्टि से देश और दुनिया को एक नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान का प्रवासी देश-दुनिया में अपनी मिट्टी से जुड़ा हुआ है तथा प्रवासियों ने हर जगह गौशालाएं बनायी है जिससे गौसेवा के पुण्य कार्यों को बढ़ावा दिया जा सके। शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन गौ-संरक्षण के लिए दूरदर्शी सोच के साथ काम कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए शुरू की गई 'मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना' के दायरे को बढ़ाते हुए आगामी वित्त वर्ष में प्रत्येक श्रेणी में बीमित पशुओं की संख्या दोगुनी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पशुधन निःशुल्क आरोग्य योजना के तहत औषधियों एवं टीकों की संख्या में वृद्धि, मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत दुग्ध संग्रहण के लक्ष्य को बढ़ाना, सर्दियों में गौशालाओं को आवश्यकता अनुसार अनुदान के स्थान पर बाजरा का विकल्प, एक हजार नवीन सहकारी समितियों अथवा संग्रह केंद्रों की स्थापना, 100 पशु चिकित्सा अधिकारियों एवं एक हजार पशुधन निरीक्षकों की भर्ती सहित विभिन्न कार्य गौसेवा के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति में गाय की महिमा अपरंपार है। हमारे शास्त्रों में गंगा, गोमती, गीता और गोविंद की भांति गाय भी अत्यंत पवित्र मानी गई है और गौ-माता की सेवा से सभी देवी-देवताओं के पूजन का फल मिल जाता है।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में बिलावर हत्याकांड, गुलमर्ग फैशन शो को लेकर हंगामा

एजेंसी ◂ जम्मू
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में कठुआ के बिलावर क्षेत्र में नागरिकों की हत्या और गुलमर्ग में फैशन शो को लेकर जमकर हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होते ही नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस के विधायक अपनी सीटों से खड़े हो गए और बिलावर इलाके में नागरिकों की हत्या पर चर्चा की मांग करने लगे। विधायक बानी रामेश्वर सिंह ने जब सदन के बीचोंबीचे आने कोशिश की तो मार्शलों ने उन्हें रोक दिया। सिंह को शनिवार को बिलावर इलाके में मारे गए नागरिकों के परिवारों से मिलने के लिए जाने से स्थानीय लोगों ने रोक दिया था और उनका घेराव किया गया था। सदन की कार्यवाही में व्यवधान पैदा ने करने के विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश के बावजूद नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों ने भी अपना विरोध जारी रखा। कुपवाड़ा के विधायक मीर मुहम्मद फैयाज ने गुलमर्ग में फैशन शो के आयोजकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। विधायकों को शांत करते हुए विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर ने कहा कि सदन बिलावर इलाके के हत्याकांड पर चर्चा नहीं कर सकता, क्योंकि यह मामला विधानसभा के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम-2019 की धारा 32 का हवाला दिया जिसके तहत पुलिस और सार्वजनिक व्यवस्था विधानसभा के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल ने पहले ही मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं।
विधानसभा अध्यक्ष ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पहले ही फैशन शो की जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने कहा, चूंकि दोनों मामलों में जांच पहले ही शुरू हो चुकी है, इसलिए सदन में इन पर चर्चा नहीं की जा सकती। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सदन में जवाब दिया कि चूंकि गुलमर्ग फैशन शो को लेकर कई लोगों ने चिंता जताई है, इसलिए इसकी जांच शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा, हम समझते हैं कि फैशन शो आयोजित करने से धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं, क्योंकि यह एक बुद्धिमानी भरा फैसला नहीं था। यह एक निजी कार्यक्रम था और इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं थी।
जांच पहले ही शुरू हो चुकी है और इसके अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

मंत्रिमंडलीय उपसमिति लेगी महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के संचालन का निर्णय-दिलावर

एजेंसी ◂ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के संचालन के सम्बन्ध में उचित कार्यवाही कर विद्यार्थियों के हित में निर्णय किया जाएगा। दिलावर प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा मंत्रिमंडलीय उपसमिति का गठन किया गया है। समिति द्वारा इस विषय पर समीक्षा कर रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि गत सरकार द्वारा केवल नाम के लिए महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोल दिए गए। इन विद्यालयों में न तो शिक्षकों के पद सृजित किये गए और न ही भवनों की समुचित व्यवस्था की गई। जिसके परिणामस्वरूप अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने की इच्छा नहीं रखने वाले कई विद्यार्थी विद्यालय छोड़ने पर मजबूर हो गए। इसके साथ ही कई छात्राएं जो सह शिक्षा के माहौल में सहज नहीं थी, उनके द्वारा भी विद्यालय छोड़ने से नामांकन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। उन्होंने कहा कि गत सरकार के कार्यकाल में विद्यालयों में रिक्त पद न भरे जाने से प्रदेश में शिक्षा की दिशा एवं दशा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। वर्तमान राज्य सरकार द्वारा शिक्षकों के 5 हजार 114 पदों की डीपीसी कर ली गई है एवं शीघ्र ही इन्हें प्रदेश भर में समान अनुपात में नियुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस प्रक्रिया के तहत विधानसभा क्षेत्र फलौदी में भी रिक्त पदों को भर दिया जाएगा। इससे पहले विधायक पब्बाराम विश्नोई के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में शिक्षा मंत्री ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र फलौदी में संचालित राजकीय विद्यालयों में संवर्गवार स्वीकृत एवं रिक्त पदों का संख्यात्मक विवरण (माध्यमिक शिक्षा एवं प्रारंभिक शिक्षा) उन्होंने सदन के पटल पर रखा।

अमरोहा में रिश्वत लेते जेई और लाइनमैन गिरफ्तार

अमरोहा। उत्तर प्रदेश के अमरोहा में भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन विजिलेंस टीम) ने किसान से 45 हज़ार रुपये रिश्वत लेते हुए विद्युत विभाग के अवर अभियंता (जेई) और लाइनमैन को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एंटी करप्शन विजिलेंस टीम के प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि अमरोहा जिले से किसानों से काम की एवज में रिश्वत मांगने की शिकायतें मिल रही थीं। ऐसी ही एक शिकायत डिडौली थाना क्षेत्र के गांव सिबोरा निवासी मन्नान खां ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन में दर्ज कराई थी जिसमें बिजली बिल सही करने और बिजली मीटर की रीडिंग शून्य कर नया मीटर लगवाने की एवज में 45 हज़ार रुपये रिश्वत लाइनमैन पुष्पेन्द्र के जरिए मांगी जा रही थी। शिकायत के परिप्रेक्ष्य में एंटी करप्शन विजिलेंस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से अवर अभियंता जेई रत्नेश कुमार तथा लाइनमैन पुष्पेन्द्र को शिकायतकर्ता से 45 हज़ार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया।

बिहार विधानसभा में गरीबों के मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा, किया बर्हिगमन

एजेंसी ◂ पटना
www.dailypioneer.com

बिहार में जातिगत सर्वेक्षण में चिन्हित 94 लाख गरीब परिवारों को दो-दो लाख रुपये देने के मुद्दे पर विधानसभा में विपक्षी सदस्यों ने सरकार के खिलाफ जमकर हंगामा किया और बाद में बर्हिगमन कर गए। विधानसभा में भोजनावकाश से पहले की बैठक में सरकार की ओर से मंत्री नीतीश मिश्रा ने वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता के तारांकित प्रश्न का उत्तर दिया, जिससे विपक्ष के सदस्य असंतुष्ट होकर सदन के बीच में आ गए और शोरगुल करने लगे। कुछ देर बाद असंतुष्ट विपक्षी सदस्य शोरगुल करते हुए सदन से बर्हिगमन कर गए। मिश्रा ने प्रश्न के उत्तर में कहा कि जातिगत सर्वेक्षण के दौरान सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण भी किया गया और 94 लाख गरीब परिवार ऐसे पाए गए, जिनकी मासिक आय छह हजार रुपये से कम है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में उनके बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक नई योजना शुरू की गई और इसके तहत पहली किस्त के रूप में 50 हजार रुपये देने का लक्ष्य रखा गया। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों की मासिक आय छह हजार रुपये से कम है, उनसे आवेदन आमंत्रित किए गए।

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री लक्सन 16 मार्च को आधिकारिक यात्रा पर भारत आएंगे

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन 16-20 मार्च के दौरान भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। विदेश मंत्रालय ने यहां बताया कि

लक्सन के साथ उनकी सरकार के मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों, व्यवसायों, मीडिया और भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों सहित न्यूजीलैंड का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा। प्रधानमंत्री के रूप में लक्सन की यह पहली भारत यात्रा होगी। वह 20 मार्च को वेलिंगटन लौटने से पहले मुंबई भी जाएंगे। लक्सन 17 मार्च को मोदी के साथ भारत-न्यूजीलैंड संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर द्विपक्षीय बैठक करेंगे। मोदी गणमान्य अतिथि के सम्मान में दोपहर के भोजन की मेजबानी करेंगे। वह उसी दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी भेंट करेंगे। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री 17 मार्च को अपराह्न नई दिल्ली में 10वीं रायसीना संवाद 2025 के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य भाषण देंगे। वह 19-20 मार्च को मुंबई में रहेंगे, जहां वह भारतीय व्यापारिक नेताओं और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि लक्सन की यात्रा भारत और न्यूजीलैंड के बीच लंबे समय से और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है।

मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत आगामी वर्षों में विद्यार्थियों की संख्या 50 हजार तक होगी

एजेंसी ◂ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने विधानसभा में कहा कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत वर्तमान में 30 हजार छात्र- छात्राओं को कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है जिसे आगामी वर्षों में 50 हजार तक बढ़ाया जाएगा। गहलोत प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सोच है कि कोई भी जरूरतमंद छात्र छात्राएं कोचिंग के अभाव में बेहतर शिक्षा से वंचित नहीं रहे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत 30 हजार छात्र-छात्राओं को निशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इसके विपरीत अब तक गत 23 फरवरी तक 67 हजार 427 यानी 225 प्रतिशत अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि 2005-06 में वसुंधरा सरकार ने इसे लॉन्च किया था फिर पूर्व सरकार ने इसे 2021 में लॉन्च किया। हमारी सरकार ने इसमें गुणवत्तायुक्त सुधार के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत पूर्व में छोटे और नॉन प्रतिष्ठित संस्थान आते थे, हमारी सरकार ने इसमें प्रतिष्ठित संस्थानों को शामिल किया। वर्तमान में 37 प्रतिष्ठित संस्थान इस योजना के तहत आते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का 30 हजार का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा करने का है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने केवल 21 हजार यानी 65 प्रतिशत छात्र छात्राओं को ही लाभान्वित किया था।

सड़क हादसे में बस चालक सहित दो की मौत, 11 घायल

जालंधर। पंजाब में जालंधर-पठानकोट नेशनल हाईवे पर स्थित काला बकरा के नजदीक एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि 11 अन्य यात्री घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। पुलिस के अनुसार सवारियों से भरी टूरिस्ट बस जालंधर से जम्मू की तरफ जा रही थी, इस बीच वह काला बकरा के पास ईंटों से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई ।

महबूबा ने गुलमर्ग में विवादित फैशन शो पर सरकार की टिप्पणी पर आलोचना की

एजेंसी ◂ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

पीपुल्स डेमोटिक पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में विवादास्पद फैशन शो के आयोजन को 'निजी मामला' बताकर खुद को इस विवाद से अलग करने वाली सरकार की आलोचना की है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के बयान के बाद पीडीपी नेता ने प्रतिक्रिया दी। पीडीपी नेता ने अब्दुल्ला के बयान को स्पष्ट करते हुये बताया कि फैशन शो एक निजी कार्यक्रम था और इसके आयोजन में सरकार की कोई भूमिका नहीं थी। मुफ्ती ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा, गुलमर्ग में हाल ही में हुए फैशन शो से अश्लील तस्वीरें देखना बेहद परेशान करने वाला है। यह तथ्य कि इस तरह का आयोजन जो एक अभद्र तमाशे में बदल गया। वह रमजान के पवित्र महीने के दौरान हुआ, चौंकाने वाला है। यह निंदनीय है कि निजी होटल मालिकों को इन आयोजनों के माध्यम से ऐसी अश्लीलता को बढ़ावा देने की अनुमति दी जाती है, जो हमारे सांस्कृतिक मूल्यों के बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने कहा कि सरकार इसे निजी मामला बताकर अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। मुफ्ती ने कहा, जवाबदेही से बचने से इस तरह के और आयोजनों का मार्ग प्रशस्त हो सकता है, जिससे हमारी संस्कृति और समाज को गंभीर नुकसान पहुंचेगा। फैशन कार्यक्रम सात मार्च को गुलमर्ग की बर्फीली ढलानों पर आयोजित किया गया था और इसे डिजाइनर जोड़ी शिवन और नरेश ने होस्ट किया था। शो की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए, जिसके बाद, कश्मीर के प्रमुख मौलवी और हुर्रियत के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक ने इसे 'अपमानजनक' और 'अश्लील' करार दिया।

योगी झांसी में करेंगे नवनिर्मित पैथोलॉजी का उद्घाटन, युवा उद्यमियों से करेंगे मुलाकात

एजेंसी ◂ झांसी
www.dailypioneer.com

दुनिया और देश के सबसे बड़े मेले महाकुंभ के भव्य सफल आयोजन के बाद बुंदेलखंड क्षेत्र की पहली यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वीरांगना नगरी झांसी में मंगलवार को स्मार्ट सिटी के तहत बनकर तैयार हुई अत्याधुनिक पैथेलॉजी का उद्घाटन करेंगे साथ ही युवा उद्यमियों से मुलाकात कर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के लाभार्थियों को ऋण वितरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री 12 बजे से लेकर 03 बजकर 45 मिनट तक लगभग चार घंटे वीरांगना नगरी झांसी में रहकर विविध कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री की यात्रा के संबंध में पत्रकारों को जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वरूण पाण्डेय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन मंगलवार 12 बजे झांसी पुलिसलाइन के हैलीपैड पर होगा। 12बजकर पांच मिनट पर वह हैलीपैड से निकलकर सीधे पैथोलॉजी सेंटर का उद्घाटन करने जायेंगे और 12 बजकर 10 मिनट से 12 बजकर 20 मिनट तक पैथोलॉजी में रहेंगे। इसके बाद यहां से 12:20 पर निकलकर 12:30 पर नवनिर्मित स्पेस म्यूजियम का अवलोकन करेंगे। मुख्यमंत्री 12:40 पर यहां से क्राफ्ट मेला मैदान के लिए निकलेंगे और 12 :45 पर मैदान पर पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि योगी यहां मुख्यमंत्री युवा योजना एवं युवा उद्यमियों के स्टार्ट-अप की प्रदर्शनी का उद्घाटन और अवलोकन करेंगे तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के लाभार्थियों को ऋण वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री 12:50 से 01:50 तक क्राफ्ट मेला मैदान पर ही रहेंगे। इसके बाद 01 :50 पर क्राफ्ट मेला मैदान से निकलकर 01:55 पर सर्किट हाउस पहुंचेंगे। यहां वह 02:30 तक रहेंगे और 02:30 पर यहां से निकलकर 02:35 पर आयुक्त सभागार में पहुंचेंगे। आयुक्त सभागार में मुख्यमंत्री झांसी के साथ साथ जालौन और ललितपुर के जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से वर्चुअली जुडकर मंडलीय समीक्षा बैठक करेंगे। यह बैठक लगभग एक घंटा 02 :35 से 03:35 तक चलेगी। मुख्यमंत्री 03:35 पर आयुक्त सभागार से निकलकर 03:40 पर पुलिस लाइन हैलीपैड पर पहुंचेंगे और 03:45 पर यहां से लखनऊ के लिए रवाना हो जायेंगे। मुख्यमंत्री की इस यात्रा के दौरान शहर में यातायात की सुविधा को सुगम रखने के लिए कई व्यस्त मार्गों से ट्रैफिक के संचालन में बदलाव किया गया है। मेडिकल बायपास, झांसी होटल चौराहे, चित्रा चौराहा और बीकेडी चौराहा से आने जाने वाले वाहनों के मार्ग में बदलाव कर वैकल्पिक मार्गों से निकाले जाने की व्यवस्था की गयी है।

11 March 2025 Pride Of Raipur



विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

4 | रायपुर संभाग
नव निर्वाचित सरपंच कृपाराम...

6 | अभिमत
विकसित भारत : ऊर्जा समृद्ध...

09 | छत्तीसगढ़
डौंडीलोहारा नगर पंचायत उपाध्यक्ष...

10 | छत्तीसगढ़
84 लाख रुपए की ठगी करने वाला दो आरोपी 3 साल...

Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

Established 1865

पायनियर

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-199
रायपुर, मंगलवार 11 मार्च 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

त्वरित न्यूज

न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त

नयी दिल्ली। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची को उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के न्याय विभाग की ओर से अधिसूचना जारी कर कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बागची की पदोन्नति संबंधी घोषणा की। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भी सोशल मीडिया 'एक्स' उनकी इस पदोन्नति की घोषणा से संबंधित जानकारी साझा की है। न्यायमूर्ति बागची के शपथ ग्रहण के साथ ही शीर्ष अदालत के लिए स्वीकृत 34 न्यायाधीशों की संख्या के मुकाबले न्यायाधीशों की संख्या 33 हो जाएगी। न्यायमूर्ति बागची दो अक्टूबर 2031 को सेवानिवृत्त होंगे, उससे पहले वह मई (2031) में भारत के मुख्य न्यायाधीश बन सकते हैं।

अजित पवार ने महाराष्ट्र का बजट पेश किया

मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्रालय का दायित्व संभाल रहे अजित पवार ने सोमवार को देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महायुति सरकार का 2025-26 वित्त वर्ष का बजट पेश किया। यह राज्य विधानसभा में पवार की ओर से पेश किया गया यह राज्य का 11वां बजट है। वित्त राज्य मंत्री आशीष जायसवाल ने परिषद में 2025-26 वित्त वर्ष का बजट पेश किया।

ललित मोदी का पासपोर्ट रद्द करने का निर्देश

नई दिल्ली। वानुआतु के प्रधानमंत्री जोथम नापत ने नागरिकता आयोग को पूर्व आईपीएल प्रमुख और भगोड़े ललित मोदी को जारी वानुआतु पासपोर्ट रद्द करने का निर्देश दिया है। रिपोर्टों और प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक कथित प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री नापत ने कहा कि हालांकि जांच में कोई आपराधिक दोष सिद्ध नहीं हुआ है, लेकिन हाल ही में उन्हें बताया गया कि इंटरपोल ने अपर्याप्त साक्ष्य के कारण ललित मोदी पर अलर्ट जारी करने के भारतीय अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया है।

सीडी के बाद ईडी के शिकार हुए बघेल

सीएम साय ने कहा ईडी की कार्रवाई में कोई दखल नहीं

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग/भिलाई
www.dailypioneer.com

पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल के ठिकानों पर ईडी ने सोमवार को दबिश दी। दरअसल भूपेश बघेल सीडी के बाद ईडी के शिकार होते नजर आ रहे है। राज्य में भूपेश सरकार के दौरान हुए भ्रष्टाचार की ईडी जांच कर रही है। इसी कड़ी में भूपेश बघेल के ठिकानों पर भी दबिश दी गई है। हांलाकि खबर लिखे जाने तक ईडी के द्वारा कोई अधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। भूपेश बघेल के निवास पर छापामार कार्रवाई के बाद कांग्रेसी कार्यकर्ता सड़कों पर उतर गए। इसके साथ ही विधानसभा की कार्रवाई भी बाधित रही। नेताप्रतिपक्ष चरणदास महंत समेत सभी विधायकों ने भूपेश बघेल के खिलाफ की जा रही कार्रवाई का विरोध किया। ईडी की कार्रवाई पर विधानसभा में भी हंगामा हुआ है, जिसके बाद कांग्रेस के सभी विधायक कार्रवाई का बहिष्कार कर भिलाई के लिए रवाना हो गये।

ईडी की कार्रवाई में प्रदेश सरकार का कोई दखल नहीं : सीएम साय

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के घर ईडी की कार्रवाई को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कांग्रेस की 5 साल तक जो सरकार थी, उसमें तरह-तरह के स्कैम और घोटाले हुए हैं। जिसकी जांच केंद्रीय एजेंसियां कर रही हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कई लोग जेल के अंदर भी हैं और कई लोग जेल जाने की तैयारी में हैं। ईडी की ये नियमित जांच है, इसमें प्रदेश सरकार का कोई दखल नहीं है।

कांग्रेस नेताओं को बदनाम करने की कोशिशें हो रही है : भूपेश बघेल

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि ईडी अधिकारियों को मेरे निवास से कुछ नहीं मिला है। मेरे घर की तलाशी में मंतूराम और पुनीत गुप्ता के बातचीत की पेनड्राइव मिली है। रमन सिंह के पुत्र अभिषाक सिंह के कंपनी के बांड पेपर मिला है, सीएम मैडम वाली फाईल पड़ा हुआ था, जिनका नाम सुनते ही उन्होंने छोड़ दिया यह पेपर नहीं ले गये। उन्होंने कहा कांग्रेस नेताओं को बदनाम करने की कोशिशें हो रही है। यह छापेमारी मुझे बदनाम करने का सुनियोजित षड़यंत्र था। ईडी की यह छापेमारी प्रतिशोध के तहत की गई है। हम लोग यहा संयुक्त परिवार में रहते है। साथ ही हमारा व्यवसाय किसानी है। हम 140 एकड़ में खेती करते है। हमारे पास जो पैसा घर में है वह खेती और डेयरी व्यवसाय की आय का पैसा मिला है।

छत्तीसगढ़ में ऊर्जा क्रांति 3 लाख करोड़ का निवेश

चार तरह के पावर प्लांट से बनेगी अपार ऊर्जा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ अब ऊर्जा क्रांति की ओर तेजी से बढ़ रहा है। रायपुर में हुए 'छत्तीसगढ़ एनर्जी इंवेस्टर्स समिट' में कई बड़ी कंपनियों ने 3 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश का ऐलान किया है। इस निवेश से राज्य में परमाणु, थर्मल, सौर और पंप्ड स्टोरेज जैसे क्षेत्रों में बिजली उत्पादन के नए प्रोजेक्ट शुरू होंगे। इससे न केवल उद्योगों को फायदा मिलेगा, बल्कि आम लोगों को भी सस्ती और निरंतर बिजली मिल सकेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कहना है कि छत्तीसगढ़ में ऊर्जा के क्षेत्र में यह निवेश राज्य की बिजली उत्पादन क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देकर हरित भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। हमारा लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ न केवल ऊर्जा में आत्मनिर्भर बने, बल्कि पूरे देश के लिए एक ऊर्जा हब के रूप में स्थापित हो। छत्तीसगढ़ पहले से ही 30,000 मेगावाट बिजली का उत्पादन कर रहा है, जो देश के औसत से ज्यादा है। अब हर व्यक्ति को 2048 किलोवाट-घंटे बिजली मिल रही है, जिससे राज्य की ऊर्जा जरूरतें पूरी हो रही हैं। परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एनटीपीसी ने 80,000 करोड़ रुपये की लागत से 4200 मेगावाट क्षमता का न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट लगाने की योजना बनाई है।

➤शेष पेज 12 पर

प्रमुख निवेश और योजनाएं

परमाणु ऊर्जा साफऔर कुशल ऊर्जा उत्पादन के लिए 80,000 करोड़ का निवेश। राज्य की ताप विद्युत क्षमता को मजबूत करने के लिए 1,07,840 करोड़। सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विस्तार के लिए 10,000 करोड़। किसानों के बीच सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 4,100 करोड़। ग्रिड स्थिरता के लिए ऊर्जा भंडारण में 57,046 करोड़। सौर ऊर्जा विस्तार के लिए 3,200 करोड़। राष्ट्रीय सौर छत परियोजना के तहत 6,000 करोड़। सरकारी भवनों में सौर ऊर्जा सरकारी इमारतों में सौर ऊर्जा अपनाने के लिए 2,500 करोड़। ऊर्जा भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए 2,600 करोड़। पावर ट्रांसमिशन नेटवर्क बिजली पारेषण नेटवर्क को उन्नत करने के लिए 17,000 करोड़। वितरण बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए 10,800 करोड़ रूपए का निवेश किया जाएगा।

मतदाता सूची पर उठाये जा रहे सवालों को लेकर सदन में चर्चा करायी जानी चाहिये : राहुल गांधी

एजेंसी ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मतदाता सूची को लेकर विपक्ष के उठाये जा रहे सवालों को लेकर सोमवार को कहा कि सदन में इस पर चर्चा करायी जानी चाहिये। गांधी ने शून्य काल के दौरान मतदाता सूची में गड़बड़ियों को लेकर विपक्षी सदस्यों की ओर से उठायी गयी आपत्तियों के बीच कहा कि पूरे देश में मतदाता सूची को लेकर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरा विपक्ष मतदाता सूचियों को लेकर सवाल उठा रहा है और आपत्तियां दर्ज करा रहा है। इस मुद्दे पर सदन में चर्चा करायी जानी चाहिये। इससे पहले तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय ने कहा कि मतदाता सूची को लेकर जैसा हरियाणा और असम में किया गया, वैसा ही अन्य राज्यों में करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापक छानबीन के बाद मतदाता सूचियों को संशोधित किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ठीक ढंग से काम करेंगे, तो सब ठीक रहेगा।

रेलवे संशोधन विधेयक को संसद की मंजूरी पांच वर्ष में सभी ट्रेनों में कवच लगाने का संकल्प

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे में यात्री सुरक्षा के बारे में सरकार की पूर्ण प्रतिबद्धता को दोहराते हुए राज्यसभा में कहा कि नयी विकसित टक्कर रोधी प्रणाली कवच अगले पांच वर्षों में पूरे नेटवर्क पर लगा दी जायेगी। वैष्णव ने सदन में रेल संशोधन (विधेयक) 2024 पर करीब तीन घंटे से अधिक चली चर्चा का जवाब देते हुए महाकुंभ के दौरान नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के दौरान सीसी टीवी कैमरे बंद किये जाने के विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कोई कैमरा बंद नहीं किया गया था। रेल मंत्री के जवाब के बाद सदन ने विपक्ष के संशोधन प्रस्तावों को खारिज करते हुए विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

ट्रम्प ने मंदी की संभावना से नहीं किया इनकार

वार्ता ➤ वाशिंगटन
www.dailypioneer.com

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने संभावित मंदी की संभावना से इनकार करते हुए वैश्विक बाजारों में बढ़ती अस्थिरता के बावजूद देश की वित्तीय स्थिति को संक्रमण का दौर बताया है। रिपब्लिकन राष्ट्रपति की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका चीन, मैक्सिको और कनाडा सहित प्रमुख भागीदारों के साथ एक गंभीर वाणिज्यिक मुकदमों में हिस्सा ले रहा है। ट्रम्प से 'फॉक्स' न्यूज के साथ पहले से रिकॉर्ड किए गए साक्षात्कार के दौरान अर्थव्यवस्था में मंदी के जोखिम के बारे में पूछा गया, जिस पर उन्होंने जवाब दिया, 'मुझे ऐसी चीजों की भविष्यवाणी करना पसंद नहीं है। संक्रमण का दौर है क्योंकि हम जो कर रहे हैं वह बहुत बड़ा है। हम अमेरिका में धन वापस ला रहे हैं। यह एक बड़ी बात है। चीन के चिकन, बीफ, पोर्क, गेहूं और सोयाबीन सहित अमेरिकी कृषि उत्पादों पर 10 से 15 प्रतिशत के बीच जवाबी टैरिफ लगाये जाने के बाद अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध तेज हो गया है।

पटाखा दुकान में लगी आग तीन बच्चों समेत पांच की मौत

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

इस भयावाह घटना में भंडारिया निवासी अशोक केसरी 35 वर्ष, गोदरमाना निवासी नयन केसरी 10 वर्ष, श्रेयांश केशरी उर्फ भोला 8 वर्ष, दुकानदार कुश गुप्ता 48 वर्ष, बूढ़ा परास निवासी सहायिका सुशीला केरकेट्टा 14 वर्ष की मृत्यु हो गई।

छत्तीसगढ़ प्रदेश के बॉर्डर से लगे हुए झारखंड प्रदेश के ग्राम गोदरमाना में दोपहर के समय पटाखा दुकान में आग लगने के कारण पांच लोगों की मौत हो गई। जानकारी अनुसार गढ़वा जिला के रंका थाना अंतर्गत ग्राम गोदरमाना में दोपहर के समय पटाखा दुकान में बाहर लगाए हुए चौकी पर आग लग गई। आग से बचने के लिए दुकानदार सहित सभी व्यक्तियों में दुकान के अंदर घुसकर शूटर को बंद कर दिया इसी दरमियान आग दुकान में भी जा पहुंची। घटना की सूचना तत्काल रंका पुलिस को दी गई। तथा इसकी सूचना रामानुजगंज के नगर पालिका परिषद में फोन कर दी गई। आग बुझाने के बाद जेसीबी से दुकान के पिछे हिस्से को तोड़कर सभी व्यक्तियों को बाहर निकल गया और तत्काल रामानुजगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भेजा गया। जहां डॉक्टरो ने जांच उपरांत सभी को मृत घोषित कर दिया। उक्त घटना की खबर लगते ही पूरे नगर वासी अस्पताल में देखने के लिए पहुंच गए जहां परिजनों की चीज पुकार सुनकर सभी की आंखें भर आई। मृत व्यक्तियों के पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को शव दे दिया गया है।

विपक्ष के बहिर्गमन पर बोले नड्डा, संसद की गरिमा को पहुंचायी जा रही है ठेस

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने सोमवार को विपक्ष पर नियम 267 के माध्यम से गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि इस तरह से संसद की गरिमा को ठेस पहुंचायी जा रही है। नड्डा ने कहा कि सरकार नियम के तहत किसी भी मुद्दे पर चर्चा कराने के लिए तैयार है। उप सभापति हरिवंश द्वारा विपक्ष के सदस्यों के विभिन्न मुद्दों पर नियम 267 के तहत दिये गये कार्यस्थगन के प्रस्तावों के नोटिसों को नामंजूर किये जाने के विरोध में कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष के सदन से बहिर्गमन पर नड्डा ने यह बात कही। विपक्षी सदस्यों के बहिर्गमन के बाद नड्डा ने कहा कि यह देखा गया है कि सदस्य नियम 267 के तहत नोटिस देते हैं और सदन से बहिर्गमन करते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रथा विपक्ष द्वारा संसद की गरिमा को ठेस पहुंचाने का प्रयास है। विपक्ष का मकसद चर्चा करना नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार नियमों के तहत किसी भी मुद्दे पर बहस के लिए तैयार है।

प्लास्टिक कचरे का उन्मूलन, स्वस्थ जीवन शैली जलवायु परिवर्तन से निपटने को जरूरी : भूपेंद्र यादव

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन तथा श्रम और रोजगार मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि ई-कचरे का प्रबंधन, एकल उपयोग प्लास्टिक का उन्मूलन और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना जलवायु परिवर्तन की चुनौती का सामना करने के लिए जरूरी है। यादव आयोजित स्वदेशी ज्ञान परंपरा और धारणक्षम विकास पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। मुख्य अतिथि यादव ने इस अवसर पर जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध आवश्यक उपायों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा, जल, और खाद्य संरक्षण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, ई-कचरे का प्रबंधन, एकल उपयोग प्लास्टिक का उन्मूलन और स्वस्थ जीवनशैली तकनीकी विकास के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को दोहराया और पृथ्वी के प्रति आभार और सेवा की भावना जागृत करने का आह्वान किया।

मंत्री लखनलाल देवांगन को भाजपा ने जारी किया शो-कॉज नोटिस

रायपुर। राज्य के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन से पार्टी ने जवाब मांगा है। कोरबा निगम सभापति चुनाव में हुए बागी प्रत्याशी की जीत पर पार्टी ने ये एक्शन लिया है। दरअसल कोरबा नगर में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी हितानंद अग्रवाल को हराकर भाजपा के ही बागी नूतन सिंह ठाकुर ने सभापति का चुनाव जीता था। इस बड़े उलटफेर के बाद भाजपा ने नवनिर्वाचित सभापति नूतन सिंह ठाकर को पार्टी से बाहर कर दिया था। मामले को लेकर प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के निर्देश पर लखनलाल देवांगन को भी पार्टी ने शो कॉज नोटिस जारी किया है।

नव निर्वाचित सरपंच कृपाराम चौहान ने किया पेंशनरों को सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा बसना के मासिक बैठक ग्राम उड़ेला (भंवरपुर) में रखी गई। नव निर्वाचित सरपंच कृपाराम चौहान द्वारा पेंशनरों को आमंत्रित कर श्रीफल से सम्मानित किया। प्राप्त जानकारी अनुसार विजेंद्र सिंह सिदार सेवा निवृत व्याख्याता द्वारा पेंशनरों के लिए भोज का आयोजन किया गया। डॉ बीपी साहू के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पेन व डायरी से सभी पेंशनरों को सम्मानित किया। गुलाब किशोर स्वर्णकार एवं प्यारेलाल सिदार रघुलाल पटेल को साल श्रीफल से सम्मानित कर दीर्घायु होने की कामना की गई। गणपत लाल मोरी पेंशन असोसिएशन संघ को छोड़ कर छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा बसना में सम्मिलित हो गए सभी पेंशनरों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में युधिष्ठिर कर, कमल लोचन प्रधान, रविलाल पटेल, डॉ बीपी साहू, गुलाब सिंह तोमर, विजेन्द सिंह सिदार, आरबी प्रधान, सुरेंद्री बारीक रमुला सिदार मंचासिन थे। सचिव आरबी प्रधान द्वारा पेंशनरों को वार्षिक शुल्क जमा करने को कहा। पेंशन भवन निर्माण हेतु जो दान दाता दान हेतु घोषणा किया है वे जमा कर देवे तथा दानदाताओं की सूची में अंकित करा लेवे। पेंशनरों को पेंशन संबंधी कठिनाइयों को निराकरण करने में मदद करने को कहा गया है। गुलाब किशोर स्वर्णकार, रास बिहारी प्रधान, युधिष्ठिर कर, सीताराम प्रधान, वैष्णव पात्र, लक्ष्मीनारायण पांडे, रघुराम पटेल, त्रिविक्रम प्रधान, जगदीश सिंह नेताम, शोभाराम साव, उत्तम सिंह चंद्रवंशी, माधव देवता, ऋषिकेश वैष्णव, गोकुल चंद नायक, भरतलाल साहू, भिखारी लाल साहू, दुर्लभ प्रधान, सुभाषचंद्र प्रधान, साबित राम डड़सेना, प्यारेलाल सिदार, आरक्षित कुमार नाग, एसके बुडेक, गुलाब सिंह तोमर, विजेन्द सिंह सिदार, रविलाल पटेल, कमल लोचन प्रधान उपस्थित रहे। यह जानकारी गुलाब किशोर स्वर्णकार ने दी।

निर्माणाधीन औद्योगिक पार्क पहुंचे कलेक्टर, काम तेज करने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जी-जामगांव में विकसित हो रहे औद्योगिक पार्क क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने इस क्षेत्र में विकसित की जा रही सुविधाओं की जानकारी अधिकारियों से ली। कलेक्टर ने इस औद्योगिक पार्क में चल रहे निर्माण कार्यों को तेज करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने औद्योगिक पार्क में काम करने वाले श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने औद्योगिक पार्क क्षेत्र में सड़क बनाने का काम पूरी गुणवत्ता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सड़क के काम में कोताही बरतने पर कड़ी कार्रवाई और लागत राशि वसूलने की भी सख्त हिदायत दी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के पास जी-जामगांव में लगभग 10 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर सामान्य औद्योगिक क्षेत्र विकास का कार्य तेजी से किया जा रहा है। राज्य सरकार की औद्योगिक नीति के प्रावधानों के अनुसार इस क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के उद्योगों को स्थापित करने के लिए छूट एवं अनुदान आदि सभी सुविधायें उपलब्ध कराई जाएंगी। औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों को आवश्यकता अनुसार अलग-अलग आकार के 40 भूखण्ड उपलब्ध कराए जाएंगे। कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र में पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने पानी की उपलब्धता और नाली निर्माण का काम तेजी से करने को कहा। कलेक्टर ने परिसर में निर्माणाधीन पानी टंकी के काम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इस काम को भी निर्धारित मापदण्डों के अनुसार पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पूरे परिसर में उद्योगों की जरूरतों के अनुसार बिजली की भी व्यवस्था निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्याप्त क्षमता के ट्रांसफार्मर लगाने, स्ट्रीट लाईट आदि के लिए भी अभी से प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

सर्व ब्राह्मण रायपुरा ने किया दुर्गा शक्ति सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

महिला दिवस पर सर्व ब्राह्मण समाज ने विशेष सक्रिय समाज सेवी महिलाओं को दुर्गा शक्ति सम्मान से सम्मानित किया। महादेव घाट स्थित शिवशंकर सभागार में समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा के मुख्य आतिथ्य तथा महादेव घाट परिक्षेत्र महिला अध्यक्ष रत्ना शर्मा, रायपुरा अध्यक्ष शिखा शर्मा की विशेष उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में 11 विशेष सक्रिय समाजसेवी महिलाओं को शाल, श्रीफल तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर उक्त सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त महिलाओं में मुख्य रूप से वीणा तिवारी, सुधा शर्मा, शारदा मिश्रा, सुनंदा दुबे, कविता शर्मा, रश्मि शर्मा, वैजयंती चतुर्वेदी सहित समाज सेवी महिलाएँ शामिल थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने महिला दिवस के महत्व को प्रतिपादित किया। उन्होंने कहा कि नारी है तो सृष्टी है, सृष्टि है तो हम है।

अपना स्टार्टअप शुरू करने वाली ईशा का कलेक्टर ने किया सम्मान कारोबार को आगे बढ़ाने हरसंभव सहायता देने का भी आश्वासन दिया

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी जैसे छोटे शहर से सफल स्टार्टअप शुरू कर अपने उत्पादों को देश-विदेश में बेचने वाली शहर की ईशा झंवर ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से सौजन्य मुलाकात की। कलेक्टर मिश्रा ने ईशा को प्रदेश के युवाओं खासकर युवतियों-महिलाओं के लिए रोल मॉडल बताते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने ईशा जैसी युवतियों को आने वाले दिनों में देश-प्रदेश के विकास की महत्वपूर्ण धुरी बताया और ईशा को उसके व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने ईशा से उसके व्यवसाय, उसे चलाने में आई परेशानियों के साथ उनके सफल समाधान के बारे में पूछा। कलेक्टर ने ईशा के प्रतिष्ठित टीवी कार्यक्रम शॉर्क टैंक तक पहुंचने पर बधाई भी दी। मिश्रा ने उद्योग विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों को ईशा की सहायता से स्थानीय स्तर पर युवाओं को अपने स्टार्टअप शुरू करने और अलग-अलग तरह के व्यवसायों के प्रति प्रेरित करने के लिए कार्यशाला आदि आयोजित करने के भी मौके पर ही निर्देश दिए। धमतरी की ईशा झंवर ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत सरकारी मदद से अपने मूल उद्योग धनश्री फुड के माध्यम से कैमिकल फ्री खाद्य पदार्थ बनाने का स्टार्टअप शुरू किया है। ईशा धमतरी के लोहरसी में उत्पादन यूनिट लगाकर कैमिकल फ्री टोमेटो कैचप, इमली कैचप, मनोनिस, पिज्जा- पास्ता सॉस जैसे उत्पाद बना रहीं हैं। ईशा को इसके लिए 40 लाख रूपये का ऋण और राज्य के उद्योग विभाग के माध्यम से 10 लाख रूपये की सरकारी सब्सिडी भी मिली है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से मुलाकात के दौरान ईशा ने बताया कि उनकी फैक्ट्री में गुड़-टमाटर पेस्ट, इलाईची, काली मिर्च, लौंग जैसे कैमिकल फ्री पदार्थों से उत्पाद बनाए जाते हैं। इनमें किसी तरह के रसायनिक पदार्थ या कलर आदि नहीं मिलाए जाते। ईशा ने बताया कि उनके उत्पादों को एफएसएसएआई से भी मान्यता मिली है। वे अपने उत्पादों का विपणन रीपिट गुड नाम की मार्केटिंग एजेंसी के माध्यम से करतीं हैं। कलेक्टर ने ईशा से इनके उत्पादों के बाजार और लॉजिस्टिक आदि के बारे में भी जानकारी ली। ईशा ने बताया कि उनका अधिकांश उत्पादन मुंबई, दिल्ली और बैंगलोर जैसे महानगरों में ही बिक जाता है। अन्य शहरों में भी इन उत्पादों के लिए बाजार तैयार करने में वे लगीं हैं। ईशा ने बताया कि वे आने वाले दिनों में अधिक खपत वाले शहरों में वेयर हाउस भी शुरू करेंगी, जहां उत्पादों को मांग के अनुसार निर्धारित मात्रा- संख्या में स्टोर करके रखा जा सकेगा। ईशा ने यह भी बताया कि जल्द ही उनकी योजना अपनी उत्पादन यूनिट का विस्तार करने की भी है।

सी-मार्ट के उत्पादों की ब्रॉडिंग-मार्केटिंग पर जोर, कलेक्टर मिश्रा ने किया हाईवे सी-मार्ट का अवलोकन

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

महिला समूह से ली जानकारी, अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

धमतरी जिले में संचालित सी-मार्ट स्टोरों में उपलब्ध स्थानीय उत्पादों की पैकेजिंग, ब्रॉडिंग और मार्केटिंग में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जगी है। इससे सी-मार्ट संचालित करने वाले महिला स्व सहायता समूहों के साथ-साथ स्थानीय उत्पाद बनाने वाले लोगों को भी आगे चलकर अच्छा फायदा हो सकेगा।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित हाईवे सी-मार्ट का आकस्मिक अवलोकन किया। उन्होंने सी-मार्ट को संचालित करने वाली महिलाओं से चर्चा की और उनसे सी-मार्ट संचालन की विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने सी-मार्ट में उपलब्ध स्थानीय उत्पादों की जानकारी ली और उत्पादों को बनाने से लेकर सी-मार्ट तक लाने तक में होने वाले खर्चे और लागत के बारे में भी पूछा। कलेक्टर मिश्रा ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित इस सी-मार्ट को आधुनिक तरीके से संचालित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने जिले के सभी सी-मार्टों में मिलने वाले उत्पादों की पैकेजिंग आकर्षक तरीके से करने और उनकी ब्रॉडिंग-प्रचार-प्रसार आदि करने पर भी जोर दिया। कलेक्टर ने स्थानीय स्तर पर बुनकरों, शिल्पियों, कुम्हारों, महिला स्व सहायता समूहों द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों की मार्केटिंग पर भी जोर देते हुए इनके बारे में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ-साथ उत्पादों के उपयोग और उनसे होने वाले फायदों के बारे में भी लोगों को बताने के निर्देश दिए। सी-मार्ट में प्राकृतिक रूप से वनांचलों के उत्पादों के साथ-साथ मिलेट्स, कोदो-कुटकी, रागी, सांवा आदि की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित करने के निर्देश भी कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए। उन्होंने हाईवे पर आने-जाने वाले लोगों को जानकारी देने और लोगों की आवाजाही बढाने के लिए सी-मार्ट को दूर से ही प्रदर्शित कर सकने वाले साईन बोर्ड लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में पुष्य नक्षत्र पर स्वर्णप्राशन किट व बाल रक्षा किट का किया जाएगा वितरण

रायपुर। राजधानी रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में पुष्य नक्षत्र पर 10 मार्च को स्वर्णप्राशन किट तथा बाल रक्षा किट का वितरण किया जाएगा। साथ ही शून्य से 16 वर्ष तक के बच्चों का स्वर्णप्राशन भी कराया जाएगा। पुष्य नक्षत्र पर 10 मार्च को स्वर्णप्राशन के लिए आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय पहुंचने वाले पहले 800 बच्चों को अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान नई दिल्ली से प्राप्त स्वर्णप्राशन किट एवं बाल रक्षा किट वितरित किए जाएंगे। सवेरे दस बजे से साढ़े 11 बजे तक इनका वितरण किया जाएगा। इसके लिए बच्चे के आधार कार्ड के साथ माता-पिता का मोबाइल नंबर दर्ज कराना होगा। आयुष विभाग की संचालक इफ्फत आरा, संयुक्त संचालक डॉ. सुनील दास तथा आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी भी बच्चों को स्वर्णप्राशन किट एवं बाल रक्षा किट वितरण के दौरान उपस्थित रहेंगे। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में हर पुष्य नक्षत्र की तरह 10 मार्च को भी सवेरे नौ बजे से दोपहर दो बजे तक शून्य से 16 वर्ष तक के बच्चों का निःशुल्क स्वर्णप्राशन कराया जाएगा।

ग्राम तर्रा के सरपंच ने कन्या दान में दिए 5000 रूपये

रायपुर। रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाई पर वचन न जाई, इसी बात को सच साबित कर दिखाया है ग्राम पंचायत तर्रा, विकासखंड धरसींवां के नव निर्वाचित सरपंच सीमा राकेश वर्मा ने, उन्होंने अपने घोषणा पत्र में यह घोषणा किया था कि चुनाव जीतने पर गांव में कन्या विवाह होने पर उनके द्वारा कन्या को दान के रूप में राशि रुपए 5000 सहयोग राशि प्रदान करेंगी। यही घोषणा के आधार पर ग्राम के गिरवर निषाद की पुत्री मानशी निषाद को उनके विवाह के अवसर पर कन्या दान के रूप में राशि प्रदान किया गया। जिस पर गिरवर निषाद ने सरपंच को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर गांव के पंचगण मनीष वर्मा, किशोर निराला, हेमलता निषाद, पूर्णिमा निषाद, मंजू निषाद, शिवकुमारी मिर्झा सहित प्रबुद्ध ग्रामीण जन मौजूद रहें।

प्राथमिक शाला-करनापाली में बाल केबिनेट के प्रधानमंत्री कु छवि साहू का जन्मदिन मनाया

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

बसना विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया बीआरसीसी डॉ पूर्णानंद मिश्रा, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार शुक्ला, बद्री विशाल जोल्हे, एवं लोकेश्वर सिंह कंवर के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति आहार अंतर्गत प्राथमिक शाला-करनापाली में बाल केबिनेट के प्रधानमंत्री कु छवि साहू (कक्षा 5वीं) के हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया। संस्था प्रमुख डॉ गिरधारी साहू एवं डॉ वीरेंद्र कुमार कर ने मां भारती मां सरस्वती के तैल चित्र के पूजन व केक काटकर धूमधाम से मनाया और उन्हें जन्मदिन की अशेष शुभकामनाएं दी। जन्मदिन के अवसर पर उनके पालक दशोदा भुनेश्वर साहू द्वारा विद्यालय परिवार को आंशिक न्योता भोज के रूप में लडडू, जलेबी एवं केला आदि दिया गया। इस प्रकार के आयोजन से ग्रामीणों पालकों ने अत्यंत हर्ष व्यक्त किया।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक ली, विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विनय लंगेह ने राजस्व अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर विभिन्न राजस्व योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रशासनिक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में किसान पंजीयन, डिजिटल क्रॉप सर्वे, लोक सेवा गारंटी, नक्शा अपडेशन और राजस्व मामलों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। इसके अलावा उन्होंने आगामी होली पर्व को देखते हुए विभिन्न स्तरों पर शांति समिति की बैठक की तैयारियों का भी जायजा लिया गया। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों का पंजीयन 20 मार्च तक समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पात्र किसान पंजीयन से वंचित न रहे और प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। अभी तक 1 लाख 30 हजार किसानों के लक्ष्य के विरुद्ध 64 हजार 924 किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। कलेक्टर ने सभी तहसीलों में प्रतिदिन एक हजार किसानों का पंजीयन का लक्ष्य दिया है। इसके साथ ही पंजीयन पश्चात पटवारियों को अप्रूवल करने के निर्देश भी दिया हैं। बैठक में कलेक्टर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत जिले में सटीक डाटा तैयार किया जा रहा है। कलेक्टर ने सर्वे कार्य को शीघ्र और सही तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि सही आंकड़े उपलब्ध कराए जा सकें। उन्होंने जिन तहसीलों में कार्य शुरू नहीं हुआ है वहां सर्वे कार्य करने के निर्देश दिए हैं। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाली सेवाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नागरिकों को तय समय-सीमा में सेवाएं प्रदान की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इनकी सतत समीक्षा होनी चाहिए। जिले में नक्शा अपडेटेशन की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी भू-अभिलेख डिजिटल रूप में अपडेट किए जाएं और इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जाए। कलेक्टर ने लंबित राजस्व प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल्द से जल्द इनका निराकरण करें। उन्होंने खासतौर पर नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे मामलों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी होली और ईद पर्व को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तहसील स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित करने की जानकारी ली गई।

गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष ने किया गौशाला का निरीक्षण

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेसर पटेल ने जिले में प्रवास के दौरान विकासखण्ड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पौंसरी में संचालित खुशी गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। पटेल ने गौशाला समिति की आवश्यक बैठक लेकर निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 15 मई को 10 विभिन्न ग्रामों से 10-10 किसानो का चयन कर उक्त किसानो को गौ-आधारित जैविक कृषि संबंधित प्रशिक्षण आयोजन किया जाए एवं किसानो को गौ-पालन के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। गौधाम स्थापना से संबंधित विषयो पर कलेक्टर दीपक सोनी एवं उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएँ डॉ नरेन्द्र सिंह से विस्तृत चर्चा की। उन्होने प्रत्येक विकासखंड में नेशनल हाईवे तथा स्टेट हाईवे से लगे हुए 10-10 ग्रामों का चिन्हांकन करने निर्देशित किया ताकि आगामी दिनों में गौधाम की स्थापना कर निराश्रित एवं बेसहारा घुमंतू पशुओं का समुचित रख-रखाव हो सके एवं सड़क दुर्घटना तथा आकस्मिक जान-माल की हानि होने से रोका जा सके।

पुलिस ने एक दिवसीय फिंगरप्रिंट संबंधी कार्यशाला का किया आयोजन

कार्यशाला में घटना स्थल में फिंगरप्रिंट से संबंधित साक्ष्य को सुरक्षित रखना, फिंगरप्रिंट स्लिप तैयार करना आदि के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

क्रिमनल प्रोसेडर ऑफ आईडेंटीफिकेशन एक्ट 2022 के अनुसार एवं नए कानून में समस्त धाराओं में दर्ज अपराधों में गिरफ्तार आरोपी, संदेही, निगरानी, गुंडा बदमाशों, अज्ञात मृतकों के फिंगरप्रिंट स्लिप तैयार करना है। वर्तमान में जिला मुख्यालय में केंद्र की महत्वाकांक्षी योजना एनएएफआईएस (नेशनल आटोमेटिक फिंगरप्रिंट आईडेंटिफिकेशन सिस्टम) संचालित है। उक्त के तारतम्य में तथा फिंगरप्रिंट के संबंध में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा पुलिस कार्यालय सभाकक्ष बलौदाबाजार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षक राकेश नरवरे फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट, रायपुर संभाग द्वारा घटनास्थल में फिंगरप्रिंट से संबंधित साक्ष्य को सुरक्षित करना, गिरफ्तार, संदेही व्यक्तियों, मर्ग प्रकरणों में मृतकों एवं विभिन्न प्रकरणों में फिंगरप्रिंट स्लिप तैयार करना आदि के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक द्वारा एनएएफआईएस का महत्व एवं उपयोग के संबंध में कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागियों को जानकारी दिया गया, उन्होंने कहा कि अब नए कानून के तहत समस्त धाराओं में दर्ज अपराधों में फिंगरप्रिंट का एक अपना अलग महत्व है। अब गिरफ्तार व्यक्तियों, सजायाबी, मुसाफिर, पूछताछ हेतु संदिग्ध व्यक्तियों, अज्ञात मृतकों का फिंगरप्रिंट लेना अनिवार्य है, इसलिए प्रशिक्षण में सिखलाई जा रही बातों को पूरी तन्मयता के साथ सुने एवं बताई जा रही प्रक्रिया को ग्रहण करें। इस दौरान प्रशिक्षण कार्यशाला में विभिन्न थाना एवं चौकी पदस्थ तथा कोर्ट मोहर्रिर के कार्य में संलग्न 44 की संख्या में पुलिस स्टाफ उपस्थित थे।

चैंपियन भारत - गर्व का पल : डॉ. सलीम राज

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज ने भारत को जीत की बधाई दी और कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर भारत ने अपनी क्रिकेट श्रेष्ठता का परचम लहराया है। यह जीत 140 करोड़ भारतीयों के सपनों, जुनून और विश्वास की जीत है। रोहित शर्मा की शानदार कप्तानी, खिलाड़ियों की मेहनत और पूरे देश के समर्थन ने इसे ऐतिहासिक बना दिया। यह जीत हर भारतीय के दिल में गर्व और उल्लास भर देती है।

केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थी सीखेंगे चित्रकारी की बारीकियां, प्रयोगशाला सामग्री मिलेगी, पानी की समस्या का भी होगा समुचित समाधान

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

कुरूद के पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थी आर्ट (चित्रकारी) की बारीकियां सीखेंगे। इसके लिए विद्यालय में चित्रकला की कक्षाएं लगाई जाएंगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों को प्रयोगशाला सामग्रियां भी पर्याप्त मात्रा में मिलेंगी। कलेक्टर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अबिनाश मिश्रा ने कुरूद के केन्द्रीय विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में दर्ज विद्यार्थियों, पढ़ने-पढ़ाने के लिए उपलब्ध कमरों सहित अन्य सुविधाओं के बारे में उपस्थित प्राचार्य से जानकारी ली। कलेक्टर ने विद्यालय भवन का निरीक्षण भी किया। इस दौरान कुरूद के एसडीएम नभ कुमार कोसले भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने बच्चों को फाईन आर्ट की कला सिखाने के लिए जरूरी इंतजाम, शिक्षक आदि की व्यवस्था करने के निर्देश प्राचार्य को दिए। उन्होंने चित्रकारी की कक्षाएं शुरू करने के लिए जरूरी सामग्री आदि समय पर उपलब्ध कराने का आश्वासन प्रबंधन को दिया। अपने निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मिश्रा ने प्रयोगशालाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्राचार्य की मांग पर प्रयोगशाला सामग्रियों के लिए मांगपत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। विद्यालय की प्राचार्य ने विद्यालय भवन में पार्किंग की व्यवस्था और डोम निर्माण की भी मांग रखी। कलेक्टर ने इसके लिए विधिवत् प्रस्ताव तैयार कर प्राक्कलन भेजने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने विद्यालय में पानी की समस्या बताए जाने पर उसके निराकरण के लिए तत्काल योजना बनाने को भी कहा। कलेक्टर ने अपने निरीक्षण के दौरान चल रही परीक्षाओं के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों को शांति एवं अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश प्राचार्य को दिए। कलेक्टर ने विद्यालय में अध्ययनरत 6 वर्ष की आयु पूरी कर चुके विद्यार्थियों के आधार कार्ड अपडेशन के लिए शिविर लगाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

अदाणी फाउंडेशन ने 120 महिलाओं को सम्मानित किया, आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अदाणी फाउंडेशन का नारी शक्ति सम्मान

पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस नारी शक्ति, समानता और आत्मनिर्भरता का उत्सव है, जो पूरे विश्व में महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करने और उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है, जिससे उन्हें नए अवसरों की ओर अग्रसर किया जा सके। इस अवसर पर अदाणी फाउंडेशन और अदाणी पावर लिमिटेड रायपुर द्वारा ग्राम तिल्दा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अदाणी फाउंडेशन ने इस अवसर पर 120 महिलाओं को सम्मानित किया, जिनमें 22 महिलाएं सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी विभाग से तथा अदाणी महिला क्लब की अन्य सदस्य शामिल थीं। यह सम्मान उनके द्वारा समाज और संगठन के विकास में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनीता वैद्य तथा विशिष्ट अतिथि श्रीकांत वैद्य, स्टेशन हेड, अदाणी पावर लिमिटेड सहित कई गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित रहे। इस अवसर पर अदाणी पावर लिमिटेड के अधिकारी गण भी विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीपक कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए की। इस मौके पर सुनीता वैद्य ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने कौशल को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, श्रीकांत वैद्य ने अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों की सराहना की और इन्हें और मजबूती से आगे बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में ग्राम स्तर पर संचालित रिपा गारमेंट सेंटर की महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जिससे वहां मौजूद दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। बच्चों ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में रंग भर दिए। इस अवसर पर एक वूमन थीम सॉन्ग भी प्रस्तुत किया गया, जिससे महिलाओं के समाज में योगदान को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम के अंत में एचआर हेड ने सभी का आभार व्यक्त किया और महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा, अदाणी फाउंडेशन महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। हमारा उद्देश्य महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस आयोजन का उददेश्य महिलाओं को सम्मानित करना, उनके सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना और उनके योगदान को समाज के समक्ष प्रस्तुत करना था। अदाणी फाउंडेशन ने इस अवसर पर अपने संकल्प को दोहराया कि वे आगे भी महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। गौरतलब है कि अदाणी फाउंडेशन महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक विकास के लिए समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन करता रहता है। इस प्रकार की पहलों से न केवल ग्रामीण महिलाओं का मनोबल बढ़ता है, बल्कि पूरे समुदाय को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। अदाणी पावर लिमिटेड, रायपुर के सामाजिक सरोकारों के तहत अदाणी फाउंडेशन द्वारा ग्राम रायखेड़ा, भाटापारा, गैतरा, खपरी, चिचोली, मुरा, मोहरेंगा, गौरखेड़ा, ताराशिव, छतोद, कोनारी और खमहरिया सहित कुल 12 गांवों के होनहार बालकों की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत केन्द्रीय शिक्षण मण्डल से सम्बद्ध जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु निःशुल्क नवोदय कोचिंग केंद्र का संचालन किया जा रहा है। साथ ही अंचल में गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा, शिक्षा और आजीविका उन्नयन के कई कार्यक्रमों का संचालन भी नियमित रूप से किया जा रहा है।

महिला सशक्तिकरण एक विचार नही बल्कि एक आंदोलन है: सरोज पांडेय

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

पायनियर संवाददाता ⮜ उतई
www.dailypioneer.com

नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज की प्रगतिशील और प्रेरणादायी हस्तियों ने महिलाओं की भूमिका, अधिकारों और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि माननीय सरोज पांडे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा, महिला सशक्तिकरण केवल एक विचार नहीं, बल्कि एक आंदोलन है, जिसे हमें अपने जीवन में उतारना होगा। महिलाएँ जब शिक्षा और आत्मनिर्भरता के मार्ग पर आगे बढ़ती हैं, तो वे न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज को नई दिशा देती हैं। इस अवसर की मुख्य वक्ता डॉ. मानसी गुलाटी, प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ ने महिलाओं के स्वास्थ्य और जागरूकता पर जोर देते हुए कहा, स्वस्थ महिला ही सशक्त समाज की आधारशिला होती है। हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए और अपनी बेटियों को भी आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षित करना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राजन दुबे, अध्यक्ष, शैलदेवी एजुकेशनल सोसाइटी, भिलाई ने महिलाओं के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को सराहते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे महिलाएँ अपने अधिकारों को पहचान सकती हैं और समाज में अपनी सशक्त भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं डॉ. रजनी राय, विभागाध्यक्ष, शिक्षा ने अपने संबोधन में कहा, नारी शक्ति केवल प्रेरणा नहीं, बल्कि समाज के विकास की धुरी है। हमें अपनी बेटियों को अवसर देने होंगे ताकि वे अपनी प्रतिभा को दुनिया के सामने ला सकें। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं एवम् शिक्षकों ने नारी शक्तिः एक अनंत प्रेरणा को सजीव करते हुए काव्य प्रस्तुत किए जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गई। समाज में विशेष योगदान देने वाली महिलाओं को स्मरण किया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर अध्यक्ष महोदय द्वारा आमंत्रित अतिथि गणों को प्रतीक चिह्न भेंट कर उनका अभिवादन किया गया। पश्चात् धन्यवाद ज्ञापन करते हुए आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

जिला पंचायत के नव निर्वाचित सदस्यों का प्रथम सम्मिलन सफलतापूर्वक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ⮜ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत बेमेतरा के नव निर्वाचित सदस्यों का प्रथम सम्मिलन जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया। यह सम्मिलन पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़, विकास भवन नवा रायपुर अटल नगर के आदेश के तहत आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण सम्मिलन की अध्यक्षता जिला पंचायत बेमेतरा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष मती कल्पना योगेश तिवारी ने की, जबकि उपाध्यक्ष मती खुशबु गोविंद वर्मा भी विशिष्ट रूप से उपस्थित रहीं। सम्मिलन में भाग लेने वाले अन्य सदस्यगणों में अंजली नंदराम गंधर्व, हरीश पंचराम साहू, मती बालकुमारी ध्रुव, शशि प्रभा गायकवाड़, मती सुशीला जोशी, अंजू बघेल, मधु राय, देवी परमेश्वर वर्मा, प्रीती गोवेन्द्र वर्मा, अनिल वर्मा, अंजनी कुमार चंदेल, और राहुल योगराज टिकरिहा प्रमुख रूप से शामिल थे। उद्घाटन समारोह के दौरान सभी नव निर्वाचित सदस्यों का सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद, सभी सदस्यों को जिला पंचायत के अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचित कराया गया। इस दौरान, जिला पंचायत बेमेतरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद अग्रवाल ने सदस्यगणों को पंचायत के कामकाज, और छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। प्रमुख योजनाओं की जानकारी में विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वें वित्त आयोग के तहत मिलने वाले वित्तीय सहयोग, स्वच्छ भारत मिशन, और स्थायी समितियों के गठन से जुड़ी जानकारी शामिल थी। इन योजनाओं को सफलतापूर्वक कार्यान्वित करने के लिए जिला पंचायत की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथिगण में उप संचालक पंचायत प्रकाश कुमार मेश्राम, लेखाधिकारी लॉरेन्स कुमार, सहायक परियोजना अधिकारी सुरेश कंवर और अन्य सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।सम्मिलन का समापन भविष्य में होने वाले पंचायत कार्यों की दिशा और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के प्रति सभी सदस्यों की प्रतिबद्धता के साथ हुआ। सभी सदस्यों ने अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निभाने का संकल्प लिया।

शपथ ग्रहण समारोह मे नवनिर्वाचित पार्षद व पत्रकारों में झलकी नाराजगी

पत्रकारों के बैठने की उचित व्यवस्था नहीं

पायनियर संवाददाता ⮜ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

नगरपालिका चुनाव की परिणाम आने के पश्चात विजयी जनप्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित पार्षदो में व्यवस्था को लेकर आक्रोश उभरकर सामने आया,वहीं पर पत्रकारों में भी नाराजगी देखी गई। रायपुर जिला, तिल्दा-नेवरा नगरपालिका में भाजपा का नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा के अलावा 22 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह नियत समय से विलंब से संपन्न हुआ, जिसको लेकर कांग्रेस से चुने गए पाषदो ने शपथ ग्रहण में विलंबता के चलते मंच पर शपथ ग्रहण करने से वाक आउट हो गया। उनका यह भी आरोप था कि शपथग्रहण समारोह के मंच को बीजेपी करण कर दिया गया है, इन मसलो को लेकर कांग्रेसियों ने एस डी एम से नाराजगी भी व्यक्त किया। वहीं पर भाजपा से चुने गए पार्षदों में भी शपथ ग्रहण के पूर्व नाराजगी देखी गई, उनका कहना था कि शपथ ग्रहण के मंच पर लगे फ्लेक्स पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष के शिवाय किसी भी पार्षदों का फोटो नहीं लगा रहा, जिसके चलते नवनिर्वाचित पार्षदो में कानाफूसी हुई। विलंब से शुरू हुआ शपथग्रहण समारोह में केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, धरसीवां विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा व पर्यवेक्षक संतोष उपाध्याय ने शिरकत किया। समारोह के विलंबता व मंच को भाजपा करण करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के नवनिर्वाचित पार्षदों ने एस डी एम आशुतोष देवांगन से नगरपालिका कार्यालय में नवनिर्वाचित कांग्रेस पार्षदों का शपथ ग्रहण कराने का अनुरोध किया ,एस डी एम के इंकार कर देने से कांग्रेसी पार्षद मौके से चले गये, हालांकि बाद में उन्हें बुलाकर नगरपालिका कार्यालय में शपथ ग्रहण कराया गया । इधर पत्रकारों के लिए पत्रकार दीर्घा में भी बैठने का व्यवस्था नहीं होने से पत्रकारों के मध्य नाराजगी देखी गई।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से योगेश तिवारी ने की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ⮜ रायपुर
www.dailypioneer.com

बेमेतरा में जिला पंचायत चुनाव में रिकॉर्ड मतों से जीत तथा जिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर कल्पना योगेश तिवारी के निर्वाचन उपरांत किसान नेता तथा भाजपा नेता योगेश तिवारी ने विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भाजपा नेता योगेश तिवारी ने कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में बेमेतरा सहित पूरे प्रदेश में नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव मे भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। योगेश तिवारी ने विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह से मुलाकात कर बधाई, शुभकामनाएं प्रेषित की।

पार्षद प्रमोद कुमार रात्रे ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की

पायनियर संवाददाता ⮜ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका वार्ड क्रमांक 25 के पार्षद प्रमोद कुमार रात्रे ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की व उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा दल्लीराजहरा आगमन को लेकर आग्रह भी किया। प्रमोद ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ वायदे करती ही नहीं है बल्कि किए गए वायदों को निभाती भी है। प्रमोद ने आगे बताया कि नगर पालिका दल्लीराजहरा में प्रथम बार नगर पालिका गठन पश्चात 25 वर्षों के उपरांत भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बनी है।

पार्षद प्रमोद ने कहा कि आने वाले 5 वर्षों में सम्पूर्ण नगर और वार्ड क्रमांक 25 में अनेकों विकास के कार्य होंगे। प्रमोद ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को महतारी वंदन योजना की 13 वीं किस्त डालकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सभी माताओं और बहनों को होली के त्यौहार का उपहार दिया है।

'दीदियों की होली में खुशियों का रंग, हर्बल गुलाल बेचकर कमाई तीन हजार 740 रुपये

ग्राम पंचायत पुरई की महिलाएं बन रही आत्मनिर्भर

पायनियर संवाददाता ⮜ उतई
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत पुरई की महिलाओं द्वारा हर्बल गुलाल बनाने का कार्य किया जा रहा है। महिला स्व-सहायता समूह की ये महिलाएं पारंपरिक रूप से होली के रंग तैयार करने के कार्य में लगी हुई हैं। ग्राम पंचायत पुरई की महिलाएं अब हर्बल गुलाल के रूप में न केवल होली के रंग बनाने में लगी हुई है, साथ ही आत्मनिर्भरता की ओर भी कदम बढ़ा रही हैं।

इस समूह में लगभग 10-11 महिलाएं जुड़ी हुई हैं और इनकी मेहनत ने 100 किलो हर्बल गुलाल का उत्पादन किया। एक किलो गुलाल को 54 रुपये में बेचने के बाद इन महिलाओं ने कुल 3,740 रुपये का मुनाफा कमाया। यह प्रयास सिर्फ आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के आत्मविश्वास और सशक्तिकरण की कहानी भी बयां कर रही है। स्व-सहायता समूह की एक सदस्य, आयशा साहू, जो 12वीं कक्षा तक पढ़ाई कर चुकी हैं, ने इस परियोजना में अपनी भागीदारी को लेकर कहा कि उन्होंने 2 साल पहले ओम साई स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद हर्बल गुलाल बनाना शुरू किया। पिछले साल उन्होंने इस काम से लगभग 6,000 रुपये की आमदनी की, और इस साल भी बेहतर परिणाम की उम्मीद है। अब अन्य महिलाएं भी इस प्रेरणा से रोजगार के क्षेत्र में जुड़ रही हैं और परिवार को आर्थिक मदद प्रदान कर रही हैं। महिलाओं का यह प्रयास सिर्फ रोजगार का जरिया नहीं, बल्कि एक नई पहचान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन चुकी है।

एनएमडीसी ने महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

पायनियर संवाददाता ⮜ हैदराबाद/रायपुर
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, हाइबिज टीवी ने हैदराबाद में छठे वुमेन लीडरशिप अवार्ड 2025 का आयोजन किया। समारोह में एनएमडीसी की नवनियुक्त निदेशक (कार्मिक) प्रियदर्शिनी को सरकारी सेवा श्रेणी के अंतर्गत नेतृत्व और गवर्नेंस में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह को गतिशील बनाते हुए, एनएमडीसी ने उसी दिन अपने प्रधान कार्यालय में एक मानसिक स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन किया। इस सत्र में अतिथि वक्ता के रूप में अपोलो अस्पताल, हैदराबाद की प्रसिद्ध नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ. सी. मंजुला राव शामिल हुईं। महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य और समग्र कल्याण पर केंद्रित थी, जिसमें सुदृढता और आत्म-सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। डॉ. राव ने अपने मूल्यवान विचार और विशेषज्ञता साझा करते हुए महिलाओं को अपने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और सकारात्मक मानसिकता विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया। एनएमडीसी के निदेशक (वाणिज्य) विश्वनाथ सुरेश ने सभा को संबोधित करते हुए जोर देकर कहा, समावेश और विविधता केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि इसे आगे बढ़कर संगठन के ताने-बाने का एक अभिन्न अंग बनना चाहिए। एनएमडीसी ने अपनी पहली महिला निदेशक के साथ इतिहास रचा है। हमारी महिला कर्मचारी सभी बाधाओं को तोडते हुए आगे बढ रही हैं और खनन तथा उससे भी आगे बढकर नेतृत्व को एक नई परिभाषा दे रही हैं। उन्होंने समावेशिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एनएमडीसी की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला, जहां सफलता के लिए वैविध्यपूर्ण दृष्टिकोणों और प्रतिभाओं को महत्व दिया जाता है। डॉ. सी. मंजुला राव ने आत्मविश्वास और मानसिकता में बदलाव की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया और कहा, सशक्तिकरण मानसिकता में बदलाव के साथ शुरू होता है। जब महिलाएं आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान को अपनाती हैं, तो वे अपनी बात को शक्ति और स्पष्टता के साथ प्रस्तुत करती हैं। हमें अपने आत्मसम्मान को बढ़ाना चाहिए, और अधिक समावेशी और संतुलित समाज की दिशा में सार्थक कदम उठाने चाहिए। हमारे द्वारा लाए गए परिवर्तन भविष्य में महिलाओं की अगली पीढ़ी के लिए एक बेहतर विश्व का सृजन करते है। कार्यक्रम का समापन महिला कर्मचारियों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए खेलों तथा भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ।

परीक्षेत्रीय साहू समाज ट्यूबलर शेड का साहू पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ⮜ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

परीक्षेत्रीय साहू समाज ट्यूबलर शेड का साहू पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन स्थानीय माँ कर्मा सामुदायिक भवन भारतीय स्टेट बैंक के पास में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवराज साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ दल्ली राजहरा थे। अध्यक्षता पूर्णिमा साहू अध्यक्ष परीक्षेत्रीय साहू समाज ट्यूबलर शेड ने किया, विशेष अतिथि रेखू राम साहू, सत्या साहू, दामिनी साहू घना राम साहू, उपाध्याक्ष संगीता साहू, रेखा साहू,उषा साहू थे। कार्यक्रम के प्रथम पाली में समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणी माता कर्मा की पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम प्रारंभ किया गया, परिक्षेत्र के सभी लोगों के लिए खेलकूद का आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़ प्रथम पल्लवी साहू द्वितीय आर्या साहू, बाल पासिंग प्रथम पूर्णिमा द्वितीय शीला महिला वर्ग में शोहरत प्रथम, दूसरा शिवबती थे। दूसरी पाली में पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। स्वागत भाषण पूर्णिमा साहू ने दी। मुख्य अतिथि तहसील साहू संघ अध्यक्ष युवराज साहू ने परिक्षेत्र के कमेटी के द्वारा पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन पर बधाई दिया। उन्होंने कहा कि समाज में एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन होना अति आवश्यक है। इससे एक दूसरे को जानने एवं समझने का सुनहरा अवसर मिलता है। हम सबको आपसी सामंजस्य बनाकर काम करना है। रोटी कपड़ा मकान स्वास्थ्य और शिक्षा के उद्देश्य को लेकर हम सबको कार्य करना है। समाज में ऐसा कोई परिवार नहीं होना चाहिए जो इन सबसे वंचित हो। यदि मदद की जरूरत पड़े तो समाज सहयोग के लिए आगे आना है, दामिनी साहू ने महिलाओं से अपील की आप सभी लोग अपने घरेलू कार्य से थोड़ा सा समय निकालकर समाज को भी दें, जिससे समाज के रीति रिवाज को जानने एवं समझने का मौका मिलता है, बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दें। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा तोरण लाल साहू का सम्मान किया गया। समाज एवं नगर के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूँगा। मंच संचालन संतोष साहू ने किया, आभार व्यक्त परिक्षेत्रीय उपाध्यक्ष लिलेश्वरी साहू ने की। नृत्य की प्रस्तुती विनिता, मोनिका, रीतिका, तानिका, सोनिया, चंदन ने दिया, उत्कृष्ट अंक पाने वालों का सम्मान विनिता, देवेंश, रितिका ओम, पूजा, रविकान्त, खुशी, तानिया, सम्मान किया गया। सभी वृद्धजन का श्रीफल से सम्मान किया गया। ओम साहू ने मानव एवं प्रकति से संबंधित मानचित्र बनाकर शिक्षा का संदेश दिया। आयोजन में अध्यक्ष रेवती साहू, सचिव खेमीन साहू, प्रचार सचिव भोजेश्वरी साहू, रोमन साहू, गोकुल साहू, जीवन साहू, मकसूदन साहू, उमाकांत साहू, बृजभाषा साहू सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
Aavas FINANCIERS LTD SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" की धारा 13(2) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी /गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अतः आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13(4) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार सांम्पिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

ऋणी का नाम	मांग सूचना की दिनांक व राशि	बंधक सम्पत्ति का विवरण
दीपक शर्मा, पार्वती शर्मा खाता सं. LNBIL17823-240311498	7 मार्च 2025 ₹ 1238049/- 5 मार्च 2025	सर्वे नं. 666/76 के भाग के बाहर, मौजा-कोरमी में स्थित, पीएच नं. 42, जिला-बिलासपुर-छत्तीसगढ-495004 क्षेत्रफल 1559 वर्ग फीट
सरजूदास एसमानिकपुरी, विकास मानिकपुरी, कांति बाई मानिकपुरी, बिरम मानिकपुरी, आकाश मानिकपुरी खाता सं. LNRAI02918-190088038 व LNRAI04319-200130743	7 मार्च 2025 ₹ 679928/- व ₹ 198104/- 5 मार्च 2025	प्लॉट नं. 208, गांव-महासमुंद,वार्ड नं. 03, पीएच नं. 142/89, आरआईसी महासमुंद, तहसील व जिला-महासमुंद (सी.जी.) छत्तीसगढ 493551 क्षेत्रफल 1050 वर्ग फीट
शर्मा जी यादव, रीटा देवी खाता सं. LNRAI02921-220189636	7 मार्च 2025 ₹ 1230144/- 5 मार्च 2025	मौजा-रावतभाटा में स्थित, लाल बहादुर शास्त्री, वार्ड नं. 11, पीएच नं. 100/28, आरआईसी-धरसिवा-2, तहसील व जिला-रायपुर (सी.जी.) छत्तीसगढ 493221 क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट

स्थान : जयपुर दिनांक 11.03.2025 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

संपादकीय

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महत्वपूर्ण अवसर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एक महत्वपूर्ण अवसर है। लेकिन इसे एक तिथि तक सीमित कर दिया गया है। यह हमें ऐतिहासिक महिला संघर्षों तथा अभी मौजूद चुनौतियों की याद दिलाती है। खासकर भारतीय महिलाओं ने असाधारण आर्थिक और सांस्कृतिक चुनौतियों का सामना किया है। विश्व मंच पर वे अपने विशिष्ट साहस और प्रतिबद्धता से बने बनाए ढांचे तोड़ने में सफल हुई हैं और उन्होंने अनेक पन्नों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है जिन पर अंतर्निहित रूप से पितृसत्तात्मक समाज में ऐतिहासिक रूप से पुरुषों तथा थोड़ी सी महिलाओं का प्रभुत्व था। आज हम इन उपलब्धियों का उत्सव मना रहे हैं, लेकिन हमें याद रखना चाहिए कि अभी भारतीय महिलाओं की सच्ची मुक्ति का काम जारी है और वास्तव में यह निरंतर यात्रा है। अंतिम लक्ष्य पर पहुंचने का मार्ग सीमाबंधन वाले सामाजिक मानकों और जेंडर पूर्वाग्रहों से भरा है जिनको पार करना है। भारतीय महिलाओं को यह काम करना होगा। ऐतिहासिक रूप से चूल्हे चौके से बंधी महिलाओं की शिक्षा और कॅरियर विकल्पों तक सीमित पहुंच थी और भारतीय महिलाओं का रास्ता आसान नहीं था। आज समय के साथ जेंडर विभाजन कमजोर पड़ने के बावजूद आधुनिक भारतीय महिलाओं नेतृत्वकारी भूमिकाओं में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सुरक्षा की चिन्तायें, खासकर जेंडर-आधारित हिंसा और उत्पीड़न महत्वपूर्ण मुद्दे बने हुए हैं जिनसे निपटने के लिए न केवल व्यवस्थागत परिवर्तन, बल्कि सड़ी-गली सोच में व्यापक परिवर्तन जरूरी हैं। सांस्कृतिक उम्मीदों ने महिलाओं पर बोझ डाला है, जिसके कारण अक्सर उनको पेशेवर आकांक्षाओं तथा परंपरागत पारिवारिक भूमिकाओं में संतुलन बनाना होता है। अक्सर इस दुहरी जिम्मेदारी के कारण कॅरियर से समझौता करना पड़ता है तथा अनेक महिलाओं को मातृत्व लाभ तथा लचीले कार्यस्थल परिवेश जैसे संस्थागत समर्थन के अभाव में कार्यबल से हटना पड़ता है। इन बाधाओं के बावजूद भारतीय महिलाओं ने अपनी दृढ़ता एवं उत्कृष्टता सिद्ध करते हुए पुरुष-प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में अपना स्थान बनाया है। एक समय केवल पुरुष प्रभुत्व वाले क्षेत्र सशस्त्र बलों में आज महिलायें फाइटर पाइलटों, कमांडिंग आफिसरों तथा फ्रंटलाइन योद्धाओं के रूप में काम कर रही हैं। बायोटेक्नोलोजी में किरन मजूमदार शॉ, उद्यमिता में फाल्गुनी नायर तथा खेलों में रानी रामपाल ने सफलता को पुन: परिभाषित करते हुए लाखों लोगों को प्रेरणा दी है। महिला पत्रकारों, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों ने प्रमुखता प्राप्त की है जिनमें वाइरोलोजी में गगनदीप कांग से लेकर भारत की 'मिसाइल महिला' टेसी थामस तक शामिल हैं। भारतीय न्यायपालिका एक समय पूर्ण पुरुष प्रभुत्व वाली थी, पर अब उसमें महिला जज न्याय दे रही हैं। इनमें जस्टिस बीवी नागरत्ना शामिल हैं जो देश की पहली महिला प्रधान न्यायाधीश बनेंगी। हालांकि, ये उपलब्धियां प्रशंसनीय हैं, पर सच्ची जेंडर समानता अभी आनी बाकी है। राजनीति और कार्पोरेट बोर्ड रूमों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बहुत कम है। उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए कानून हैं, पर अक्सर उनका क्रियान्वयन कमजोर होता है। शिक्षा और वित्तीय स्वतंत्रता महिला सशक्तीकरण हेतु आवश्यक है, लेकिन बहुत सी महिलाओं की अभी इन मूलाधिकारों तक पहुंच नहीं है। इस कमी को दूर करने के लिए नीतिगत सुधारों के माध्यम से समान वेतन, स्मार्ट कार्यस्थल तथा कॅरियर में प्रगति के अवसर सुनिश्चित किए जाने चाहिए। सामाजिक सोच में परिवर्तन लाना जरूरी है जिसमें जेंडर समानता के समर्थन में पुरुष सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। स्कूलों में समावेशन के मूल्य पढ़ाए जाने चाहिए। शुरुआत से ही जेंडर समानता का विचार समाहित किया जाना चाहिए। लड़कियों से अक्सर उनके माता-पिता द्वारा किया गया भेदभाव निंदनीय है। यह भेदभाव अनेक स्तरों पर है और इसे इक्कीसवीं शताब्दी में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। भारत में महिला सहभागिता देश का भविष्य पुन: परिभाषित कर सकती है। नीति निर्माताओं, बिजनेसों तथा समाज के सामूहिक प्रयास से महिलाओं का उत्थान केवल विमर्श से आगे बढ़ कर दिन-प्रतिदिन का यथार्थ बन सकता है। यह रास्ता लंबा है, पर भारतीय महिलाओं ने बार-बार दिखा दिया है कि उनको रोका नहीं जा सकता है। महिला केवल परिवर्तन का हिस्सा न हो कर अपने आप में परिवर्तन है।

विकसित भारत : ऊर्जा समृद्ध छत्तीसगढ़ की भूमिका

विकास शर्मा
प्रकाशन अधिकारी
सीएसपीडीसीएल
रायपुर

छत्तीसगढ़ के लिए दस मार्च का दिन बड़ा ऐतिहासिक रहा। यह दिन राज्य के भविष्य के विकास को नई दिशा देने वाला है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में एनर्जी इन्वेस्टर्स समिट के दौरान ऊर्जा क्षेत्र में तीन लाख करोड़ रूपए से अधिक के निवेश के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौते प्रदेश के विकास का रोडमैप भी तय कर रहे हैं। आने वाले एक दशक में प्रदेश में 31 हजार मेगावॉट अतिरिक्त बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री साय ने ठीक ही कहा कि छ्त्तीसगढ़ को प्रकृति ने जो वरदान दिया है कि उसका सार्थक उपयोग प्रदेश और देश के विकास में होना चाहिए।

विकसित भारत और ऊर्जा की मांग

भारत सरकार ने विकसित भारत की जो संकल्पना की है उसमें ऊर्जा क्षेत्र की सबसे अहम भूमिका होगी और ऐसे में अगले तीन दशक की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति करना व्यापक कार्ययोजना से ही संभव है। 20 वें विद्युत सर्वेक्षण में अनुमान है कि विद्युत की खपत अगले दस वर्षों तक लगभग 6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी और वर्ष 2047 में हमारी अधिकतम मांग 750 गीगावॉट तक जा पहुंचेगी। ऐसे में मिशन मोड पर विद्युत ऊर्जा उत्पादन की आवश्यता होगी। ताप विद्युत उत्पादन की सीमाओं को समझते हुए तथा शून्य कार्बन उत्सर्जन के लिए वर्ष 2070 के लक्ष्य के बीच नवीकरणीय ऊर्जा समेत अन्य विकल्पों पर देशभर में तेजी से काम किया जा रहा है। ऊर्जा उत्पादन की संभावनाओं के बीच देश की निगाह छ्त्तीसगढ़ की ओर टिकी हुई है। वर्तमान में प्रदेश में राज्य, केन्द्र एवं निजी क्षेत्र के उत्पादकों के प्रयासों से 30 हजार मेगावॉट विद्युत उत्पादन क्षमता प्राप्त कर ली गई है। प्रदेश में ऊर्जा उत्पादन की नई पारी में ताप के साथ नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र का महत्व बढ़ा है।

केन्द्र और निजी क्षेत्र की बढ़ती साझेदारी

राज्य की स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी (सीएसपीजीसीएल), सार्वजिक क्षेत्र की विद्युत उत्पादक नेशनल थर्मल पॉवर कार्पोरेशन (एनटीपीसी), टिहरी हाइडल पॉवर डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन(टीएचडीसी), सतलज जल विद्युत निगम लि. (एसजेवीएन) सहित निजी क्षेत्र की अडानी पॉवर लिमिटेड एवं अन्य बड़े निवेशकों ने ताप समेत पन बिजली के क्षेत्र में 17 हजार मेगावॉट विद्युत उत्पादन के लिए समझौता किया है। इसके लिए होने वाले निवेश से प्रदेश को समग्र विकास का आधार मिलेगा। ऊर्जा उत्पादन इकाइयों के आने से औद्योगीकरण की संभावनाएं बढ़ती हैं और प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से हजारों युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलते हैं।

परमाणु ऊर्जा के लिए खुलेंगे द्वार

प्रदेश में लगभग डेढ़ दशक पहले सरायपाली के पास यूरेनियम भंडार की खोज की गई थी और उसके बाद से ही यहाँ परमाणु ऊर्जा उत्पादन की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा था। एनटीपीसी ने एक बड़ा निवेश प्रदेश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन के लिए करने का निर्णय लिया है और इसमें वो 4200 मेगावॉट विद्युत उत्पादन करने की दिशा में बढ़ रहे हैं। यह प्रदेश में पहली परमाणु विद्युत उत्पादन इकाई होगी।

सस्ता और टिकाऊ विकल्प है हरित ऊर्जा

अगले दस वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा से विद्युत उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 600 गीगावॉट करने की दिशा में काम शुरू कर दिया गया है। गैर-जीवाश्म ईंधन के तौर पर सौर ऊर्जा, पन बिजली, पवन ऊर्जा जैसे क्षेत्रों पर जोर दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बैटरी ऊर्जा स्टोरेज, स्वदेश में विकसित सरफेस हाइड्रो काइनेटिक टरबाइन प्रौद्योगिकी को भी मान्यता दी गई है। इसके साथ ही इन ऊर्जा स्रोतों में भी नए प्रयोग किए जा रहे हैं जो अंततः विद्युत मांग की पूर्ति पर्यावरण को क्षति पहुँचाए बिना कर सके।

पीक डिमांग से निपटने पम्प स्टोरेज है कारगर

ताप विदयुत संयंत्रों में तत्काल विद्युत उत्पादन को कम और ज्यादा नहीं किया जा सकता है ऐसे में विदयुत को संधारित कर आवश्यकता अनुसार उपयोग करने के लिए बैटरी स्टोरेज और पंप स्टोरेज जैसे विकल्प अधिक कारगर हैं। अनुमान के मुताबिक देश में पंप स्टोरेज तकनीक के जरिए 134 गीगावॉट विद्युत उत्पादन की क्षमता है, इसमें से पहले चरण में 2030 तक 39 गीगावॉट उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस कड़ी में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की भागीदारी से राज्य में 6400 मेगावॉट विद्युत उत्पादन क्षमता विकसित करने के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर कर राज्य ने एक ठोस पहल कर दी है। अगले एक दशक के अंदर प्रदेश में कुल उत्पादन क्षमता का 30 फीसदी नवीकरणीय ऊर्जा से प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। सौर ऊर्जा सबसे सुलभ विदयुत विकल्प है। ऐसे में इसे बड़े उत्पादन संयंत्रों तक सीमित न रखकर आम उपभोक्ता को विदयुत उत्पादक बनाने की योजना पर काम चल रहा है। महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को और अधिक आकर्षक बनाते हुए केन्द्र के साथ राज्य सरकार भी अब वित्तीय मदद पहुँचाकर विद्युत उत्पादन में आम लोगों की भूमिका बढ़ाना चाह रही है।

पारेषण और वितरण प्रणाली होंगी मजबूत

उत्पादित बिजली का समुचित पारेषण और वितरण सुनिश्चित करने के लिए पारेषण और वितरण क्षेत्र में भी राज्य बड़ा निवेश करने जा रही है। असल में पारेषण प्रणाली की मजबूती के बगैर विद्युत मांग की आपूर्ति का दबाव नहीं थामा जा सकता है। प्रदेश में 14 हजार 249 सर्किट किलोमीटर की अति ऊच्चदाब लाईने हैं जिसकी क्षमता 25 हजार 617 एमव्हीए है। छ्त्तीसगढ़ में 1700 मेगावॉट अंतर राज्यीय ट्रांसमिशन सिस्टम नेटवर्क के विकास की स्वीकृति केन्द्र से प्राप्त हुई है जिससे हमारे ताप विद्युत की निकासी को सुगम बनाया जाएगा। 400 केव्ही के 09, 220 केव्ही के 26 तथा 132 केव्ही के 48 नए उपकेन्द्र अगले दस वर्षों में बनाया जाना है। ऊर्जा के ऐसे विकल्प पर पूरा विश्व कार्य कर रहा है जिसमें वहनीयता (सस्टेनेबलिटी), विश्वसनीयता के साथ पर्याप्तता और स्थिरता हो। ऊर्जा क्षेत्र के लिए लगभग तीन लाख करोड़ रूपए का निवेश राज्य के वर्तमान और भविष्य दोनों को प्रभावित करने वाला है। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से हरित ऊर्जा के क्षेत्र में भी एक बड़े उत्पादक के रूप में छ्त्तीसगढ़ की पहचान होगी और ऊर्जा क्षेत्र में राज्य की आत्मनिर्भरता आने वाले दिनों में समृद्धि का आधार बनेगी।

बलात्कार पीड़ितों को त्वरित न्याय जरूरी

"यौन हिंसा के पीड़ितों को सिर्फ़ कानूनी न्याय से ज़्यादा की ज़रूरत है। उन्हें अपने जीवन को फिर से बनाने के लिए समग्र सहयोग की ज़रूरत है।"

योगिता भयाना
(लेखिका, बलात्कार पीड़ित एक्टिविस्ट हैं)

भारत में यौन हिंसा के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। हमारे देश में हर महिला को सुरक्षा, सम्मान और न्याय का मौलिक अधिकार है। फिर भी, यौन हिंसा की घटनाएं सामने आती रहती हैं, जो हमारे सामाजिक ढाचे में गहरी जड़ें जमाए बैठी चुनौतियों को उजागर करती हैं। हमें ऐसे अपराधों को रोकने और एक ऐसा भविष्य बनाने के लिए निर्णायक और समाधान-उन्मुख कदम उठाने चाहिए जहां महिलाएं और बच्चे वास्तव में सुरक्षित हों।

पारी फाउंडेशन के संस्थापक के रूप में, मैंने अपना जीवन बलात्कार और यौन हिंसा के पीड़ितों की वकालत करने के लिए समर्पित कर दिया है। 16 दिसंबर, 2024 को, पारी ने महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा की रोकथाम पर पहली बार राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करके एक महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया। इस ऐतिहासिक घटना ने यौन हिंसा से निपटने के हमारे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मोड़ को चिह्नित किया, जिसमें नीति निर्माताओं, कानूनी विशेषज्ञों, नागरिक समाज संगठनों, शिक्षकों और पीड़ितों को रोकथाम, प्रतिक्रिया और पुनर्वास के लिए ठोस उपायों पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाया गया। इस पहल के केंद्र में आगाज़ का शुभारंभ था, जो लिंग आधारित हिंसा को संबोधित करने के लिए एक व्यापक, समाधान-संचालित दृष्टिकोण पर केंद्रित एक कार्यक्रम था।

सुधार के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक शिक्षा है। स्कूलों और विश्वविद्यालयों को लैंगिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। लैंगिक समानता, सहमति और दर्शकों के हस्तक्षेप के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए नियमित रूप से अनिवार्य कार्यशालाएँ और सेमिनार आयोजित किए जाने चाहिए। कानून का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी स्कूल और कॉलेज कर्मचारियों के लिए यौन उत्पीड़न की रोकथाम प्रशिक्षण अनिवार्य होना चाहिए, जबकि यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा प्रशिक्षण सभी शिक्षकों और प्रशासकों के लिए एक आवश्यकता होनी चाहिए, जिससे उन्हें बच्चों की प्रभावी रूप से सुरक्षा करने के लिए ज्ञान से लैस किया जा सके। सिर्फ़ नीतियों से परे, स्कूलों को अपने पाठ्यक्रम में लैंगिक अध्ययन और भावनात्मक बुद्धिमत्ता प्रशिक्षण को शामिल करना चाहिए, जिससे युवा दिमागों को रिश्तों पर सम्मानजनक और स्वस्थ दृष्टिकोण विकसित करने में मदद मिले। डिजिटल सुरक्षा शिक्षा भी महत्वपूर्ण है, जिससे छात्रों को साइबरस्टॉकिंग, ऑनलाइन उत्पीड़न और डिजिटल सहमति के जोखिमों को समझने में मदद मिले। यौन हिंसा से निपटने के लिए आपराधिक मनोविज्ञान और मीडिया के प्रभाव को समझना महत्वपूर्ण है। यौन अपराधियों की प्रेरणाओं, ट्रिगर्स और व्यवहार पैटर्न की जांच करने के लिए शोध का विस्तार किया जाना चाहिए, जिससे लक्षित रोकथाम रणनीतियों को विकसित करने में मदद मिले। मीडिया द्वारा लैंगिक गतिशीलता के चित्रण का भी आलोचनात्मक मूल्यांकन किया जाना चाहिए, साथ ही जिम्मेदाराना कहानी कहने को बढ़ावा देने के प्रयास किए जाने चाहिए जो विषाक्त मर्दानगी और हानिकारक रूढ़ियों को चुनौती देते हैं।

इसके अतिरिक्त, यौन हिंसा की समाचार रिपोर्टिंग में सुधार की आवश्यकता है। सनसनीखेज या असंवेदनशील कवरेज अक्सर पीड़ितों को फिर से पीड़ित बनाता है और बलात्कार की संस्कृति को मजबूत करता है। मीडिया को मामलों की रिपोर्टिंग में नैतिक दिशा-निर्देशों का पालन करना चाहिए, ताकि पीड़ितों की पहचान और अधिकारों की रक्षा हो सके।

यौन हिंसा के पीड़ितों को सिर्फ़ कानूनी न्याय से ज़्यादा की ज़रूरत है। उन्हें अपने जीवन को फिर से बनाने के लिए समग्र समर्थन की ज़रूरत है। हर शहर, कस्बे और गाँव में बलात्कार संकट केंद्र (ऋष्ट्) स्थापित किए जाने चाहिए, जो पीड़ितों को चिकित्सा, कानूनी, वित्तीय और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करें। उन्हें स्वतंत्रता और स्थिरता हासिल करने में मदद करने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण और शैक्षिक सहायता प्रदान की जानी चाहिए। पीड़ितों को दोषी ठहराने और पीड़ितों को समर्थन और सशक्त बनाने के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन शुरू किया जाना चाहिए। बलात्कार से जुड़ी मिथकों को चुनौती देने, पीड़ितों पर विश्वास करने के महत्व पर समुदायों को शिक्षित करने और हिंसा को रोकने के लिए दर्शकों के हस्तक्षेप को प्रोत्साहित करने के लिए सार्वजनिक अभियान शुरू किए जाने चाहिए। पुलिस सुधार भी उतने ही जरूरी हैं। कानून प्रवर्तन की अक्षमता और असंवेदनशीलता अक्सर पीड़ितों को अपराधों की रिपोर्ट करने से हतोत्साहित करती है। यौन हिंसा के मामलों को सहानुभूति और दक्षता के साथ संभालने के लिए प्रशिक्षित कर्मियों के साथ समर्पित आपातकालीन डायल नंबरों पर स्टाफ होना चाहिए। प्रथम उत्तरदाताओं और फोरेंसिक टीमों को साक्ष्य संग्रह, पोस्टमार्टम और फोरेंसिक जांच के लिए सख्त प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए। पुलिस विभागों के भीतर विशेष जांच इकाइयाँ (स्ढ्ढ) बनाई जानी चाहिए, जिसमें फोरेंसिक विशेषज्ञ, परामर्शदाता और कानूनी सलाहकार शामिल हों, जिन्हें यौन हिंसा के मामलों को संभालने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया हो। सभी पुलिस कर्मियों के लिए अनिवार्य लिंग संवेदीकरण प्रशिक्षण प्रेरण के दौरान और वार्षिक पुनश्चर्या पाठ्यक्रम के रूप में आयोजित किया जाना चाहिए। कार्यस्थल सभी के लिए सुरक्षा और सम्मान का स्थान होना चाहिए, फिर भी उत्पीड़न और हिंसा जारी रहती है। क्कस्॥ प्रशिक्षण और ऑडिट को सभी संगठनों में सख्ती से लागू किया जाना चाहिए, ताकि उत्पीड़न विरोधी नीतियों का अनुपालन सुनिश्चित हो सके। यौन उत्पीड़न की शिकायतों से निपटने में उनकी प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए आंतरिक समितियों (आईसी) को वार्षिक ऑडिट से गुजरना चाहिए। महिला मजदूरों और निर्माण श्रमिकों के लिए विशेष सुरक्षा शुरू की जानी चाहिए, जिससे सुरक्षित कार्य स्थितियों, कानूनी सहारा और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच सुनिश्चित हो सके। बेघर महिलाओं और बच्चों के लिए आश्रय गृह शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किए जाने चाहिए, ताकि उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके। कार्यस्थलों को सुरक्षित और आरामदायक वातावरण प्रदान करना चाहिए।

आप की बात

जन औषधि योजना

भारत सरकार की जन औषधि योजना से आम जनता के औषधियों पर होने वाले खर्च में काफी कमी आई है। औषधि निर्माताओं द्वारा उत्तम गुणवत्तापूर्ण औषधियां प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्रों पर अत्यन्त कम मूल्य में उपलब्ध हैं। भारत सरकार आयुर्वेद को भी प्रोत्साहित कर रही है किन्तु दुर्भाग्य से अच्छे निर्माताओं द्वारा निर्मित आयुर्वेद औषधियों के बहुत अधिक मूल्य के कारण सामान्य उपभोक्ता इनका लाभ उठाने में असमर्थ हैं। अधिक उपयोग वाले शास्त्रीय आयुर्वेद योगों को अच्छे निर्माताओं द्वारा निर्मित करवा कर न्यूनतम मूल्य पर जन औषधि केन्द्रों पर उपलब्ध करवाया जाना चाहिए। इससे जनसामान्य में आयुर्वेद के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। आयुर्वेद विशेषज्ञों से ऐसी औषधियों की सूची सरलता से बनवाई जा सकती है। जन औषधि केन्द्रों की संख्या बढ़ाने का निर्णय स्वागत योग्य है। लेकिन इसके साथ-साथ एलोपैथिक डाक्टरों व अस्पतालों द्वारा मरीजों को जेनेरिक नामों से दवा के पर्चे देना भी अनिवार्य किया जाना चाहिए ताकि वे आसानी से जन औषधि केन्द्रों से दवायें खरीद सकें। देश में आयुर्वेद की लोकप्रियता बढ़ाने तथा जनता को यथासंभव स्वास्थ्यरक्षा में आत्मनिर्भर बनाने हेतु व्यापक स्वाथ्य शिक्षण अभियान चलाने की भी जरूरत है।

– **जय प्रकाश गुप्त**, अम्बाला

महिला सशक्तीकरण

महिला सशक्तीकरण और लैंगिक समानता के मुद्दे पर छत्तीसगढ़ में एक दिलचस्प मामला सामने आया है जहां महिला प्रतिनिधियों के बदले उनके पतियों ने पद की शपथ ली और अपना स्वागत करवाया। 6 महिला पंचों की जगह उनके पतियों को पंचायत सचिव ने शपथ दिलाई। यह मामला हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम वास्तव में महिला सशक्तीकरण की दिशा में बढ़ रहे हैं? सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आरक्षण और अन्य प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन फिर भी अधिकांश महिला प्रतिनिधियों का सारा कामकाज पति ही देखते हैं और जनता भी पतियों के पास ही काम करवाने जाती है। इस प्रकरण से स्पष्ट है कि हमारे समाज में अभी भी पितृसत्तात्मक मानसिकता हावी है। महिलाओं को घरेलू कामों तक सीमित और राजनीति को पुरुषों का क्षेत्र माना जाता है। हालांकि, महिलाएं राजनीति में अपनी भूमिका निभा रही हैं और सफलता प्राप्त कर रही हैं। कई महिलाएं मुख्यमंत्री और मंत्री के पदों पर आसीन हुई हैं। इसलिए हमें महिला सशक्तीकरण के लिए काम करने वाले सभी व्यक्तियों और संगठनों को सलाम करने के साथ ऐसी विकृतियां दूर करने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

– **मधु सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

चीन की अपील

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भारत से अपील की है वो ट्रम्प के टैरिफ या व्यापार युद्ध से जूझने एवं लड़ने के लिए चीन के साथ एक मंच पर आये। भारत और चीन को सबसे बड़ा पड़ोसी बताते हुए वांग यी ने कहा कि चीन का मानना है कि दोनों को साझेदार होना चाहिए और एक दूसरे की सफलता में योगदान देना चाहिए। ड्रैगन और हाथी के सहयोगी बनने से दोनों पक्षों को लाभ होगा। भारत के साथ सहयोग की इच्छा जाहिर करते हुए चीनी विदेश मंत्री ने कहा कि आधिपत्यवाद और सत्ता की राजनीति का विरोध करने में अग्रणी भूमिका निभाने की जिम्मेदारी हमारी है। जब चीन और भारत हाथ मिलाएंगे तो अंतरराष्ट्रीय संबंधों में अधिक लोकतंत्र और एक मजबूत वैश्विक दक्षिण की संभावनाएं बेहतर होंगी। उन्होंने याद दिलाया कि यह चीन.-भारत राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ का साल है। बदली परिस्थितियों में चीन भारत के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार दिखता है, लेकिन भारत का अतीत के कड़वे अनुभवों से बाहर निकला आसान नहीं होगा। सबसे बड़ा सवाल है कि क्या चीन भारत के साथ अपने मतभेदों व सीमा समस्या का न्यायपूर्ण हल करने के लिए तैयार है या यह अपील केवल एक बयानबाजी है?

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

विदेश मंत्री की सुरक्षा

ब्रिटेन की सुरक्षा एजेंसियों की निष्क्रियता के चलते भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर की यात्रा के दौरान खालिस्तानी अलगाव और आतंकवाद की झलक फिर नजर आई। एक उच्चस्तरीय राजनयिक के सामने उसके देश के राष्ट्रीय झंडे को फाड़ने की घटना अत्यन्त अपमानजनक व निंदनीय है। इस घटना से ब्रिटेन की कानून-व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होते है। वैसे खालिस्तानी तत्वों का ब्रिटेन में बढ़ता दुस्साहस कोई नई बात नही है। खालिस्तानी समर्थकों की अलगाववादी गतिविधियां कई बार ब्रिटेन, कनाडा और अमेरिका में नजर आई हैं। ब्रिटेन ने इस घटना की निंदा करके औपचारिकता निभाई है लेकिन केवल निंदा करना ही काफी नहीं है। ब्रिटेन में काफी लंबे समय बाद लेबर पार्टी की सरकार आई है। ऐसे में यदि वह अपने देश को अलगाववादी व अतिवादी तत्वों का अड्डा बनने देती है तो यह लेबर पार्टी तथा स्वयं ब्रिटेन के लिए भी ठीक नहीं होगा। ब्रिटिश नेताओं को समझना चाहिए कि लोकतंत्र का अर्थ भीड़तंत्र या अराजकता नहीं हो सकता है। भारत-ब्रिटिश संबंधों के लिए ऐसी घटनायें हानिकारक हो सकती हैं।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

जिला न्यायालय बेमेतरा में वर्ष 2025 का प्रथम नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला न्यायालय बेमेतरा में प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर लोक अदालत का शुभारंभ कर कार्यक्रम में उपस्थित न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण व न्यायिक कर्मचारीगण को अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करने हेतु प्रोत्साहित कर शुभकामाएं दी गई। लोक अदालत में जिला न्यायालय प्रांगण में जिले के कोने-कोने से पक्षकार अपने प्रकरणों के निराकरण के लिए उपस्थित हुये, जिनकी सुविधा के लिए विधिक सहायता डेस्क, स्वचलित चिकित्सकीय वेन, स्वास्थ्य डेस्क व समस्त बैंक, विद्युत विभाग, फाइनेंस कंपनी द्वारा संचालित डेस्क लगाई गयी। नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय में 6 खण्डपीठ और तहसील साजा न्यायालय में 1 खण्डपीठ इस प्रकार जिला में कुल 7 न्यायालयीन खण्डपीठ का गठन कर दो-दो सुलहकर्ता सदस्यों की नियुक्ति की गई। उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के अनुक्रम में समस्त न्यायालीन कर्मचारी, पैरालीगल वालेंटियर्स, जिला प्रशासन, जिला एवं जनपद पंचायत, नगर पालिका, विद्युत विभाग, जिले की समस्त बैंको सहित अन्य समस्त विभागों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ है।

2 करोड़ 38 लाख 34 हजार रूपये अवार्ड राशि का हुआ वितरण

जिले में 9092 प्री-लिटिगेशन व लंबित प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा गया था जिसमें से राजस्व प्रकरण, विद्युत विवाद बैंक प्रकरण व बी.एस.एन.एल. प्रकरणों का निराकरण कर कुल 3732746 /- रूपये की वसूली की गई। न्यायालय में लंबित 92 अपराधिक प्रकरण, 12 सिविल प्रकरण, 91 पारिवारिक प्रकरण, 20 मोटर दुर्घटना दावा व अन्य प्रकरण का निराकरण कर कुल 20101340 /- रूपये का अवार्ड पारित कर जिलें में रिकॉर्ड अनुसार 2,38,34,086 /- रूपये मामलों का निराकरण किया गया, जहां आपसी सहमति से सुनवाई के बाद पक्षकारों को बीमा, विद्युत व बैंक विवाद और अन्य प्रकरणों में कुल 10,00,000/- लाख रूपए की मुआवजा राशि वितरित की गई।

न्याय वृक्ष एवं द्वार तोरन के माध्यम से प्राधिकरण की योजनाओं के प्रति जनमानस को किया गया जागरूक

नेशनल लोक अदालत में नालसा एवं सालसा योजनाओं एवं अभियानों की व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा द्वारा योजनाओं /अभियानों एवं कानूनी के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में न्याय वृक्ष एवं द्वार तोरन बनाकर प्रदर्शनी के माध्यम से नेशनल लोक अदालत में आये पक्षकारों को जानकारी प्रदान करते हुए कानूनी विषयों पर रंगोली बनाकर बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं, न्याय सबके लिए संदेश देते हुये बाल विवाह एवं बलात्कार पीड़िता के गर्भ का चिकित्सीय समापन व अन्य विधिक विषयों पर पाम्पलेट का वितरण कर जागरूक किया गया।

कुम्हारी नगरपालिका में कांग्रेस की झोली में आया उपाध्यक्ष पद, प्रमोद सिंह राजपूत ने मारी बाजी

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

चौबीस पार्षदों वाले नगरपालिका में अपनी प्रतिष्ठा को बचाने की जद्दोजहद में कांग्रेसी अंततः सफल रहे। ज्ञात हो कि प्रत्यक्ष चुनाव में जनता ने जहाँ भाजपा प्रत्याशी मीना वर्मा को अध्यक्ष चुना, वहीं भाजपा के ग्यारह वार्ड पार्षद चुनाव जीते और ग्यारह कांग्रेस प्रत्याशी वार्ड चुनाव जीते दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत हासिल कर उपाध्यक्ष पद के लिए कौतुहल उत्पन्न कर दिया। बैलेट पेपर से हुए उपाध्यक्ष पद चुनाव में अंदरूनी सामंजस्य के अभाव में भाजपा के तीन दावेदार क्रमशः लोकेश साहू वार्ड क्रमांक 23, आर प्रवीण राव वार्ड क्रमांक 18, उमेश्वरी साहू के मैदान में उतरने से सारे समीकरण ध्वस्त हो गए और स्थानीय भाजपाईयों के इस अंतर्कलह में कांग्रेस की ओर से उतरे एकमात्र प्रत्याशी प्रमोद सिंह राजपूत को इसका सीधा लाभ मिला। प्रतिद्वंदी लोकेश साहू को बारह के मुकाबले तरह मतों से शिकस्त देते हुए उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल किया। पीठासीन अधिकारी ने बताया कि कुल पांच आवेदन प्राप्त हुए जिसमें एक आवेदन रितिका यादव का निरस्त हो गया तथा बाद में दो प्रत्याशियों द्वारा नामांकन वापस लेने के पश्चात् सीधा मुकाबला लोकेश साहू भाजपा एवं प्रमोद सिंह राजपूत कांग्रेस के मध्य हुआ। इसके साथ ही अपील समिति आपसी सहमति से गठित की गई जिसमें अध्यक्ष के साथ भाजपा के अश्विनी देशलहरे और कांग्रेस से युजेंद्र साहू को चुना गया है।

नगर पंचायत भिंभौरी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों ने शपथ ग्रहण

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नवगठित नगर पंचायत भिंभौरी मे प्रथम बार निर्वाचित होकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का नगर पंचायत के पास सास्कृत मंच में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। कार्यक्रम की शुरुआत 2:00 बजे रंगारंग छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक से हुआ तत्पश्चात शपथ ग्रहण 5:00 बजे भारत माता छत्तीसगढ़ महतारी तुलाराम परगनिया के तेल चित्र में माल्यार्पण कर शपथ ग्रहण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, जिसमें मुख्य रूप से सांसद विजय बघेल बेमेतरा विधायक दीपेश साहू पूर्व विधायक अवधेश चंदेल किसान नेता योगेश तिवारी मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत नायक पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश साहू पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ओमप्रकाश पांडे नगर के गणमान्य नागरिक महिला बच्चे बुजुर्ग के बीच नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप परगनिहा पार्षद गण को कार्यक्रम के अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी बेरला डॉक्टर दीप्ति वर्मा डिप्टी कलेक्टर ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिसमें मुख्य रूप से तहसीलदार जयंत पटले आर आई राम भांडेकर पटवारी डीपी घृतलहरे मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी उप अभियंता लक्ष्मी कोठारी संकल्प शर्मा चंद्रशेखर सिन्हा हीरा साहू रजऊ साहू कुमार वर्मा उपस्थित रहे, सर्वप्रथम नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप कुमार परगनिहा अध्यक्ष पद की शपथ ली एवं पार्षदों ने एक-एक करके बारी-बारी से शपथ लिया। श्याम वर्मा जितेंद्र धीवर प्रकाश यादव श्याम कुमार वर्मा सीता सिन्हा बीना साहू बुद्धदेव लेवल राही साहू पुष्पा साहू सरोज साहू गोविंद प्रसाद साहू दिनेश कुमार पाटिल अरुण कुमार वर्मा मोहित राम साहू नरेंद्र धीवर ने किया, प्रमुख रूप से सांसद विजय बघेल और विधायक दीपेश साहू ने नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष और पार्षदों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

महिला पतंजलि योग समिति बेमेतरा के द्वारा जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह एवं सहयोग शिक्षक प्रमाण पत्र वितरण

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

साहू छात्रावास मे महिला पतंजलि योग समिति बेमेतरा के द्वारा जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया एवं सहयोग शिक्षक प्रमाण प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के द्वारा भारत माता की प्रतिमा पूजन व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गंगा अग्रवाल सहराज्य प्रभारी महिला पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़, डॉ. वीणा त्रिपाठी प्राचार्य शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा एवं जयश्री चांडक रही। ममता साहू राज्य कार्यकारिणी सदस्य महिला पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ एवं रीना देवी साहू जिला प्रभारी महिला पतंजलि योग समिति बेमेतरा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। गंगा ने कहा कि हमारे इस जीवन पर पहले परमात्मा, मातृभूमि, फिर माता, पिता और गुरु और समाज का अधिकार है और यह जीवन सेवा के लिए है, बहनों को योग सेवा के लाभ और योग का जीवन में महत्व को बताया व नारियाँ घर की सभी जिम्मेदारियों को निभाते हुए समाज के लिए हर क्षेत्र मे आगे बढ़ कर अपना योगदान देती हैं, और जयश्री ने कहा कि हर क्षेत्र में नारी ही आगे है और हमेशा आगे रहेंगी, एवं वीणा त्रिपाठी (प्राचार्य) ने महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि योग के कार्यक्रम में आकर मुझे बहुत खुशी हुई और मैं भी योग से जुड़ना चाहती हूँ, नारी का जीवन संघर्ष पूर्ण होते हुए भी वह धार्मिक, पारिवारिक, और सामाजिक हर कार्यो में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं एवं ममता दीदी ने कहा जो योग करते हैं वो योग्य होते हैं एवं अनुशासित होते हैं इसलिए स्वयं योग करें और कराये तथा योगी जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा योग नृत्य, बहनों के द्वारा ताल योगनृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम, छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता, फुगड़ी प्रतियोगिता, मौखिक प्रश्नोत्तरी, कुर्सी दौड़ एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बहनों ने उत्साह पूर्वक बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विजेता बहनों को पुरस्कार वितरण किया गया एवं नियमित निशुल्क योग कक्षा संचालित करने वाली योग शिक्षिका बहनों, प्रयास ए स्मॉल स्टेप फाउंडेशन के सदस्यों एवं विभिन्न सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। रॉरीना साहू दीदी ने आभार व्यक्त कर कार्यक्रम की समापन की। अनुराधा साहू के द्वारा मंच संचालन किया गया।

मां भद्रकाली शिक्षण समिति ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर मां भद्रकाली शिक्षण समिति एवं ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल ने महिलाओं को सम्मानित करने हेतु डॉक्टर अलका तिवारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि कल्पना योगेश तिवारी अध्यक्ष जिला पंचायत बेमेतरा एवं विजय सिन्हा अध्यक्ष नगर पालिका बेमेतरा ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई एवं मुख्य अतिथियों के साथ विकास तंबोली पार्षद, रवि मुलवानी पार्षद, हर्षवर्धन तिवारी सामाजिक कार्यकर्ता, समिति के सचिव दिनेश पटेल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा मां सरस्वती के वंदन के लिए सरस्वती वंदना एवं अतिथि के स्वागत के लिए स्वागत गीत प्रस्तुत किए। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा शिक्षा के साथ संस्कार की भी युवा पीढ़ी में आवश्यकता है, संस्कार के बिना शिक्षा का कोई अर्थ नहीं है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिंहा ने कहा कि नारी त्याग का साक्षात स्वरूप है। बिना नारी के एक सभ्य समाज का निर्माण संभव नहीं है। विशिष्ट अतिथि निताशा त्यागी ने मानव संबंधों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए जीवन में संबंधों के निर्वाह के महत्व को बताया। कार्यक्रम में क्षेत्र की विभिन्न महिलाओं को समाज के प्रति अपने उत्कृष्ट योगदान के लिये समिति द्वारा सम्मानित किया एवं प्रतीक चिन्ह शाल श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देकर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में शिक्षिकाओं में अदिति, हिशालिनी, यानिका निकिता ने मनमोहन नृत्य एवं सुनिधि, देवीका, रंजना, परमेश्वरी, साक्षी, अनिशा ने नाटक प्रस्तुति कर नारी की अस्मिता त्याग साहस को प्रस्तुत किया। विद्यालय के शिक्षक अजय चंद्राकर ने मां की ममता पर शानदार गीत प्रस्तुत किए एवं शिक्षकों द्वारा नारी सम्मान में गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी माताओं एवं बहनों के लिए खेल का आयोजन एवं प्रश्नोत्तरी के माध्यम से कार्यक्रम में रोमांच बना रहा। आयोजित खेल में बहुत से प्रतिभागी शामिल हुए जिसमें पासिंग इन द पास में प्रथम स्थान निम्मी पटेल एवं द्वितीय स्थान वर्षा गौतम ने प्राप्त किया साथ ही दूसरा खेल ग्लास रेस गेम में प्रथम स्थान अंजना तिवारी ने और द्वितीय स्थान शारदा तिवारी ने अर्जित किया। समिति अध्यक्ष अविनाश तिवारी ने कहा समाज के उत्थान में नारी की भूमिका अहम है वही विद्यालय के प्राचार्या डॉक्टर अलका तिवारी ने नारी के सक्रिय सकारात्मक योगदान के महत्व का वर्णन करते हुए अपने जीवन के कुछ महत्वपूर्ण अनुभव साझा किए।

राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बेमेतरा के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का शानदार प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

समावेशी शिक्षा के तहत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें एक मंच प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय क्रीड़ा, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 5 एवं 6 मार्च 2025 को स्व. बी.आर. यादव खेल परिसर, बहतराई, सीपत रोड, बिलासपुर में राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले के कुल 7 बच्चों ने भाग लिया और अपने शानदार प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन किया। दौड़ प्रतियोगिता में भूमेकुमारी (शासकीय हाई स्कूल, भरदाकला) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि रंगोली प्रतियोगिता में कु. कल्पना (शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, बालसमुंद) ने द्वितीय स्थान हासिल कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। इन विजेता बच्चों को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। बच्चों की इस सफलता पर शिक्षा विभाग के जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे, जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र कुमार वर्मा, एपीसी भूपेन्द्र कुमार साहू, धनंजय प्रसाद शर्मा, रेणुका चौबे (समावेशी शिक्षा प्रभारी) सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस आयोजन ने न केवल विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की प्रतिभा को निखारा बल्कि उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी। इस तरह की प्रतियोगिताएं समावेशी शिक्षा को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और सभी बच्चों को समान अवसर प्रदान करने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित होती हैं।

नपं इंदौरी एवं जनपद पंचायत लोहरा में भाजपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को विधायक भावना बोहरा ने दी बधाई

नपं इंदौरी में निर्विरोध चुने गए भाजपा उपाध्यक्ष, सहसपुर लोहारा जनपद में भी भाजपा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष हुए निर्वाचित

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत इंदौरी में भाजपा के जशवंत साहू निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए वहीं जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुने गए। जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा से अध्यक्ष हेतु दुर्गा सिंह ने 17-8 एवं उपाध्यक्ष हेतु भाजपा के अशोक पटेल ने 18-7 से एकतरफा जीत सुनिश्चित की। इस दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को बधाई दी। भावना बोहरा ने नगर पंचायत इंदौरी के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष जशवंत साहू एवं जनपद पंचायत सहसपुर लोहरा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष दुर्गा सिंह एवं उपाध्यक्ष अशोक पटेल को बधाई देते हुए कहा कि नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनता ने भाजपा के प्रति जो जनविश्वास प्रकट किया वह क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार हेतु सार्थक सिद्ध होगा। नगर पालिका पंडरिया, नगर पंचायत पांडातराई व इंदौरी में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं वहीं जनपद पंचायत पंडरिया में भी भाजपा के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद सहसपुर लोहारा जनपद में भी भाजपा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं जिन्हें मैं हार्दिक बधाई देती हूँ। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की कुनीतियों एवं भ्रष्टाचार से हमारे गाँव व नगर का विकास पूरी तरह ठप्प था, लेकिन विगत 14 महीनों में माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन की भाजपा सरकार बनते ही जनता ने विकास कार्यों को जमीनी स्तर पर देखा, जनता किस सुविधाओं एवं बहुप्रतीक्षित मांगों को पुर अकारते हुए सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के लिए समर्पित भाजपा की नीतियों पर जनता ने अपने विश्वास की मुहर लगाई है। नगर पालिका हो या नगर पंचायत, जिला पंचायत हो या जनपद पंचायत आज भाजपा सरकार की नीतियों एवं विकास कार्यों से लगातार विकास कार्य हो रहें हैं। पंडरिया विधानसभा विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है इसका पूरा श्रेय क्षेत्र की जनता एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं को जाता है। चुनाव के पूर्व हमने अटल संकल्प पत्र एवं हमर संकल्प पत्र में जो भी वादे किये हैं अब उन्हें जनता के सुझाव एवं मार्गदर्शन से मुर्तपुर देंगे और हमारे शहर व नगर में विकास की अविरल धारा प्रवाह करते हुए पंडरिया, पांडातराई एवं इंदौरी नगर को एक विकसित व आदर्श नगर बनाकर समृद्ध पंडरिया विधानसभा के हमारे लक्ष्य को पूरा करेंगे। भावना बोहरा ने आगे कहा कि प्रदेश से शहर एवं गाँव-गाँव तक अब विकास के नए अध्याय, भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार के नेतृत्व में लिखे जाएंगे। हमने पंडरिया विधानसभा की समृद्धि के साथ ही उसे भ्रष्टाचार व अपराध मुक्त बनाने के लिए जो संकल्प किये हैं उसे पूर्ण पर्दर्शित के साथ युवा, महिला, किसान, व्यापारी के हितों के लिए कार्य करेंगे। आने वाले पांच वर्ष हमारे गाँव व नगर के विकास को समर्पित होंगे और इसके लिए जनता के सुझाव व मार्गदर्शन हमारे लिए बहुमूल्य है। आपको बताते चलें कि नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत पंडरिया के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है।

विदाई समारोह में बच्चों को दिया गया नेवता भोज

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला भरचटटी विकासखंड बेरला में कक्षा पांचवी के बच्चों को विदाई एवं नेवता भोज दिया गया। बच्चों को गुलाब लगाकर स्वागत किया गया एवं सभी पेन वितरण किया गया। प्राथमिक शाला प्रधान पाठिका नीतू परगनिया के द्वारा बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए सकारात्मक सोच के साथ निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधान पाठक नीलकंठ साहू के द्वारा बुरी आदतों को छोड़ने और अनुशासन में रहने की सीख दी गई। सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने नेवता भोज में हलवा-पुड़ी, दाल भात, सब्जी का आनंद लिये। कार्यक्रम में सभी शिक्षक प्रधान पाठक शत्रुघ्न लाल ठाकुर, आशीष पांडेय, हीरकणी साहू, शिवकुमार मुक्ति, तरुण साहू, कमलेश्वरी सेन सहित सभी बच्चे उपस्थित थे।

वेल विशर फाउंडेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नशामुक्ति जागरूकता रैली व नारी शक्ति सम्मेलन का किया गया आयोजन

अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही निशा यादव व नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष सत्य लता आंदन मिरी रही अतिथि

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जिले के अलकतरा सामाजिक संस्था वेल विशर फाउंडेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम महमंदपुर में नशा मुक्ति जागरूकता रैली व नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता आंदन मिरी, विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही निशा यादव, सीता टण्डन, सरपंच खोलबहरीन कंवर, उपसरपंच महारानीबाई, वेल विशर फाउंडेशन की कोषाध्यक्ष रंजना सिंह उपस्थित रहे, कायक्रम का शुभारंभ ग्राम की महामाया देवी की पूजा अर्चना कर किया गया, इसके पश्चात नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई और ग्राम भ्रमण कर लोगो को जागरूक किया गया, मंचीय कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही निशा यादव ने कहा कि मेरी पहाड़ चढ़ने की शुरुआत दलहा पहाड़ से ही हुआ, मुझे बहुत संघर्ष झेलना पड़ा, मेरे पापा ऑटो चालक थे, इन सब कठिनाइयों के बाद भी मैंने हिम्मत नही हारी और आज अपने सपनो को पूरा किया, नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता आंदन मिरी ने कहा कि शिक्षा ही एक मात्र विकल्प है जिससे नारी सशक्त हो सकती है, मैने भी उच्च शिक्षा कर 15 साल इंजीनियर के रूप में कार्य किया है, फ़िर लोगों की सेवा करने राजनीत क्षेत्र में आयी हूं, शिक्षा के द्वारा ही नारी अपने सपनो की उड़ान भर सकती है, क्षेत्र की एक मात्र महिला पत्रकार सीता टंडन ने महिलाओ से कहा कि हमे अपने अधिकार के बारे में सजग रहना चाहिए और उनका उपयोग करना चाहिए, साथ ही अपने बुजुर्गों की हमेशा सेवा करना चाहिए, समाज में संयुक्त परिवार से लोग छोटे परिवार की ओर बढ़ रहे है, यह हमारे समाज के लिए, आने वाले भविष्य के लिए ठीक नहीं है, संयुक्त परिवार से बच्चों को नैतिक शिक्षा व उचित देखभाल मिलती है,वेल विशर फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष रंजना सिंह ने कहा कि नारी यदि ठान ले तो कुछ भी कर सकती है, कार्यकम को सरपंच व उपसरपंच व संस्था के गौतम साहू, मोहन कश्यप ने भी सम्बोधित किया, कार्यक्रम का संचालन वेल विशर फाउंडेशन के सचिव चिराग शर्मा व आभार दीपक साहू ने किया, कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमोद कुमार, बल्लू कंवर, जीवन लाल मिरि, भारती, मालतीबाई जागृति का विशेष सहयोग रहा, कार्यक्रम में वेल विशर फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह, सचिव चिराग शर्मा, कोषाध्यक्ष रंजना सिंह, सदस्य दीपक साहू, मोहन कश्यप, गौतम साहू, वीरेंद्र साहू, शरद सिंह, सतीश मानिकपुरी उपस्थित रहे।

इनका किया हुआ सम्मान-गांव में निःशुल्क बच्चों को कोचिंग देने वाली भारती, बरगवां में शिक्षा के लिए कार्य कर रही जागृति और महमंदपुर में नारी सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही मालतीबाई कंवर का सम्मान किया गया।

महंत के गढ़ नगर पंचायत बाराद्वार में कांग्रेस की बुरी हार, दशकों बाद उपाध्यक्ष पद पर हुआ भाजपा का कब्जा

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

जिले की नगर पंचायत बाराद्वार में 10 मार्च को हुए नगर पंचायत उपाध्यक्ष के चुनाव में कांग्रेस को बुरी हार का सामना करना पड़ा, तथा जिस कांग्रेस पार्टी ने नगर पंचायत में दशकों तक अध्यक्ष- उपाध्यक्ष पद पर अपना कब्जा बनाए रखा, उस पार्टी को उपाध्यक्ष के चुनाव में केवल प्रत्याशी का ही वोट मिला जो की बड़ी ही शर्मनाक पराजय है, तथा नगर पंचायत के चुनाव में जहां कांग्रेस के उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी को केवल एक वोट मिला, तो वही दशकों के बाद भारतीय जनता पार्टी ने इस नगर पंचायत के उपाध्यक्ष चुनाव में अपनी ऐतिहासिक जीत दर्ज करी है, तथा अन्नपूर्णा परिवार बाराद्वार के प्रतिष्ठित व्यवसायी, समाजसेवी स्वर्गीय राजेश शर्मा के सुपुत्र एवं प्रतिष्ठित उद्योगपति दिनेश शर्मा के भतीजे जितेश शर्मा ने जहां नगर पंचायत बाराद्वार के चुनाव के पार्षद नामांकन दाखिले के समय ही निर्विरोध प्रत्याशी के रूप में चुनाव में जीत दर्ज करी थी तो वहीं अब उपाध्यक्ष चुनाव में भी उन्होंने ऐतिहासिक वोटो से जीत दर्ज की है। नगर पंचायत बाराद्वार में कुल 15 वार्ड हैं, जहां 10 मार्च को हुए चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी खड़ा किया था, जिसे केवल एक वोट ही मिला एवं 14 वोट जितेश शर्मा को मिले, जितेश शर्मा की जीत पर जहां भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया तो वहीं नगर पंचायत बाराद्वार में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव पर भारतीय जनता पार्टी को मिली जबरदस्त जीत से भाजपा उत्साहित है, एवं विगत दिनों अध्यक्ष के चुनाव में भी भाजपा के नारायण कुर्रे ने इस सीट पर अपना कब्जा जमाया था, तो वहीं अब जितेश शर्मा उपाध्यक्ष जीत कर आये हैं, एवं बाराद्वार शहर के प्रतिष्ठित अन्नपूर्णा परिवार ने भी राजनीति के क्षेत्र में विगत महीनो में लगातार सफलताएं अर्जित की हैं,जिला पंचायत शक्ति के क्षेत्र क्रमांक -01 के प्रथम जिला पंचायत सदस्य के रूप में जहां आयुष शर्मा ने जीत दर्ज कर एक रिकॉर्ड बनाया, तो वहीं अब जितेश शर्मा की जीत भी अन्नपूर्णा परिवार के लिए राजनीतिक रूप से काफी फायदेमंद साबित हुई है। जितेश शर्मा की ऐतिहासिक जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी पटाखे फोड़कर और मिठाइयां बांटकर जीत की खुशी मनाई तो वही पूरे बाराद्वार शहर में जश्न का माहौल है,एवं अन्नपूर्णा प्रतिष्ठान ने भी उपाध्यक्ष चुनाव में मिली इस बड़ी जीत पर नगर पंचायत के पार्षद गणों एवं शहर वासियों का भी आभार व्यक्त किया है,एवम कहा है कि आज सभी के सहयोग एवं आशीर्वाद से जितेश शर्मा को यह सफ्लता हासिल हुई है।

होली मिलन समारोह में उमड़ा जनसैलाब, नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने जनता का जताया आभार

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर शानदार जीत दर्ज करने के उपलक्ष्य में नवनिर्वाचित अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी द्वारा भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह भव्य कार्यक्रम मां चंडी मंदिर प्रांगण, नेवनारा में संपन्न हुआ, जिसमें प्रेम, सौहार्द्र और उत्साह का अद्भुत नज़ारा देखने को मिला। इस ऐतिहासिक आयोजन में बेमेतरा जिला एवं समस्त बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, समस्त कार्यकर्ता एवं हज़ारों की संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। रंगों और उमंगों के इस पर्व में सभी ने एकजुट होकर समर्पण, सेवा और विकास के संकल्प को दोहराया। इस शुभ अवसर पर कल्पना योगेश तिवारी जी ने जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहाः यह जीत मेरी नहीं, बल्कि आप सभी की जीत है। बेमेतरा की जनता ने जो प्रेम और समर्थन मुझे दिया, वह मेरे लिए अनमोल है।

मैं आपके विश्वास पर खरी उतरूंगी और बेमेतरा के हर गांव में विकास की गंगा बहाने का संकल्प लेती हूँ। कार्यक्रम के दौरान होली के पारंपरिक रंगों से सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएँ दीं और भाईचारे का संदेश दिया। मंच से भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भी संबोधित किया और बेमेतरा के उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने एकजुट होकर बेमेतरा को विकसित और सशक्त बनाने के लिए समर्थन जताया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि कल्पना योगेश तिवारी जी के नेतृत्व में क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा और हर गाँव तक जनकल्याणकारी योजनाएँ पहुँचाई जाएंगी।

एसएसपी बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने थाना नवागढ संबलपुर, मारो का किया औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने थाना नवागढ, पुलिस चौकी संबलपुर एवं चौकी मारो का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना में उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। तथा शाम को चौक-चौराहों में विजिबल पुलिसिंग करने और रात्रि गस्त के दौरान संदिग्ध वाहनो की चेकिंग कार्यवाही करने व मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने दिए गए दिशा निर्देश। तथा अवैध कारोबारियो, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने तथा लंबित अपराधो, मर्ग, गुम, शिकायत और लंबित वारंटो की निकाल करने एवं असमाजिक तत्वो के विरूद्ध अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक एवं बाउंड ओवर की कार्यवाही करने व सभी अधिकारियो व जवानो को आमजन/ महिला आगंतुक / रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरता पुर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने तथा थाना की साफसफाई हेतु विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया। चोरियो एवं अपराधो पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त सुदृढ करने, गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त के दौरान हाटल, लाज, ढाबा, एटीएम, बैक, बस स्टैण्ड, प्रतिक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियो कि चेकिंग करने, अधिकारियों व जवानों को रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त कर गली - मोहल्लें एवं चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नजर रखने, साथ ही आसपास के ग्रामीण इलाकों में गस्त को बढ़ाने व लगातार रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त करने व ऑपरेशन ईगल अभियान चलाकर लंबित स्थाई वारंट एवं गिरफ़्तारी वारंट तामिल करने दिए गए दिशा निर्देश।त्रिनयन एप के माध्यम से बेमेतरा जिले के लिए विकसित सीसीटीवी कैमरा का डेटाबेस है जो तेजी से अपराध सुलझाने के लिए पुलिस को सशक्त बनाने, सायबर अपराध पर नियंत्रण हेतु रेंज तथा जिलों में सायबर प्रहरी का प्रचार-प्रसार कर व्हाट्सएप ग्रुप बीट वाईस बनाया गया है उसमें अधिक से अधिक लोगो को जोडकर जन जागरूकता अभियान चलाया जाने निर्देशित किया गया।

भाजपा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष सहित अन्य लोगों ने की कलेक्टर से मुलाकात

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के नेतृत्व में नगर विकास हेतु नगर पालिका अध्यक्ष लोधीराम एक्का सहित पार्षदों ने कलेक्टर से सौजन्य मुलाकात करते हुए कई मांगों को उनके समक्ष रखा गया। सर्वप्रथम लोगों ने कलेक्टर राजेंद्र कटारा को गुलदस्ता भेंट करने उपरांत उनसे आग्रह किया गया कि नगर की जनता को प्रमुख सुविधा देने के लिए छठ घाट का निर्माण एवं शराब दुकान को अनियंत्रित जगह स्थांतरित करते हुए अटल व्यावसायिक परिसर हेतु पुराने अस्पताल की जमीन को हस्तांतरित करने स्ट्रीट लाइट एवं केबल विस्तार सहित बेहतर विद्युतीकरण कराने हेतु जनहित से जुड़े हुए और कई मांगे रखी गई। कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए कहां की नगर विकास हेतु आप लोगों की पहल अनुकरणीय है इसके लिए मेरी ओर से पूर्ण सहयोग किया जाएगा। इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष दिलीप सोनी, वार्ड क्रमांक 14 -पार्षद गौतम सिंह, वार्ड 08 के पार्षद योगेश गुप्ता, वार्ड 15 के पार्षद राकेश सिंह मिंटू, सांसद प्रतिनिधि मंगलम पाण्डेय सहित अन्य नगरवासी उपस्थित रहे।

तिल्दा नेवरा परीक्षा महाभियान को सफल बनाने बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

उल्लास साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 23 मार्च 2025 को महापरीक्षा अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए विकास खंड तिल्दा के चयनित ग्राम पंचायत एवं निकाय वार्ड के सभी ग्राम प्रभारी एवं प्रधान पाठकों का समीक्षा बैठक बी आर सी सभाकक्ष में विकास खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। विकास खंड शिक्षा अधिकारी आर पी दासजी ने सभी ग्राम प्रभारी को मार्च 2025 को सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा में उपस्थिति कराने वातावरण निर्माण करने घर घर जाकर सभी को परीक्षा में शामिल होने के लिये पीला चावल देकर निमंत्रण देने कहा विकास खंड स्त्रोत समन्वयक शर्मा ने सभी से महापरीक्षा अभियान को सफल बनाने के लिए आह्वान किया। विकास खंड नोडल अधिकारी बी आर पान्से सर दीवार लेखन कर वातावरण निर्माण करने एवं सभी को सफल बनाने एवं अवार्ड शीट के बारे में जानकारी दिए। सहायक नोडल अधिकारी शिव प्रसाद बर्मन ने उल्लास पोर्टल में आनलाइन पंजीयन करने एवं स्कोरकार्ड की इंट्री किस तरह से किया जाएगा इसकी जानकारी प्रदान किए।

छोटी-मोटी कार्रवाइयों से वाहवाही लूट रही साइबर टीम, बड़ी लूट के अपराधी अब भी फरार

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

जिले की साइबर टीम इन दिनों छोटी-मोटी अपराधों पर कार्रवाई कर वाहवाही लूटने में व्यस्त नजर आ रही है, जबकि जिले में हुई 78 लाख की लूट का मामला अब भी ठंडे बस्ते में पड़ा है। खोखरा स्थित शराब दुकान के पास दो बदमाशों ने सिक्योरिटी गार्ड को गोली मारकर यह लूट की वारदात अंजाम दी थी, लेकिन पुलिस अब तक आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है।

छोटी मछलियों पर शिकंजा, मगर बड़ी लूट पर चुप्पी-पिछले कुछ दिनों में साइबर टीम ने सट्टा और छोटी चोरी के मामलों में कई गिरफ्तारियां की हैं, लेकिन जनता का कहना है कि ये कार्रवाई केवल दिखावे के लिए की जा रही है। लोग आरोप लगा रहे हैं कि पुलिस उन्हीं मामलों में रुचि लेती है, जहां से कुछ 'फायदा' मिलता है, जबकि संगीन अपराधों को नजरअंदाज किया जा रहा है।

बड़े अपराधों पर कार्रवाई क्यों नहीं?-लोगों का कहना है कि जब आम आरोपी किसी बड़े नाम का खुलासा करता है, तो पुलिस तुरंत कार्रवाई करती है, लेकिन जब खुद उनके विभाग पर सवाल उठते हैं, तो जांच को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। चांपा सट्टा मामले में सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिल चुके हैं, फिर भी अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

आईपीएल सीजन में फिर होगी 'हरकतें'-अब कुछ ही दिनों में आईपीएल शुरू होने वाला है, और लोगों का कहना है कि सट्टा बाजार में फिर से साइबर टीम के कुछ संदिग्ध कर्मचारी सक्रिय होंगे। जनता को अब लगभग यह साफ हो गया है कि पुलिस किस दिशा में काम कर रही है और किस तरह से अपराधों पर पर्दा डालने की कोशिश हो रही है।

चौथी बार निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित होने का गौरव हासिल किया पूनम ने

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

कहते हैं कि जनता के सुख-दुख में सदैव जन सेवक के रूप में काम करने वाला व्यक्ति एवं जरूरतमंदों की सेवा तथा सकारात्मक सोच लेकर हमेशा जो व्यक्ति काम करता है, उसे जीवन में सदैव सफलता मिलती है, कुछ इसी तरह से शक्ति जिले के अंतिम छोर डभरा विकासखंड के ग्राम पंचायत डोमनपुर के निवासी पूनम चंद अग्रवाल एक मिसाल बने हुए हैं,तथा वे ग्राम पंचायत डोमनपुर के जहां चार बार निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित होकर एक सच्चे जन सेवक के रूप में काम कर रहे हैं, तो वहीं गोपाल महाप्रभु एवं चंद्रहासिनी सार्वजनिक न्यास चंद्रपुर के हुए फाउंडर ट्रस्टी भी हैं, तथा ग्राम पंचायत डोमनपुर के पूर्व में सरपंच भी रह चुके हैं एवं वर्तमान में सेवा सहकारी समिति क्रमांक- 1847 अमलडीहा का उन्हें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अध्यक्ष भी मनोनीत किया गया है. तथा उनके कुशल नेतृत्व में जहां इस वर्ष धान खरीदी का कार्य भी सुचारू ढंग से संपन्न हुआ, तो वहीं छत्तीसगढ़ प्रदेश के बिष्णु देव् सरकार की किसानों से संबंधित जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन भी वे अपने सेवा सहकारी समिति क्षेत्र में कर रहे हैं, एवं सन 1995 से वे उप सरपंच तथा विधायक प्रतिनिधि के पद पर रहने के साथ ही साल 2005 में ग्राम पंचायत डोमनपुर के सरपंच निर्वाचित हुए एवं सन 2010 एवम 2015 में निर्विरोध सरपंच बने, पूनम साल 2020 में आश्रित गांव गोविंदपुर से पंच निर्वाचित हुए तो वहीं भारतीय जनता पार्टी के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक की भी जिम्मेदारी निभा रहे हैं, ग्राम पंचायत डोमनपुर से निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित होने पर ग्राम पंचायत के सभी नागरिक बंधुओ ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है, तो वहीं भारतीय जनता पार्टी परिवार सहित गोपाल जी महाप्रभु एवं चंद्रहासिनी सार्वजनिक न्यास ट्रस्ट चंद्रपुर ने भी होने बधाई दी है। ज्ञात हो की चंद्रहासिनी ट्रस्ट के फाउंडेर ट्रस्टी रहते हुए पूनम चंद्र अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन में जहां निरंतर ट्रस्ट द्वारा भी सेवा के काम किया जा रहे हैं, तो वहीं वे सदैव ट्रस्ट के माध्यम से भी धार्मिक कार्यों में अग्रणी रहते हैं एवं ग्राम पंचायत डोमनपुर में भी उनके कुशल प्रबंधन से जहां किसान भी सेवा सरकारी समिति में धान खरीदी की सुचारू व्यवस्था से खुश हैं, तो वहीं किसानों ने भी कहा है कि पूनम चंद्र अग्रवाल जैसे प्रखर व्यक्तित्व के धनी लोक सेवक के उप सरपंच जैसे प्रमुख पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने पर गांव के विकास में भी एक अहम योगदान होगा। वहीं पूनम चंद अग्रवाल की बात करें तो पूनम चंद अग्रवाल का पूरा परिवार चिकित्सा के क्षेत्र में भी अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से राजधानी रायपुर में रहकर एक उच्च चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवा रहा है, तथा धर्म के क्षेत्र में भी इनका पूरा परिवार अग्रणी रहता है, तथा पूनम चंद्र अग्रवाल ने भी गोपाल जी महाप्रभु एवं चंद्रहासीनी सार्वजनिक न्यास ट्रस्ट चंद्रपुर द्वारा संचालित स्कूल को भी बेहतर ढंग से संचालित करने में एवं वहां की व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने में हमेशा से अपना अहम योगदान दिया है।

तथा भारतीय जनता पार्टी परिवार में भी उनका

पत्र में मवेशी बाजार की नीलामी/विभागीय वसूली हेतु पशु पंजीयन शुल्क में वृद्धि करने सहित नगर, क्षेत्र और जन हितार्थ कार्यों को गतिशीलता प्रदान करने का आग्रह किया है

डॉ.शांति कुमार कैवर्त्य ने नगर व क्षेत्र के विकास के लिए लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत शिवरीनारायण चुनाव-2025 के के दौरान नगर पंचायत शिवरीनारायण के पूर्व अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने नगर के मास्टर प्लान के अग्रदूत कहे जाने वाले पूर्व अध्यक्ष डॉ.शांति कुमार कैवर्त्य से कहा था कि यहां भाजपा चुनाव जीतेगी तो आपकी घोषणा पत्र के सभी मुद्दे पूरी कराएंगे। इसी को दृष्टिगत रखते हुए डॉ. कैवर्त्य ने नगर पंचायत शिवरीनारायण के चुनाव 2025 में अध्यक्ष पद सहित भाजपा पूर्ण बहुमत में आने पर उनके सभी 32 मुद्दे पूरी कराने संजय अग्रवाल को पत्र प्रेषित किया है। इस हेतु नगर पंचायत शिवरीनारायण के उपाध्यक्ष चुनाव के पश्चात परिषद की प्रथम बैठक की एजेंडे में इन मुद्दों को शामिल कर प्रस्ताव पारित कराकर इसे पूरी कराने का आग्रह किया है। साथ ही नवनिर्वाचित नपं. राहुल थवाईत से अपेक्षित कार्यों में उनका सहयोग कर नगर, क्षेत्र व जन हितार्थ कार्यों में निरंतर सहभागी बने रहने का निवेदन भी किया है। इसकी प्रतिलिपि नपं. नवनिर्वाचित अध्यक्ष राहुल थवाईत को संप्रेषित कर उनसे नगर पंचायत शिवरीनारायण की परिषद बैठक में उक्तानुसार प्रस्ताव पारित कराकर नगर, क्षेत्र व जनहित में इन 32 मुद्दों को पूरी कराने तथा नगर पंचायत शिवरीनारायण की आय में वृद्धि हो, इस हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 की मवेशी बाजार की नीलामी अथवा विभागीय वसूली हेतु मवेशी बाजार पशु पंजीयन शुल्क की राशि में यथोचित वृद्धि का परिषद की बैठक में प्रस्ताव पारित कराकर तदनुसार वित्तीय वर्ष 2025- 26 में मवेशी बाजार की नीलामी अथवा विभागीय वसूली कराने का आग्रह किया है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष को लिखा इस पत्र में यह भी आग्रह किया गया है कि महानदी रेत घाट में होने वाले रेत की अवैध खनन/परिवहन की रोकथाम हेतु महानदी- पाल कछार कृषकों को रेत लायल्टी का अधिकार प्रदान करने परिषद में प्रस्ताव पारित कर यहां बैराज बनने से पाल कछार कृषि कार्य करने से वंचित इन पाल कछार कृषकों को रोजगार प्राप्त हो, इस हेतु इन्हें रेत लायल्टी का अधिकार दिया जाए। वहीं नगर के पात्र नागरिकों को आबादी जमीन का पट्टा दिलाएं तथा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिले के एकमात्र नगर पंचायत शिवरीनारायण में लागू होने वाली 100 वर्षीय मास्टर प्लान हेतु अरबों रुपए की शासकीय व सेवा भूमियों पर कब्जा करने वालों की बेदखली कराकर नगर के नवनिर्माण में ऐतिहासिक कार्य करने, नगर क्षेत्रांतर्गत सभी शासकीय, अशासकीय आदि कार्यालयों/ संस्थानों के कार्यों में कसावट व पारदर्शिता लाने हेतु इनके प्रमुखों से निरंतर समन्वय/संपर्क स्थापित कर जनहितैषी कार्य कराने में महती भूमिका निभाते हुए जनमानस के समक्ष अपना एक आदर्श प्रस्तुत करते हुए नगर में आगामी शिक्षण सत्र 2025-26 से नगर में माता शबरी के नाम से शासकीय नवीन महाविद्यालय और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ कराने परिषद का प्रस्ताव पारित कराकर शासन को यथाशीघ्र भेजा जाना सुनिश्चित कर आगामी शिक्षण सत्र 2025-26 में शिवरीनारायण में उक्त महाविद्यालय और स्कूल खुलवाने का भी निवेदन किया है। साथ ही नगर पंचायत परिषद के पूर्ववर्ती कार्यकाल के दौरान नगर क्षेत्रांतर्गत हुए/हो रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का भुगतान शेष हो तो इसकी भुगतान की स्वीकृति देने के पूर्व इन कार्यों की प्राक्कलन इत्यादि की गहनता से अवलोकन कर भुगतान करने की स्वीकृति किया जाए और यदि प्राक्कलन के अनुसार कार्य न हो, प्रमाणित न हो अथवा गड़बड़ी हुई हों तो इसकी भुगतान न कर प्राक्कलन के अनुरूप ही पुनः कार्य कराने के पश्चात ही भुगतान की स्वीकृति की कार्रवाई किया जाए। ताकि किसी तरह की कोई भी वित्तीय अनियमितताएं न हो और न ही नगर पंचायत को कोई आर्थिक क्षति हो। नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष डॉ. कैवर्त्य ने अपने इस पत्र में नवनिर्वाचित अध्यक्ष को यह भी लिखा है कि नगर पंचायत के अधिकारी- कर्मचारियों के वेतन-देयक पत्रक में किसी तरह अनियमितताएं न हो, इस पर भी विशेष ध्यान देवे। जिससे कोई वित्तीय गड़बड़ी न होने पाए। छत्तीसगढ़ विधानसभा में राज्य में जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार गुंजा तो इस पर डिप्टी सीएम साव ने जवाब दिया कि जब तक पूरा काम प्रमाणित नहीं होगा तो ठेकेदारों को भुगतान नहीं किया जाएगा और उन्होंने ऐलान भी किया कि ऐसी स्थिति में कड़ी कार्रवाई करेंगे। यदि नगर पंचायत परिषद शिवरीनारायण के कार्यो में ऐसी स्थितियां निर्मित होंगी तो डिप्टी सीएम साव का अनुसरण कर ऐसी कठोर कार्रवाई करने का आग्रह नपं.अध्यक्ष थवाईत से किया है। साथ ही डॉ.कैवर्त्य ने नगर पंचायत परिषद और प्रेसिडेंट इन काउंसिल की होने वाली प्रत्येक बैठक की कार्यवाही देखने हेतु उन्हें दर्शक-दीर्घा में बैठने उचित स्थान देने का आग्रह भी नपं. के नव निर्वाचित अध्यक्ष से किया है।

शक्ति में 10 मार्च को निकली खाटू वाले श्याम जी की भव्य निशान यात्रा, 5000 श्याम प्रेमियों ने उठाए निशान

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

शक्ति शहर में 10 मार्च को श्री श्याम परिवार एवं श्री राधा कृष्ण मंदिर सेवा समिति द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित फाल्गुन ग्यारस महोत्सव के पावन मौके पर श्री राम मंदिर से भव्य निशान यात्रा प्रारंभ हुई, रथ पर बाबा श्याम सवार होकर लोगों को अपना आशीर्वाद दे रहे थे तो वहीं करीब 5000 की संख्या में श्याम प्रेमी इस निशान यात्रा में निशान उठाकर चल रहे थे एवं निशान यात्रा शहर के श्री राम मंदिर, हटरी चौक, नवधा चौक, अग्रसेन चौक, गौरव पथ मार्ग,कोरबा बस स्टैंड होते हुए श्री राधा कृष्ण मंदिर पहुंची, जहां लोगों ने बाबा श्याम को निशान अर्पित किए तो वहीं पूजा अर्चना हुई एवं भजनों का भी कार्यक्रम हुआ, 10 मार्च को श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में भव्य श्री श्याम महोत्सव का आयोजन किया गया है, जिसमें देश के प्रसिद्ध भजन गाइको ने अपनी प्रस्तुति दी तो वहीं खाटू वाले श्याम जी का दरबार भी सजा एवं ज्योत भी प्रज्वलित हुई।

डौंडीलोहारा नगर पंचायत उपाध्यक्ष सीट पर भी हुआ भाजपा का कब्जा, नेहा उपाध्याय जीती चुनाव, 16 में से मिले 12 मत

पायनियर संवाददाता ✓ डौंडीलोहारा
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत डौंडीलोहारा में जहां भाजपा समर्थित अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम विजय हासिल कर चुके हैं। तो वही सोमवार को संपन्न हुए नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव में भी भाजपा की समर्थित प्रत्याशी पार्षद नेहा उपाध्याय ने जीत हासिल की। अध्यक्ष और पार्षद मिलाकर कुल 16 वोट में से 12 वोट नेहा उपाध्याय को मिले। तो कांग्रेस समर्थित पार्षद किशोर दीवान को मात्र चार वोट हासिल हुआ। इस तरह काफी बहुमत के साथ नेहा उपाध्याय ने जीत दर्ज की। नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव के लिए भाजपा की ओर से प्रभारी के तौर पर बालोद के भाजपा नेता व पूर्व नगरपालिका बालोद अध्यक्ष एवं चुनाव प्रभारी राकेश यादव भी पहुंचे हुए थे। तो वहीं स्थानीय टीम से जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, भाजपा मंडल

अध्यक्ष कुसुम शर्मा और नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम इस चुनाव को लेकर गंभीरता से सक्रिय थे। सभी पार्षदों को एकजुट करते हुए किसी भी तरह से विपक्ष को मौका न देने की रणनीति बनाते हुए उक्त विजय हासिल की गई। इस जीत के उपरांत नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय को मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा सहित चुनाव प्रभारी राकेश यादव अन्य नेताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। तो वही सभी भाजपाइयों ने सामूहिक रूप से नारेबाजी के साथ संक्षिप्त विजय रैली निकालकर जश्न मनाया। इस तरह अब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों ही सीट पर डौंडीलोहारा में भाजपा का कब्जा हो गया है। जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं सहित नेताओं में हर्ष का माहौल है। तो वही इस जीत पर मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने सभी समर्थित पार्षदों को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि हम सब की एकजुटता इसी तरह कायम रहे और आगे भी ट्रिपल इंजन सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर हमें नगर का सर्वांगीण विकास करना है।

नगर का विकास अब तीव्र गति से होगा–चुनाव प्रभारी के रूप में पहुंचे भाजपा नेता राकेश यादव ने भी उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई नेहा उपाध्याय को बधाई देते हुए कहा कि मिलजुल कर काम करेंगे और नगर विकास की नई गाथा लिखेंगे। उन्होंने मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा और नगर पंचायत अध्यक्ष निवेंद्र सिंह टेकाम की सक्रियता की भी सराहना की। अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने भी चुनाव प्रभारी राकेश यादव, उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल और मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा का इस चुनाव को लेकर सक्रियता और रणनीति बनाए जाने को लेकर आभार व्यक्त किया और एक मजबूत टीम के साथ अब नगर विकास के कार्यों में जुटने की बात कही। उन्होंने नगर वासियों को भी आश्वस्त किया कि केंद्र, राज्य के साथ अब नगर पंचायत में भाजपा की सत्ता है। नगर का विकास अब तीव्र गति से होगा। रुके हुए काम शुरू होंगे।

उपाध्यक्ष ने अध्यक्ष सहित समस्त पार्षदों का आभार–नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय ने प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा संगठन और नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम का आभार जताया। उन्होंने कहा कि 15 साल बाद भाजपा से उपाध्यक्ष बनने का अवसर मुझे मिला है। इसके लिए मैं सभी हमारे पार्षद साथियों और भाजपा संगठन के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता, नेताओं का आभार व्यक्त करती हूं। साथ ही समस्त नागरिकों की भी आभारी हूं जिन्होंने मुझे मेरे वार्ड क्रमांक 6 के चुनाव के दौरान भी मतदान रूपी आशीर्वाद दिया था और अब नगर पंचायत उपाध्यक्ष में भी भाजपा संगठन ने मुझ पर भरोसा जताया। नगर पंचायत अध्यक्ष व सभी हमारे भाजपा पार्षदों ने मिलकर एकजुटता के साथ मुझे जिताया है। इस जीत पर समस्त पार्षदों और भाजपा कार्यकर्ताओं, नेताओं का प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए उन्होंने आभार जताया और अपने वार्ड 6 में पार्षद के साथ उपाध्यक्ष का पद संभालते हुए अपने दायित्वों पर खरा उतरने की बात कही।

यह रहे मौजूद–इस दौरान प्रमुख रूप से चुनाव प्रभारी राकेश यादव, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोहारा कुसुम शर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, हरीश कटझरे, पालक ठाकुर, संदीप लोढा, जशराज शर्मा, धर्मेंद्र निषाद, सुभद्रा ताडेकर, ममता यादव, ममता शर्मा, गायत्री देवांगन, नेहा उपाध्याय, सूर्यकला ठाकुर, रेवती कोलहारे, दसोदा भूआर्य, शिवानी भंसाली, रहिमत कोसमा, अशोक उइके, प्यारेलाल निषाद, पायल सोनी, लता गुप्ता, पलाश गुप्ता, शोभा राजपूत, बीरसिह कोसमा, महावीर तातेड, धीरेंद्र टाक, पलाश गुप्ता, राजू भंसाली, धीरज जैन, दिलीप बाफना, संदीप भंसाली, तुकाराम साहू, आरती सचेती, प्रणव साहू निखिल शर्मा, मनीष राजपूत, सुरेश देवांगन, सोमेन्द्र देशमुख, धन्नो यादव, संतोष यादव आदि मौजूद रहे।

निर्दलीयों का भी मिला साथ–ज्ञात हो कि नगर पंचायत चुनाव में लोहारा के कुल 15 वार्डों में से 8 वार्डों में भाजपा के प्रत्याशी और तीन में निर्दलीय और चार वार्डों में कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी जीतकर आए हैं। जिस तरह 12 वोट नगर पंचायत उपाध्यक्ष चुनाव में नेहा उपाध्याय को हासिल हुआ, इससे यह माना जा रहा है कि जो तीन निर्दलीय पार्षद जीत कर आए थे। उनका भी उन्हें अप्रत्यक्ष साथ मिला।

जिसके चलते उन्होंने बहुमत के साथ जीत हासिल की। तो वहीं कांग्रेस की ओर से उतारे गए प्रत्याशी किशोर दीवान को अपने ही चार कांग्रेसी पार्षदों (स्वयं सहित) का वोट मिला है. हालांकि मतदान गुप्त होता है। पर आठ भाजपाई पार्षद होने के बाद भी कुल 12 वोट हासिल करने पर निर्दलीयों का समर्थन भी प्राप्त होने की चर्चा नगर में है।

संस्कार द गुरुकुल स्कूल ने लॉन्च किया भारत का पहला फीस रीइंबर्समेंट कार्ड

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

संस्कार द गुरुकुल ने छात्रों के लिए स्कूल में फीस रीइंबर्समेंट कार्ड लॉन्च किया है। इस कार्ड का इस्तेमाल कर छात्र स्कूल से जुड़े भुगतान जैसे- फीस, लाइब्रेरी शुल्क, कैंपस व कैंटीन खर्च आदि पर फायदा प्राप्त कर सकते हैं। विद्यालय ने इसे रोहित शर्मा समर्थित कंपनी लियो1 के साथ साझेदारी में लॉन्च किया है। इस कार्ड को लॉन्च करने का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में एक फीस रीइंबर्समेंट इकोसिस्टम बनाना है ताकि अभिभावकों और बच्चों को बढ़ती हुई स्कूली शिक्षा के खर्च पर कुछ लाभ दिया जा सके। संस्कार द गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर, अमित कुमार जैन ने कहा, संस्कार द गुरुकुल की स्थापना युवाओं को अच्छी शिक्षा, उनके व्यक्तित्व कोबेहतरबनानेऔर उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए

की गई थी। लियो1 के साथ हमारी ये साझेदारी विद्यालय के दृष्टिकोण की दिशा में शिक्षा प्रणाली में फाइनेंसियल टेक्नोलॉजी को इंटीग्रेट करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। फीस रीइंबर्समेंट कार्ड न केवल माता-पिता और छात्रों को कुशलतापूर्वक फीस का प्रबंधन करने में मदद करेगा, बल्कि स्कूल को स्थिर कैश फ्लो बनाए रखने में भी सक्षम करेगा, जिससे शैक्षणिक और एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज में भी निरंतर सुधार सुनिश्चित होगा। यह साझेदारी हमारे परिसर को फ्यूचर रेडी और स्मार्ट स्कूल भी बनाएगी। लियो1के प्रबंध निदेशक और संस्थापक रोहित गजभिये ने कहा, एजुकेशन फीस को मैनेज करना छात्रों और संस्थानों दोनों के लिए एक चुनौती हो सकता है। कंपनी का फीस रीइंबर्समेंट कार्ड यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक शुल्क भुगतान पर छात्रों को कुछ वित्तीय मूल्य का फायदा हो और इसे वह अलग-अलग रोजमर्रा के प्लेटफॉर्म्स पर इस्तेमाल कर पाएं। हमारा लक्ष्य स्कूलों को स्थिर कैश फ्लो बनाए रखने में मदद करते हुए शिक्षा को अधिक वित्तीय रूप से फायदेमंद बनाना है ताकि वे अपनी सुविधाओं को बढ़ा सकें और नए साहित्य, पाठ्यक्रम और एक्स्ट्रा करिकुलर गतिविधियों को शुरू करके समाज में और भी अधिक योगदान दे सकें। संस्कार द गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के साथ यह साझेदारी शिक्षा भुगतान को सभी के लिए स्मार्ट और अधिक लाभदायक बनाने की दिशा में एक कदम है और कंपनी टियर 2 और टियर 3 शहरों में विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

समय को लेकर पाबंद बनें सफाईकर्मी : अश्वनी शर्मा

फील्ड में उतरे नपा अध्यक्ष, नगर में स्वच्छता पर जोर, दो सफाईकर्मियों को हटाया, तत्काल दूसरों की

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा नगर के प्रथम नागरिक नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ही फील्ड में उतर गए और शहर की स्वच्छता का जायजा लिया। इस दरम्यान समय पर अपने निर्धारित स्थल पर मौजूद नहीं रहने वाले दो सफाईकर्मी को तत्काल प्रभाव से हटाते हुए उनके स्थान पर अन्य को जिम्मेदारी सौंपी गई। नपा अध्यक्ष ने सुबह 7 बजे से सफाईकर्मियों की बैठक भी आहूत की और स्पष्ट निर्देश दिया कि सफाईकर्मी समय के पाबंद बनें। उन्होंने नगर की स्वच्छता पर जोर देते हुए काम में कोताही करने वालों पर कार्रवाई की बात कही। गौरतलब है पर नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण के पश्चात अश्वनी शर्मा की नियमित सक्रियता देखी जा रही है। नगर को स्वच्छ, सुंदर बनाने के विजन

को काम कर रहे शर्मा शहर के अनेक इलाकों में स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेने निकले। शहर भ्रमण के बाद सुबह 7 बजे नगर पालिका परिषद कार्यालय के सामने सफाईकर्मियों के साथ बैठक की। नपा अध्यक्ष शर्मा ने सीधे निर्देश देने के बजाय पहले सफाईकर्मियों से उनकी समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान सफाईकर्मियों ने बताया कि शहर में कुछ लोग व्यक्तिगत कार्य करने के लिए बाध्य करते हैं तो कई क्षेत्रों में लोगों द्वारा नालियों में भी अतिक्रमण जैसी वजहों से समुचित सफाई कार्य में दिक्कतों का सामना उन्हें करना पड़ता है। इस पर नपा अध्यक्ष ने किसी भी तरह से व्यक्तिगत कार्य नहीं करने और क्षेत्र में उनके कार्य को बाधित करने वाले व्यक्ति के संबंध में सीधे सूचित करने को कहा। दूसरी ओर समय पर अपने क्षेत्रों में सफाई के लिए नहीं पहुंचने वाले सफाईकर्मियों पर नाराज़गी जताते हुए नगर पालिका अध्यक्ष शर्मा ने नगर निगम परिषद के अंतर्गत कार्य करने वाले सफाईकर्मियों समेत सभी को समय का पाबंद बनने के लिए कहा।

संत रविदास वार्ड में पहुंचकर जनता से की चर्चा–भाटापारा नगर पालिका के संत रविदास वार्ड में राज्य गठन के बाद पहली बार भाजपा जीतकर आयी है। अब तक इस वार्ड से कांग्रेस ही जीत दर्ज करती रही है। नगर पालिका में कांग्रेस समर्थित सरकार होने के बाद भी संत रविदास वार्ड में वर्षों से सफाई व्यवस्था बदहाल है। यहां चारों ओर गंदगी का आलम रहा है और कचरे का अंबार है। नालियां बजबजा रही हैं, लेकिन न जनप्रतिनिधियों ने ध्यान दिया न नगर पालिका परिषद के अधिकारियों का ध्यान रहा। ऐसे में नगर पालिका अध्यक्ष शर्मा ने संत रविदास वार्ड पहुंचकर पहले पूरे वार्ड का भ्रमण किया, फिर वार्डवासियों से उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं पर चर्चा की। नपा अध्यक्ष शर्मा ने जल्द संत रविदास वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था बहाल करने के साथ ही वार्डवासियों के सहयोग से वार्ड का कायाकल्प का वायदा किया।

मोती गार्डन में नहीं मिले सफाईकर्मी, हटाया –नगर की स्वच्छता व्यवस्था को देखने निकले नपा अध्यक्ष सुबह नगर पालिका परिषद कार्यालय के सामने स्थित मोती गार्डन भी पहुंचे। मोती गार्डन में नियमित रूप से सफाई के लिए दो सफाईकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। नपा अध्यक्ष शर्मा द्वारा निरीक्षण के दौरान दोनों सफाईकर्मी नदारत मिले, जिस पर नाराज़गी जताते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने सीएमओ को दोनों सफाईकर्मी को तत्काल हटाने और उनकी जगह अन्य को नियुक्त करने निर्देशित किया।

सीमांकन से किसान परेशान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पंडरिया से की शिकायत

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

पंडरिया में अपनी ही जमीन के सीमांकन के लिए किसान को राजस्व निरीक्षक द्वारा लगभग 10 माह से किया जा रहा है परेशान। यह पूरा मामला है पंडरिया ब्लाक के कुकदुर तहसील का जहाँ पंडरिया निवासी विमल बरगाह पिता क्षेमभद्र सिंह बरगाह के भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम कूलही डोंगरी में खसरा नबर 90, 97, 117 व 129 जिसका रकबा 0.121, 0.409, 0.813 एवं 0.648 हेक्टेयर कुल खसरा नबर 04 कुल रकबा 1.991 हेक्टेयर भूमि स्थित है, जिसके भूमि सीमांकन के लिए विमल बरगाह द्वारा आवेदन दिया गया था। जिस पर नायब तहसीलदार कुकदुर द्वारा 18/03/2024 को राजस्व निरीक्षक को आदेशित किया गया है, किन्तु राजस्व निरीक्षक द्वारा आज पर्यन्त तक सीमांकन नहीं किया गया है। वहीं किसान द्वारा कई बार राजस्व निरीक्षक से मौखिक

रूप से मुलाक़ात करने पर लगातार घुमाया जा रहा है, वहीं सोमवार को भी राजस्व निरीक्षक से मोबाईल से संपर्क करने पर दो तीन बार काल जाने के बाद अपने मोबाईल को स्विच आफ कर दिया गया है, जिससे परेशान होकर किसान द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पंडरिया को आवेदन देकर अपनी स्वामित्व हक की भूमि का सीमांकन कराने का निवेदन किया गया है।

भाटापारा रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर में अब ऑन लाइन भुगतान की सुविधा शुरू, यात्रियों को चिल्हर की समस्या से मिलेगी मुक्ति

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से तीनो रेल मंडल में टिकटिंग प्रणाली में डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जिसके तहत अब भाटापारा स्टेशन पर भी यूटीएस काउंटर पर ऑन लाइन भुगतान की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। इस सुविधा के चालू होने से आम रेल यात्रियों को चिल्हर पैसों की होने असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। डीआरयूसीसी रायपुर रेल मंडल के सदस्य राजेश शर्मा ने रेलवे की इस पहल का स्वागत करते हुए रेल यात्रियों से रेल टिकट कतार से बचने डिजिटल भुगतान सुविधा का लाभ लेने की अपील की है। उपरोक्त संबंध में मिली जानकारी अनुसार बिलासपुर मुख्यालय से मिले निर्देश के बाद रायपुर रेल मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों के एक टिकट काउंटर को छोडकर अन्य टिकट काउंटरों पर ऑनलाइन भुगतान की सुविधा का प्रावधान

किया गया है। इस पहल के तहत टिकट काउंटर में बैठे कर्मचारियों द्वारा हर संभव सहायता की जा रही है, यात्रियों को ऑन लाइन भुगतान के साथ ही एटीवीएम से टिकट लेने के प्रक्रियाओं, इससे होने वाली फायदों तथा घर बैठे यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप माध्यम से टिकट लेने के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। इस पहल से यात्रियों को चिल्हर की समस्या, नकद लेन-देन की परेशानी से मुक्ति के साथ चिल्हर नहीं होने की स्थिति में ओवर चार्जिंग जैसी शिकायतों का समाधान तथा पारदर्शी टिकटिंग की सुविधा मिलेगी। उल्लेखनीय है कि डिजिटल टिकटिंग मोड को प्रोत्साहित करने, सेल्फ टिकटिंग को बढ़ावा देने तथा यात्री कतारों की परेशानी का सामना किए बिना टिकट खरीद सकें, इसी उद्देश्य से से रेलवे प्रशासन द्वारा स्टेशनों में ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम), यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है साथ ही क्यूआर कोड और यूपीआई आईडी के माध्यम से डिजिटल भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। रायपुर रेल मंडल सलाहकार समिति के सदस्य राजेश शर्मा ने रेल यात्रियों से डिजिटल भुगतान को अपनाकर रेलवे की इस नवीन पहल का लाभ उठाने और रेलवे को अधिक स्मार्ट और सुविधाजनक बनाने सहयोग की अपील की है।

ग्राम तरेंगा एवं कोलिहा की नवनिर्वाचित सरपंच और पंचो ने किया शपथ ग्रहण, उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा विधानसभा के ग्राम तरेंगा एवं कोलिहा की नवनिर्वाचित सरपंच एवं नवनिर्वाचित पंचो ने शपथ ग्रहण किया। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में दोनों ग्रामो में जीत मिलने के उपरांत सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने ग्राम के विकास की शपथ ली। इस दौरान ग्राम तरेंगा सरपंच त्रिवेणी धनेश साहू एवं ग्राम कोलिहा में गीता संतोषी साहू और पंचो ने शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण समारोह में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहें और सभी जनप्रतिनिधियों को शपथ ग्रहण करने की बधाई दी। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने सभी जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि जनता के जनादेश का सम्मान करते हुए सभी को मिलकर अपने ग्राम के विकास को आगे ले जाने एवं जनता की सुविधाओं का विस्तार करने के लिए संयुक्त प्रयास करना होगा। हमारा प्रमुख उद्देश्य अपने गांव में जनसुविधाओं का

विस्तार और अधोसंरचना निर्माण से एक विकसित एवं आदर्श ग्राम के रूप में विशेष पहचान दिलाना है, जिसके लिए हम कृतसंकल्पित हैं। मुझे विश्वास है कि सभी जनप्रतिनिधि अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा से पालन करेंगे। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि विगत 14 महीनों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मोदी जी की गारंटी को पूरा कर रही है। अब यह अवसर हमें मिला है कि भाजपा सरकार की कुशल नीतियों, विकास कार्यों और जन कल्याण के प्रति समर्पित योजनाओं को हमारे गाँव तक पहुंचाएं। मैं नवनिर्वाचित सरपंच और सभी पंचो से यह कहना चाहता हूँ कि हम सभी मिलकर अपने गांव, वार्ड का विकास सुनुश्चित करेंगे और समृद्ध भाटापारा विधानसभा के संकल्प को पूरा करेंगे। जनता की आकाँक्षाओं को पूरा करना एवं अधोसंरचना विकास और निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के लिए संयुक्त साझेदारी हमें निभानी होगी। बजट 2025-26 में भी हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं और प्रावधान किये गए हैं। उक्त अवसर पर मंडल अध्यक्ष नारायण साहू, सतीश सोनी, दिलीप चक्रधारी, रामकृष्ण साहू, संतोष साहू, धनेश्वर साहू, भोला देवांगन, संतोष चक्रधारी, डीग्गा साहू, जलेश्वर यदु सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ योग आयोग के पूर्व सदस्य रविंद्र सिंह ने बुके शाल व श्रीफल देकर प्रियंका मोदी को किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

इंटरनेशनल वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने कला और रचनात्मक के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए बिलासपुर छत्तीसगढ़ की कलाकार प्रियंका मोदी को अंतरराष्ट्रीय आइकान अवार्ड 2025 से सम्मानित किया है। प्रियंका के कलात्मक यात्रा जुनून, समर्पण और रचनात्मक उत्कृष्ट के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उनकी कलात्मक प्रतिभा के लिए उन्हें कला समुदाय में प्रशंसा और सम्मान दिलाया है। वे अपने काम के माध्यम से महत्वाकांक्षी कलाकारों और कला प्रेमियों को प्रेरित करती रहती है। कलात्मक अभिव्यक्ति के लिए गहरी प्रशंसा को बढ़ावा देती है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार कलात्मक प्रतिभा की उनकी अटूट खोज और रचनात्मकता की दुनिया में उनके अमूल योगदान को मान्यता देती है। प्रियंका पिछले 16 वर्षों से इस क्षेत्र में अपना योगदान दे रही

है और अनगिनत बच्चों के दिलों में कला के प्रति रुचि पैदा की है, यह कार्य निरंतर जारी है। प्रियंका को इसके अलावा और कई क्षेत्रों में रुचि है। जिसमें से एक प्रमुख है श्रीमद् भागवत गीता के संस्कृत श्लोक का पठन वे गीता के श्लोको को बच्चों को निःशुल्क सिखाती है। उनका मानना है की बच्चों में यदि पढ़ाई के साथ-साथ कलात्मक एवं आध्यात्मिक रुचि को बढ़ावा दिया जाए तो, बच्चों का चरित्र निर्माण बेहतर ढंग से किया जा सकता है। अवार्ड मिलने के बाद प्रियंका मोदी को छत्तीसगढ़ योग आयोग के पूर्व सदस्य रविंद्र सिंह ने बुके शाल व श्रीफल देकर उनका सम्मान किया है।

NAVA RAIPUR NAGAR VIKAS PRADHIKARAN
Paryavas Bhawan, North Block, Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar-492002, Chhattisgarh
Tel No : +91 771 2512500; Fax No : +91 771 2512400
Website : www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

E-Procurement Tender Notice

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for the following work:

NIT No. 90/HVAC-AMC III-PB/EE(E)/CE/NRANVP/2024-25 Nava Raipur Atal Nagar, Dist.-Raipur, Dated: 07.03.2025

Name of Work : "Comprehensive Annual Maintenance of HVAC System installed in Paryawas Bhawan at Sector-19 of Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur (C.G.)". (3rd Call)

Estimated cost: **INR 27.00 Lakh/Year,** EMD: **INR 54,000.00** Period of Completion: **36 Months**

Last Time & Date of Online Submission : 15:00 hrs on 24.03.2025

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

संवाद - 43171/4

**Chief Engineer,
NRANVP**

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली
जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नुराधन पिता ऋषि जाति केंवट निवासी मोहगांव तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम मोहगांव दिनांक 25/05/2016 को आवेदक के चाची सावित्री की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 12/03/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार
सरायपाली
जिला-महासमुंद**

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली
जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नुराधन पिता ऋषि जाति केंवट निवासी मोहगांव तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम मोहगांव दिनांक 28/04/2022 को आवेदक के बुआ कदली की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 12/03/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार
सरायपाली
जिला-महासमुंद**

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली
जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नुराधन पिता ऋषि जाति केंवट निवासी मोहगांव तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम मोहगांव दिनांक 15/07/2008 को आवेदक के दादी मां पूर्णवासी की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 12/03/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार
सरायपाली
जिला-महासमुंद**

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली
जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नुराधन पिता ऋषि जाति केंवट निवासी मोहगांव तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम मोहगांव दिनांक 05/11/2012 को आवेदक के बुआ गदला की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 12/03/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 23/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार
सरायपाली
जिला-महासमुंद**

84 लाख रुपए की ठगी करने वाला दो आरोपी 3 साल बाद गिरफ्तार

आरोपी लोगों को लेट्स ट्रेवल्स फ्री के माध्यम से टूर कराने के लिए करते थे धोखाधड़ी

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के दल्लीराजहरा पुलिस ने 84 लाख रूपये की ठगी करने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसमें महिला आरोपी भी शामिल है। आरोपी दिसम्बर 2022 से फरार थे। आरोपीयों द्वारा लोगो को लेट्स ट्रेवल्स फ्री के माध्यम से टूर कराने के लिए धोखाधड़ी किया जाता था। प्राप्त जानकारी अनुसार दल्लीराजहरा के वार्ड-9 निवासी रंजीत सिंह पन्नू पिता गुरूदयाल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी नागेश कुमार धारा एवं उसके सहयोगी आरती द्वारा दोनो मिलकर लेट्स ट्रेवल्स फ्री का एजेंसी दिलाने के नाम पर अपने बैंक खाते में अलग अलग किश्तों में कुल 84 लाख 30 हजार रूपये जमा कराया, लेकिन लेट्स ट्रेवल्स फ्री का एजेंसी नहीं बनाया तथा पैसा वापस न कर धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट पर दल्लीराजहरा थाने में अपराध क्र0 158/24 धारा 420,34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी एसआर भगत के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी, एवं मोनिका ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा डॉ. चित्रा वर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दल्लीराजहरा सुनील तिर्की के नेतृत्व में दल्लीराजहरा थाना एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर आरोपी की पता तलाश हेतु पूर्व में आरोपियों के निवास स्थान बैंगलोर कर्नाटक, केरल रवाना किया गया था, किन्तु आरोपी अपने ठिकाने से फरार था।

महिला आरोपी करती थी एकांउट से संबंधी और अन्य कार्यो की देखरेख – जिसके बाद गठित टीम द्वारा लगातार आरोपियों की पता तलाश की जा रही थी, जो आरोपियों का तकनीकि साक्ष्य के माध्यम से पता तलाश करने पर कुछ महिनो से मध्यप्रदेश के बालाघाट बैहर में होना पाया गया। जिसे दल्लीराजहरा पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा आरोपियों के छुपे स्थान में रेड कर पकडा गया। केरल राज्य अंतर्गत जिला कासरगोड कुडलू रामदास नगर निवासी आरोपी नागेश कुमार धारा पिता स्व. जनार्दन के (52वर्ष) और सहयोगी आरोपी आरती पिता सीताराम वाई (52वर्ष) से पुछताछ करने पर रंजित सिंह पन्नू को लेट्स फ्री ट्रेवल्स एजेंसी दिलाने के नाम पर रंजित सिंह से फोन पे, आरटीजीएस एवं चेक के माध्यम से आरोपी नागेश कुमार धारा अपने एक्सीस बैंक के खातों में 16 नवंबर 2022 को 15 लाख रूपये एवं 23 नवंबर 2022 को ढाई लाख रूपये, 24 नवंबर 2022 को 5 लाख रूपये, 25 नवंबर 2022 को 4 लाख रूपये, 30 नवंबर 2022 को ढाई लाख रूपये एवं 14 दिसंबर 2022 को 55 लाख रूपये, इस प्रकार कुल 84 लाख रूपये आरोपी नागेश कुमार धारा अपने खातों में ट्रांसफर कराना तथा अपने महिला मित्र आरती जो आरोपी की एकाउंट से संबंधित एवं अन्य कार्यो की देखरेख करती है, के साथ मिलकर धोखाधडी करना बताने पर आरोपियों के कब्जे से एक नग डेल कंपनी का लेपटाप एवं 2 नग स्क्रीनटच मोबाईल को जप्त किया गया है तथा आरोपी नागेश कुमार धारा के खाता में वर्तमान 1 लाख रूपये जमा है, जिसे फ्रीज कराया गया है तथा आरोपियों को 8 मार्च को गिरफ्तार कर पुलिस रिमाण्ड मे लिया गया था, जिसे सोमवार को न्यायिक रिमाण्ड पर जिला जेल बालोद मे निरूध्द किया गया है।

नैनो आधारित कृषि के लिए बायोफैक्टर और हैदराबाद विश्वविद्यालय में समझौता

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बायोफैक्टर और हैदराबाद विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते पर डॉ. देवेश निगम, रजिस्ट्रार, हैदराबाद विश्वविद्यालय, और डॉ. लक्ष्मीनारायण रेडडी, सीईओ, बायोफैक्टर ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.जे. राव, अनुसंधान निदेशक प्रो. सम्राट साबत, डॉ .दिबाकर दास एवं अन्य प्राध्यापक और वैज्ञानिक उपस्थित रहे। समझौते के प्रमुख बिंदु में नये नैनो कणों की खोज और विकास- कृषि, पोल्ट्री और मत्स्य पालन के लिए नैनो टेक्नोलॉजी आधारित समाधानों का विकास। नैनो कणों की सुरक्षा एवं पर्यावरण अनुकूलता- विषाक्तता परीक्षण कर इनके सुरक्षित उपयोग की पुष्टि। विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम-वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों को नैनो टेक्नोलॉजी के अनुप्रयोगों में दक्ष बनाना। शिक्षा और उद्योग सहयोग- अनुसंधान और नवाचार को व्यावसायिक उपयोग के लिए अनुकूल बनाना। अन्य सहयोगी पहलः इंटर्नशिप के अवसर- कृषि, पोल्ट्री, मत्स्य पालन और नैनो टेक्नोलॉजी में अनुसंधान के लिए बायोफैक्टर में प्रशिक्षण। तकनीकी विशेषज्ञता का विस्तार- नैनो लैब में बायोफैक्टर वैज्ञानिकों के लिए विशेष शोध प्रशिक्षण। नई परियोजनाओं का विकास- कृषि और जैविक प्रौद्योगिकी की आवश्यकताओं के आधार पर संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं का निर्माण। कृषि क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण लाभ यह समझौता सटीक पोषक तत्व आपूर्ति, पर्यावरण-अनुकूल नैनो कीटनाशक और बायोफोर्टिफिकेशन में क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा। इससे किसानों को कम लागत में अधिक उपज प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर प्रो. दिबाकर दास, ने कहा कि यह साझेदारी नैनो टेक्नोलॉजी को कृषि की वास्तविक आवश्यकताओं से जोड़ने में सहायक होगी। डॉ. एल.एन. रेडडी, सीईओ, बायोफैक्टर, ने कहा कि हमारा लक्ष्य किसानों को सशक्त बनाना और नैनो टेक्नोलॉजी के माध्यम से वैश्विक खाद्य सुरक्षा को बेहतर बनाना है। यह नया समझौता ज्ञापन कृषि-नैनो टेक्नोलॉजी में बायोफैक्टर की अग्रणी भूमिका को और मजबूत करेगा।

नगर निगम अध्यक्ष के कार्यालय का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

जगदलपुर नगर निगम के नव निर्वाचित निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन के कार्यालय का पूजन एवं शुभारंभ का कार्यक्रम नगर निगम कार्यालय में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जगदलपुर नगर निगम के महापौर संजय पाण्डे, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, समस्त पार्षदगण, पूर्व पार्षद, भाजपा कार्यकर्ता, निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

नथिंग फोन (3ए) की बिक्री 11 मार्च से शुरू, कम से कम 19,999 में उपलब्ध

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नथिंग, लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी ने फ्लिपकार्ट, विजय सेल्स, क्रोमा और भारत के सभी प्रमुख रिटेल स्टोरों पर नथिंग फोन (3ए) सीरीज़ की ओपन सेल की घोषणा की है। पहले दिन एक विशेष शुरुआती ऑफर के रूप में, फोन (3ए) 19,999 रुपये की कीमत पर उपलब्ध होगा, और फोन (3ए) प्रो 24,999 रुपये (सभी ऑफर सहित) की कीमत पर उपलब्ध होगा। 4 मार्च, 2025 को नथिंग ने फोन (3ए) सीरीज़ को वैश्विक स्तर पर लॉन्च किया, जिसके कैमरा में प्रमुख अपग्रेड शामिल हैं। फोन (3ए) में 50एमपी का मेन सेंसर, सोनी का अल्ट्रा-वाइड सेंसर और 2| ऑप्टिकल ज़ूम वाला 50एमपी का टेलीफोटो लेंस है, जबकि पेरिस्कोप कैमरा वाले फोन (3ए) प्रो में 60| अल्ट्रा ज़ूम है। सेल्फी के लिए, फोन (3ए) में 32एमपी का फ्रंट कैमरा है, जबकि प्रो मॉडल में 4के वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ 50एमपी का सेंसर है। दोनों फोनों में Snapdragon®ls Gen 3 मोबाइल प्लैटफॉर्म और 5000एमएएच की बैटरी है जो एक बार फुल चार्ज होने पर दो दिन तक इस्तेमाल करने की सुविधा देती है। 50वाट पर अपग्रेडेड फास्ट चार्जिंग के साथ, फोन (3ए) सीरीज़ 20 मिनट से कम समय में पूरे दिन की पावर (50%) देती है। इसके अलावा, दोनों फोन में फुल एचडी+ रेज़ोल्यूशन के साथ 6.77 इंच का इमर्सिव डिस्प्ले है। स्क्रीन के हर इंच में 387 पिक्सल और फ्लुइड 120H5 अडैप्टिव रिफ्रेश रेट के साथ दृश्य स्पष्ट दिखते हैं। गेमिंग मोड में डिस्प्ले 1000एचजेड सैंपलिंग रेट प्रदान करता है जिससे गेमिंग स्मूथ और रिस्पॉन्सिव हो जाती है। नथिंग फोन (3ए) सीरीज़ एंड्रॉइड 15 पर नथिंग ओएस 3.1 पर चलती है, जो स्थिरता, उपयोगिता और कस्टमाइज़ेशन के लिए अनुकूलित किया गया है। इसमें नथिंग गैलरी, कैमरा और मौसम ऐप के अपडेट शामिल हैं और यह छह साल के अपडेट की गारंटी देता है - तीन साल के एंड्रॉइड अपडेट और छह साल के सुरक्षा अपडेट।

रेशम उत्पादन के टेक्निक सीखे स्कूली विद्यार्थी

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

स्थानीय स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय धरमपुरा के कृषि व्यवसायिक छात्र-छात्राओं का 10 दिवसीय इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्य क्षेत्रीय रेशम एवं केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान कालीपुर में दिया गया । इस प्रशिक्षण में संस्था के 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें कृषि से संबंधित रेशम पालन, रेशम उत्पादन, रेशम से धागा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण केंद्रीय वैज्ञानिको के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय रेशम उत्पादन व केंद्रीय तसर अनुसंधान कालीपुर के प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया। यह पूरे प्रशिक्षण में प्राचार्य एवं व्यवसायिक प्रशिक्षक श्री युधिष्ठिर पांडे का मार्गदर्शन रहा।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई बीजापुर का गठन

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई बीजापुर का गठन दिनांक 9 मार्च 2025 को किया गया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा एवं कोंडागाँव जिलाध्यक्ष सूरज यादव के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के दक्षिण बस्तर के अंतिम जिला बीजापुर में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई बीजापुर का गठन किया गया जिसमें सूबेदार ककेम नारायण को बीजापुर जिलाध्यक्ष, मरियम एक्का को सैन्य मातृशक्ति की जिलाध्यक्ष, कमला ककेम को उपाध्यक्ष एवं निर्मला को सचिव पद का दायित्व दिया गया। सर्वप्रथम भारत माता के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित किया गया तत्पश्चात सभी के द्वारा संगठन का गीत गाया गया। इसके बाद सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को संगठन का राष्ट्रीय केप पहनाकर शपथ दिलाया गया एवं मनोनयन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। बसंत संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने बताया कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद भारत सरकार एवं रक्षा मंत्रालय से मान्यता प्राप्त एक पंजीकृत संगठन है जिसका पंजीयन नंबर 4097 है। सैन्य सेवा में रहते हुए हमने देश की सेवा की और सेवानिवृत्त होने के पश्चात अब समाज की सेवा करना है और संगठन से जुड़कर रहना है। कोंडागांव जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने बताया कि अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद संगठन के मुख्य तीन उद्देश्य हैं सेवा साहस और सम्मान। सेवा - देश की, साहस- सामाजिक चुनौतियों को स्वीकार करने की और सम्मान- सम्मानजनक पुनर्वास की इसके साथ-साथ संगठन के द्वारा विजय दिवस, कारगिल विजय दिवस और आजाद हिंद फौज दिवस आदि मुख्य कार्यक्रम मनाया जाता है। दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष दिनार्थ पान ने बताया कि हमें संगठन से क्यों जुड़कर रहना चाहिए और संगठन मैं जुड़कर रहने से हमें क्या लाभ मिलता है, इस बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद दंतेवाड़ा के पूर्व सैनिक रोसारिया विक्ट, पूर्व सैनिक लक्ष्मन प्रसाद सेन, पूर्व सैनिक मुन्नू स्वामी, बीजापुर जिला की मातृशक्तिया दिव्या खेस, दोलोरसा तिर्की, रोलेशटीना, शीलमनती उपस्थित रहे।

भावना बोहरा ने विधानसभा में किसानों को प्रमाणिक बीज और कृषि विभाग द्वारा निर्मित तालाबों के निर्माण के संबंध में किया प्रश्न

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने विधानसभा में किसानों के हित में प्रश्न करते हुए बीज व खाद वितरण को समयबद्ध तरीके से करने और उनके ट्रांसपोर्ट में हो रहे विलंब, बीज प्रमाणीकरण व बाजार में बेचे जा रहे अमानक बीज की बिक्री के संबंध में प्रश्न पूछा। इसके साथ ही उन्हों एक्रिशी विभाग द्वारा पंडरिया विधानसभा अंतर्गत निर्मित तालाबों के संबंध में भी प्रश्न किया। भावना बोहरा ने प्रश्न किया कि क्या आदिम जाति विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में खरीफ वर्ष 2024-25 के लिए आवश्यक बीज की मात्रा किन-किन श्रेणी की एवं कितनी निर्धारित की गई है? निर्धारित मात्रा के विरुद्ध कितनी मात्रा में बीच का भंडारण किया गया है? क्या कृषकों को बीज वितरण पूर्व बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा भंडारित बीज का प्रमाणीकरण का प्रमाण पत्र दिया गया था? यदि हां, तो संस्था द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाने के बाद कितनी मात्रा में बीज अमानक पाए गए? वितरित अमानक बीज से प्रभावित कृषकों को क्या लाभ दिया गया? कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने बताया कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विकासखण्ड कवर्धा में प्रमाणिक बीज की मांग 1760.60 क्विंटल है जिसकी भण्डारण मात्रा 1470.70 क्विंटल, सहसपुर लोहारा में 2212.80 क्विंटल प्रमाणिक बीज की मांग है और 2197.80 क्विंटल भंडारित की गई है एवं पंण्डरिया विकासखण्ड हेतु खरीफ 2024-25 में प्रमाणित श्रेणी के बीजों की मांग 812.50 क्विंटल है और 1024.30 क्विंटल भंडारित की गई है। बीज क्रेता कृषक को बीज वितरण/क्रय से पूर्व भण्डारित बीज का बीज प्रमाणीकरण संस्था द्वारा प्रमाणीकरण प्रमाण पत्र जारी किया जाना प्रावधानित नही है, अपितु विक्रय/वितरण हेतु भण्डारित प्रमाणित श्रेणी के बीज की बोरियों में नीले रंग के टैग का प्रावधान है, जो बीज प्रमाणीकरण का प्रमाण होता है। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विकासखण्डों में बीजों के गुण नियंत्रण हेतु भण्डारण केन्द्रों से नमूने परीक्षण हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किये गये, विश्लेषण उपरांत सभी नमूने मानक स्तर के पाए गए हैं और अमानक बीजों की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। भावना बोहरा ने बीज वितरण केन्द्रों में किसानों की सुविधा और बीज का वितरण सही समय पर करने के संबंध में अपनी बात रखते हुए कहा कि बीज परिवहन में ढिलाई होने की वजह से बीज वितरण केन्द्रों तक बीज समय पर नहीं पहुँच पाते हैं इससे किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ऐसे में यदि खाद व् बीज का परिवहन साथ में किया जाए तो किसानों को समय पर बीज उपलब्ध होगा। इसके साथ ही उन्होंने बीज वितरण केन्द्रों में किसानों की सुविधा, पेयजल व्यवस्था, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था के संबंध में भी प्रश्न किया। जिसका उत्तर देते हुए कृषि मंत्री ने बताया कि किसानों को खाद बीज तय समय पर मिल सके इसके लिए समय-समय पर ट्रांसपोर्ट सिस्टम को सुदृढ़ किया जा रही है इसके साथ ही किसानों की किसानों को बीज का वितरण सहकारिता विभाग के सुविधा केन्द्रों के माध्यम से होती है इसलिए सहकारिता विभाग से किसानों की सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर भी चर्चा की जाएगी। भावना बोहरा ने किसानों की सुविधा को देखते हुए जुलाई माह के पहले संभव हो सके तो बीज वितरण की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निवेदन भी किया और सोयाबीन की खेती कम होने के संबंध में प्रश्न करते हुए कहा कि विगत 20 वर्षों से किसानों को सोयाबीन के जे.एस.325 और 9560 बीज का ही वितरण किया जा रहा है जो की वायरस ग्रसित है इस वजह से सोयाबीन की खेती में कमी आई है वहीं चांवल में भी केवल एचएमटी व सरना बीजों का ही वितरण किया जा रहा है कोई नई किस्म का बीज उत्पादन नहीं किया जा रहा है।

नगर पंचायत में रोहित गुप्ता उपाध्यक्ष निर्वाचित

डोंगरगांव नगर। नगर पंचायत डोंगरगांव में प्रथम सम्मिलन एवं उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन हुआ। पर्यवेक्षक व मंडल भाजपा के नेताओं की मौजूदगी में एक नाटकीय घटनाक्रम के बाद संपादित निर्वाचन प्रक्रिया में वार्ड 4 पार्षद रोहित गुप्ता 13-3 मतों से उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। रोहित ने अध्यक्ष व एक निर्दलीय के वोटों सहित 13 वोट लेकर कांग्रेस के प्रियंक जैन को शिकस्त दी दी। प्रियंक को सिर्फ 3 वोट मिल सके। उल्लेखनीय है कि उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा ने पर्यवेक्षक व जिला महामंत्री सौरभ कोठारी के द्वारा वार्ड 14 पार्षद पुरुषोत्तम साहू को अधिकृत किया था। उपरांत अध्यक्ष व समस्त भाजपा पार्षद नामांकन दाखिल करने निर्वाचन स्थल पहुंचे थे। हालांकि भाजपा अधिकृत प्रत्याशी के फार्म में प्रस्तावक द्वारा दस्तखत नही करने से फार्म स्वीकृत नही हुए। अंततः निर्दलीय फार्म भर चुके रोहित गुप्ता एवं कांग्रेस के प्रियंक जैन के मध्य सीधा मुकाबला हुआ। अंततः रोहित गुप्ता को निर्दलीय पार्षद के अलावा भाजपा के अध्यक्ष व पार्षदों ने भी वोट दिया। वहीं कांग्रेस को अपने तीनो पार्षदों के 3 वोट ही मिले। निर्वाचन उपरांत पीठासीन अधिकारी द्वारा परिणाम की घोषणा की गई। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, नपंअध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, धनराज ठाकुर, सिद्दीक बडगुजर, योगेश पटेल, डिकेश साहू, प्रवेश ठाकुर, रामकुमार गुप्ता, सतीश पांडेय, कृष्णकुमार शर्मा सहित कांग्रेस के गणेश साहू, वीरेन्द्र बोरकर, संध्या साहू, महेंद्र वैष्णव सहित पार्षदगण मौजूद थे।

के. पेन्नम्मा का निधन

रायपुर। तिलक नगर, एल आई जी. 24, रायपुर निवासी के. पेन्नम्मा (89 वर्ष) का 9 मार्च रविवार को निधन हो गया है, उनका अंतिम संस्कार 12 मार्च बुधवार को सुबह 9.00 बजे निवास स्थान पर प्रार्थना के बाद 10.40 बजे हीरापुर जरवाय कब्रिस्तान रायपुर में किया जायेगा। वे ऐ.बी. कोशी, रेजू कोशी, रोसम्मा जोसफ, जूली की माताजी थीं।

लंबे अंतराल के बाद आयोजित होगी 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड परीक्षा, संकुल प्राचार्यों को बनाया गया प्रभारी

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में शिक्षा एवं संबंधित विभाग की अधिकारियों की बैठक लेकर 17 मार्च से शुरू हो रहे कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं की बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जिले में कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड परीक्षा बिना किसी अवरोध के निर्विघ्न रूप से एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले सहित शिक्षा एवं अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बारी-बारी से ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों से चर्चा कर विकासखण्डवार तैयारियों की समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने प्रत्येक विकासखण्डों में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की कुल संख्या तथा प्रत्येक विकासखण्डों में बनाए गए कुल परीक्षा केन्द्रों की संख्या आदि व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने प्रश्न पत्रों की छपाई, वितरण व्यवस्था, गोपनीय सामग्रियों के लिए समन्वय केन्द्र तथा प्रश्न पत्रों को संबंधित पुलिस थानों में सुरक्षित रखने हेतु किए गए उपायों के संबंध में जानकारी ली।

निजी शालाओं के वाहनों का अधिग्रहण करने निर्देश – बैठक में इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने पुलिस थानों से संबंधित परीक्षा केन्द्रों में गोपनीय सामग्रियों को सुरक्षित लाने ले जाने के लिए रूट चार्ट के निर्धारण आदि के संबंध में जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने सुरक्षित रूट चार्ट का निर्धारण कर निजी शालाओं के वाहनों का भी अधिग्रहण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्रों के लिए सहमति देने वाले अशासकीय शालाओं के संख्या के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने परीक्षा संपन्न होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन आदि के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। बैठक में उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन के दौरान नकल रोकने हेतु भी पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि राज्य में लंबे अंतराल के बाद कक्षा 5वीं एवं 8वीं बोर्ड की परीक्षाएं आयोजित की जा रही है।

मौलाना आजाद कॉलेज से एलएलबी पढ़कर आए परमेश्वर भगत बने मनोरा जनपद अध्यक्ष, अध्यक्ष और उपाध्यक्ष में कांग्रेस का कब्जा

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अध्यक्ष उपाध्यक्ष का बीते मंगलवार को संपन्न हुआ। मनोरा विकासखंड में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष दोनों पदों में कांग्रेस ने कब्जा कर लिया। अध्यक्ष के लिए दो उम्मीदवार खड़े हुए थे एक परमेश्वर भगत दूसरा रंजीत भगत, परमेश्वर भगत को 8 वोट मिले और रंजीत को 4 वोट मिले। वही उपाध्यक्ष के लिए दो उम्मीदवार खड़े थे दिनेश्वर राम को 5 वोट मिले और हैप्पी कमल कुजूर को 7 वोट मिले।

इस तरह बने अध्यक्ष परमेश्वर भगत

2020 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में परमेश्वर भगत खुटापानी के सरपंच रहे। 5 साल लोगों की खूब सेवा संस्कार किया। और पंचायत में चहुमुंखी विकास भी किया और लोगों ने काफी पसंद भी किया। और लोगों ने पंचायत से पहले ही यह ठान लिया था कि अगला सरपंच परमेश्वर को ही बनाया जाएगा। लेकिन दुर्भाग्य यह रहा कि महिला सीट हो गया जिससे सरपंच नही लड़ सका।

पिता की तबीयत खराब के बाद भी हार नही माना

चुनाव के समय परमेश्वर भगत के पिता का अचानक तबीयत बिगड़ गया और उसे जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया था। लेकिन ठीक नही होने के कारण पिता को अम्बिकापुर ले गया। आगे कहा कि गांव के ही बुजुर्गों ने मुझे बीडीसी के लिए सुझाव दिया और मैं खड़ा हुआ। किसी तरह अम्बिकापुर से नामांकन दाखिल करने मैं मनोरा पहुंचा और बीडीसी के लिए आखिरी वक्त में नामांकन दाखिल किया।

बुजुर्गों का आशीर्वाद से 570 वोट से जीत हासिल किया

परमेश्वर भगत ने बताया कि बीडीसी चुनाव में 7 प्रत्याशी मैदान में उतरे थे। असारु राम 538 वोट, मोंदल राम 108 वोट, फवियानुस पन्ना 92 वोट, आई. लकड़ा 82 वोट, परमेश्वर भगत को 1209 वोट, सकीरा टोप्पो 639 वोट, विकास कुमार प्रधान 479 वोट मिले। परमेश्वर भगत ने 570 वोट से जीत हासिल की।

6 प्रत्याशी कांग्रेस और 6 बीजेपी के बने बीडीसी

बीडीसी जीत हासिल के बाद जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए 2 कांग्रेस 2 बीजेपी के उम्मीदवार खड़े हुए। जिसमें अध्यक्ष के लिए कांग्रेस से परमेश्वर भगत और रंजीत भगत खड़े हुए परमेश्वर को 8 वोट मिले और रंजीत को 4 वोट इसी तरह उपाध्यक्ष के लिए दिनेश्वर राम बीजेपी हैप्पी कमल कुजूर कांग्रेस से खड़े हुए हैप्पी को 7 मिले तो दिनेश्वर को 5 मिले।

युवाओं को प्रशिक्षण देकर बनाए हुनरमंद: कलेक्टर

मार्केट में काम की डिमांड और भविष्य में रोजगार के अवसर को ध्यान में रखकर कार्ययोजना बनाने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में उद्योग विभाग, कौशल विकास विभाग, अन्त्यावसाई विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने प्रधानमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ युवाओं को देने के निर्देश दिए हैं। स्वरोजगार से युवाओं को जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए कहा है। लीड बैंक अधिकारी को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के लाभ के बारे में बताने के लिए कहा और बैंक से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी शिविर में लोगों को अनिवार्य रूप से देने के निर्देश दिए हैं। जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ देने के लिए पंचायत सचिव से जिनकी मृत्यु हो चुकी और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया गया ऐसे पात्र व्यक्तियों के परिजनों को बीमा योजना का लाभ देने के लिए कहा है। कौशल विकास योजना के तहत जिले के युवाओं को वर्तमान और भविष्य में प्रचलित विभिन्न ट्रेंड में प्रशिक्षण देने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं की रूचि और मार्केट में डिमांड के अनुसार प्रशिक्षण देने के कार्ययोजना बनाए ताकि युवाओं को ज्यादा से ज्यादा स्वरोजगार से जोड़ा जा सके और उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव मस्के, हरि ओम द्विवेदी और संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने होली के अवसर पर शुष्क दिवस किया घोषित

जशपुरनगर । कलेक्टर रोहित व्यास ने आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार 14 मार्च 2025 को होली के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। होली के दिन जिले की सम्पूर्ण देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों सहित संलग्न अहातों को 13 मार्च 2025 की रात्रि 10रू00 बजे से 15 मार्च 2025 की प्रातः 10रू00 बजे तक पूर्णतः बन्द रखने हेतु आदेश दिए गए हैं। उन्होंने शासन के उक्त आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने हेतु अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं।

जनदर्शन में कलेक्टर ने संवेदनशीलता पूर्वक सुनी लोगों की समस्याएं

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास ने जिला कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। जनदर्शन में कुल 27 आवेदन प्राप्त हुए। जिस पर कलेक्टर ने सभी को संवेदनशीलता पूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आर्थिक सहायता, वेतन दिलाने, पदोन्नति, पीएम आवास निर्माण आपत्ति, नाली निर्माण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती, दो लाभ के पद पर कार्य, विद्युत केबल सुधार, तहसील के कार्य सहित अन्य संबंधित विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए।

प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 04 लाख की राशि स्वीकृत

जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आर.बी.सी. 6-4 के तहत् 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम बहोरा निवासी शीतल राम का जहरीला सांप के काटने से 19 सितंबर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनकी पत्नी सरस्वती बाई तथा मृतक की पुत्री करिश्मा बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

महिला स्व-सहायता समूह द्वारा कलेक्टरेट में हर्बल गुलाल के विक्रय के लिए लगाया स्टॉल

कलेक्टर शर्मा ने किया स्टाल का मुआयना खरीदे गुलाल

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत जय मां सिद्धि महिला स्व-सहायता समूह ग्राम पंचायत महीदही ब्लॉक साजा द्वारा होली त्योहार के मद्देनज़र तैयार किए गए हर्बल गुलाल उत्पादों का विक्रय करने के लिए आज सोमवार को जिला कार्यालय परिसर बेमेतरा में स्टॉल लगाया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर रणवीर शर्मा और सीनियर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने महिला समूह द्वारा लगाये स्टॉल का अवलोकन किया एवं समूह की महिला से उनके द्वारा किये जा रहे उत्पादों के संबंध के जानकारी ली। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के साथ -साथ अतरिक्त पुलिस अधीक्षक मती ज्योति सिंह, अपर कलेक्टर डॉ अनिल वाजपेयी सहित अधिकारी कर्मचारियों ने हर्बल गुलाल खरीदे. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रकाश भारद्वाज ने हर्बल गुलाल खरीदे। महिला समूह की महिला ने बताया कि होली त्यौहार के मद्देनजर उनके द्वारा रंग-बिरंगे हर्बल गुलाल तैयार किए गए हैं साथ ही हर्बल साबुन, हर्बल धूप, डिसवाश जेल, हेण्डवाश आदि जैसे सामग्री तैयार किया गया हैं 7 उन्होने बताया कि इन सामग्रियों को बेचने से अच्छी आमदनी भी प्राप्त होती है7 उन्होंने बताया की सुबह से ही हर्बल गुलाल की लगातार बिक्री हो रही इसके अभी तक अच्छी आमदनी प्राप्त हुई हैं ।

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना अंतर्गत पंजीयन सहायता के लिए शिविर एनईएस पीजी कालेज में 11 व 12 मार्च को

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन 12 मार्च तक

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना प्रारंभ करने का उद्देश्य युवाओं में कौशल का विकास करने के साथ ही रोजगार के अवसर प्रदान करना है। योजना का लाभ लेने के लिए 12 मार्च 2025 तक प्रधानमंत्री इंटर्नशिप पोर्टल www.pminternship.mca.gov.in पर निःशुल्क ऑनलाइन पंजीकरण किया जा सकता है। शासकीय पॉलिटेक्निक जशपुर के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना अंतर्गत 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा धारक और स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी जो नियमित शिक्षा में नामांकित ना हों, किसी पूर्णकालिक रोजगार में नियोजित नहीं हो, आवेदक के परिवार का कोई भी सदस्य की आमदनी 8 लाख से अधिक नहीं होना चाहिए और किसी भी सदस्य के पास सरकारी नौकरी न हो ऐसे 21 से 24 वर्ष तक के युवा इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। पंजीयन हेतु आवेदकों की सहायता के लिए नोडल संस्था शासकीय पॉलीटेक्निक जशपुर द्वारा एनईएस पीजी कालेज जशपुर परिसर में दिनांक 11 एवं 12 मार्च को शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक आवेदक आधार कार्ड एवं सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र के साथ दोपहर 12.00 बजे से उपस्थित हो कर पंजीयन करा सकते हैं। इसके अलावा किसी लोक सेवा केन्द्र अथवा स्वयं के मोबाइल से भी आवेदन किया जा सकता है।

जिला महासमुंद में जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति का गठन

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार जिला महासमुंद में जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति का गठन किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा आदेश जारी किया गया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। समिति में नामांकित अधिकारी इस प्रकार हैं अध्यक्ष अपर कलेक्टर (अथवा डिप्टी कलेक्टर), सदस्य प्रभा मारकण्डेय (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अंत्यावसायी) अनुसूचित जाति वर्ग, रामकुमार ध्रुव (जिला परिवहन अधिकारी) अनुसूचित जनजाति वर्ग, संजय कुमार चौधरी (जिला कोषालय अधिकारी) अन्य पिछड़ा वर्ग, जयमंगल पटेल (अनुसंधान सहायक, टीआरटीआई रायपुर) विषय विशेषज्ञ, संबंधित जिले के अ.जा.क. पुलिस थाने में पदस्थ उपपुलिस अधीक्षक और सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास महासमुंद (सदस्य सचिव) शामिल है। इस समिति का कार्य जिला स्तर पर जाति प्रमाण पत्रों का सत्यापन करना होगा, जिससे प्रमाण पत्रों की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनी रहे।

कलेक्टर ने मधुमक्खी छत्ते हटाने के लिए 50 लोगों का चयन करके प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश

- श्रम विभाग की योजना का लाभ पंजीकृत सभी हितग्राहियों को देने के लिए कहा

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में वन विभाग श्रम, विभाग, और खनिज विभाग की समीक्षा बैठक ली और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को देने के निर्देश दिए । उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में बहुत संख्या में मधुमक्खी के छत्ते पेड़ों और शासकीय भवनों में बने हैं। उनको हटाने के लिए 50 हाथी मित्रों का चयन करके प्रशिक्षण दिलाया जिला प्रशासन से उनके कीट भी उपलब्ध कराया जाएगा और मधुमक्खी हटाने के एक निश्चित राशि दी जाएगी ताकि अभियान चलाकर मधुमक्खी छत्ते हटाया जा सके। उन्होंने वन धन केंद्र, पौध रोपण, तेंदूपत्ता संग्रहण, आदि योजनाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने बैठक में श्रम विभाग की योजना की समीक्षा करते हुए सभी पात्र लोगों का श्रम पंजीयन करने के निर्देश दिए हैं। और योजनाओं का लाभ देने के लिए कहां। पात्र हितग्राहियों को ई रिक्शा का भी लाभ देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आगामी 16 मार्च को दाल भात केन्द्र खोलने के सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए कहा है। और जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में भी श्रम पंजीयन करने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय , डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी और संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

होली पर्व के अवसर पर 14 मार्च को शुष्क दिवस घोषित,देशी-विदेशी मदिरा दुकानें रहेंगी बंद

गरियाबंद। राज्य शासन द्वारा 14 मार्च 2025 होली पर्व (जिस दिन रंग खेला जायेगा) के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित करने के फलस्वरूप जिले के समस्त देशी, विदेशी एवं कम्पोजिट मदिरा की फुटकर दुकानें तथा देशी, विदेशी एवं कम्पोजिट अहाता इस दिन पूर्णतः बंद रहेगी। इस संबंध में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने उक्त शुष्क दिवस में जिले के किसी भी अधिकृत एवं अनाधिकृत स्थानों से मदिरा का अवैध निर्माण आधिपत्य, परिवहन, क्रय-विक्रय, भण्डारण तथा तस्करी न हो इस पर पूर्ण नियंत्रण रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया गया है कि शिकायत प्राप्त होने पर सख्ती से रोक लगाई जाए और उन्हें जब्त करने की कार्यवाही की जाए।

मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कुम्हारी में दीप प्रज्वलन समारोह का भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कुम्हारी में दीप प्रज्वलन समारोह का भव्य आयोजन पूज्य रवि शंकर महाराज जी के आशीर्वाद से किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम की शोभा कार्यकारी निदेशक एस. एस. बजाज जी ने बढ़ाई। इस कायक्रम का संचालन कैंपस डायरेक्टर डॉ. प्रीति गुर्नानी एवं नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य डॉ. वर्निश जी के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, भिलाई की प्रोफेसर डॉ. सुशीला बायस उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. फिबिना चिलाटे (वाइस प्रिंसिपल) एवं अलीश सैमुअल (एसोसिएट प्रोफेसर) ने अत्यंत कुशलता एवं ऊर्जा के साथ किया, जिससे पूरा कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ गान "अरपा पैरी के धार" से हुई, जिसके बाद दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना का आयोजन किया गया। यह आयोजन बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसने माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के छात्रों द्वारा प्रस्तुत शानदार स्वागत नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. सुशीला बायस का स्वागत डॉ. वर्निश कुमार मैडम द्वारा पौधारोपण एवं मोमेंटो प्रदान कर किया गया। डॉ. सुशीला बायस ने अपने प्रेरणादायक अनुभव साझा किए और नर्सिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद, डॉ. वर्निश कुमार का स्वागत डॉ. फिबिना चिलाटे द्वारा किया गया और डॉ. फिबिना चिलाटे मैडम का स्वागत डॉ. नीलम साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सेमेस्टर के विद्यार्थियों- प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम एवं षष्ठम वर्ष के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

इस बार प्राकृतिक रंगों से रंगीन होगी होली, शासन के सहयोग से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही महिलाएं

समूह की महिलाएं पलास, गुलाब एवं पुदीने के पत्तों से बना रही हर्बल गुलाल

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिले में रंगों के त्योहार होली को स्वसहायता समूह की महिलाएं इस बार और खास बना रही है। होली के त्योहार को प्राकृतिक रंगों से मनाने के लिए महिलाएं हर्बल गुलाल बना रही है। ग्राम जोबा की संजीवनी संकुल संगठन की 20 से 25 सक्रिय महिलाएँ राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत हर्बल गुलाल का निर्माण कर आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की मिसाल पेश कर रही हैं। समूह की महिलाएं पलाश से लाल, गुलाब से गुलाबी एवं पुदीने के पत्तों से हरा रंग निकालकर मक्के की सूखी डंठल से प्राप्त अरारोट पाउडर में मिलाकर प्राकृतिक गुलाल का निर्माण कर रही है। इसमें हानिकारक रसायनिक तत्वों का बिल्कुल भी उपयोग नहीं किया जाता। जिससे हर्बल गुलाल त्वचा एवं सेहत के लिए सुरक्षित रहता है। संजीवनी संकुल संगठन की ये महिलाएँ न केवल होली के त्योहार को प्राकृतिक और सुरक्षित बना रही हैं, बल्कि अपनी आजीविका को भी मजबूत कर रही हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महिलाएँ आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की नई कहानी लिख रही हैं। यह पहल प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम साबित हो रही है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने भी इन महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। समूह की महिलाओं का मानना है कि पारंपरिक तरीकों से बनाए गए प्राकृतिक गुलाल से न केवल सेहत स्वस्थ रहेगा, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी अनुकूल रहेगा। साथ ही महिलाओं के लिए आमदनी का नया स्रोत भी बन रहा है। पिछले वर्ष हर्बल गुलाल की मांग अधिक रही, जिसे देखते हुए इस बार महिलाओं ने रंग बनाना शुरू कर दिया है। महिलाओं ने बताया कि गुलाल बनाने की प्रक्रिया पूरी तरह प्राकृतिक है। इसे तैयार करने में फूलों और पत्तियों का उपयोग किया जाता है, जिससे यह त्वचा के लिए सुरक्षित होता है। विभिन्न रंग बनाने के लिए प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग किया जाता है गुलाबी रंग के लिए चुकंदर और गुलाब की पंखुड़ियां, पीला रंग के लिए हल्दी और गेंदे के फूल, हरा रंग के लिए पालक व मेंहदी के पत्ते, नीला रंग के लिए अपराजिता के फूल और लाल रंग के लिए टेसू के फूलों का इस्तेमाल कर रही है। समूह में धनेश्वरी ध्रुव सीएलएफ अध्यक्ष, लालिमा चौधरी सचिव, मीना साहू पीआरपी, लिलेश्वरी नाग, नुमेश्वरी साहू, प्रमिला सोम, शैलेन्द्री ठाकुर, रचुला सिन्हा और अन्य महिलाएँ प्राकृतिक संसाधनों से हर्बल गुलाल तैयार कर रही हैं। जंगलों से पलाश के फूलों से पीला, गुलाब के फूलों से लाल और पुदीना के पत्तों से हरा रंग निकाला जाता है, जिसे मक्के सूखे डंठल (अरारोट) में मिलाकर शुद्ध और सुरक्षित गुलाल बनाया जाता है। महिलाओं ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी तरह के आजीविका मूलक प्रशिक्षण से अधिक से अधिक महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकेंगी। हर्बल गुलाल की बढ़ती मांग को देखते हुए महिलाएं अब बड़े पैमाने पर बनाने की योजना बना रही हैं। जिससे स्थानीय महिलाओं के लिए आजीविका का नया द्वार भी खुलेगा।

किसान सुखसाय को शाकम्भरी योजना व सौर सुजला योजना से किया गया लाभान्वित

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नेतृत्व वाली सरकार किसानों को हर संभव मदद करने और शासन की योजनाओं को लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में जिले के कृषि विभाग द्वारा किसानों को विभागीय योजनाओं से निरंतर लाभान्वित किया जा रहा है। साथ ही नलकूप खनन कराकर उसमें सौर सुजला योजना से पम्प भी लगाकर स्प्रिंकलर से सिंचाई की सुविधा दी गई है। इसी कड़ी में कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम गिनाबहार निवासी कृषक सुखसाय को कृषि विभाग के माध्यम से शाकम्भरी योजना से विद्युत पम्प का लाभ दिया गया है। कृषक के पास 2.000 हेक्टेयर भूमि है। जिसमें एक जगह कुआ है। जिसमें कृषक के पास सिंचाई हेतु पम्प न होने के कारण सिंचाई नहीं कर पाता था। इस वर्ष कृषि विभाग के माध्यम से शाकम्भरी योजना से विद्युत पम्प लेकर गेहूं की खेती कर रहा है। कृषि विभाग के माध्यम से ही नलकूप खनन कराकर उसमें सौर सुजला योजना से पंप लगाकर स्प्रिंकलर से सिंचाई कर खेती की जा रही है। जिसमें कृषक को रबी मौसम में कृषि कार्य किया जा रहा है।

बालको में विश्व महिला दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बालकोनगर
www.dailypioneer.com

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व महिला दिवस के अवसर पर टाउनहॉल आयोजित कर महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पद्मश्री शमशाद बेगम को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार तथा मुख्य अतिथि की उपस्थिति में उत्कृष्ट योगदान के लिए बालको की 83 महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर 6500 से अधिक महिलाओं को सशक्त बनाने की अपनी यात्रा के बारे में बताया। कर्मचारी और व्यावसायिक साझेदार महिलाओं की आत्मनिर्भरता, सशक्तिकरण और उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए टाउनहॉल में 400 से अधिक महिला कर्मचारी एकत्रित हुई। इस कार्यक्रम में बालको परिवार की 12 सफल महिलाओं की यात्रा पर समर्पित पत्रिका अनस्टॉपेबल का भी शुभारंभ तथा साथ ही टाउनहॉल में महिला कर्मचारियों के लिए व्यक्तिगत रूप से फिट की गई ड्रेस को भी लॉन्च किया गया। इस वर्ष प्रबंधन ने बालको की चयनित 23 महिला नेतृत्वकर्ताओं को एक दिन के लिए प्रबंधन के शीर्ष पदों पर सहायक के रूप में काम करने का अवसर दिया। चयनित महिलाओं को मुख्य कार्यकारी अधिकारी से लेकर अन्य प्रमुख पद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कार्य करने का अनुभव प्राप्त हुआ। विश्व महिला दिवस के अवसर पर बालको द्वारा शाम के समय महिलाओं के लिए एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिलाओं ने डांस, गाना तथा रैंप वॉक आदि विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। बालको के सीईओ एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि पद्मश्री शमशाद बेगम का स्वागत करते हुए पूरा बालको परिवार खुद को सम्मानित महसूस कर रहा है। प्रेरक सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर आपने छत्तीसगढ़ में समुदाय की शिक्षा और उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य किया हैं। सीईओ ने कहा कि हम सभी इस टाउनहॉल में कंधे से कंधा मिलाकर बालको और देश की प्रगति में योगदान दे रही महिलाओं का जश्न मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। महिलाएं विभिन्न रूपों में समाज को आगे बढ़ा रही हैं। बालको प्रबंधन ने ऐसा वातावरण तैयार किया है जिससे सभी को समानता के साथ आगे बढ़ने के मौके मिल रहे हैं। छत्तीसगढ़ की प्रेरक सामाजिक कार्यकर्ता एवं पद्मश्री शमशाद बेगम युवाओं व महिलाओं की प्रेरणास्रोत हैं। इन्होंने नशामुक्त समाज बनाने तथा महिला कमांडो का एक संगठन तैयार किया। समाजिक उत्थान के लिए समर्पित महिला कमांडो को राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुका है। बालको में अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा कि कंपनी में महिला कर्मचारियों का योगदान प्रशंसनीय है। महिला विकास और सशक्तिकरण से ही देश की प्रगति को दुगनी रफ्तार मिलेगी। एक सफल महिला की कहानी अन्य सभी महिलाओं के लिए प्रेरणादायी होती हैं। उन्होंने कहा कि संभावनाओं के समान अवसर पर महिलाएं खुद ही क्षमता का विकास कर सकती हैं।

संभावित भारत अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौता में किसान और लघु उद्योगों के हितों को मिले प्राथमिकता

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वदेशी जागरण मंच की राष्ट्रीय परिषद बैठक रायपुर छत्तीसगढ़ में संपन्न हुई। 2 दिन चली इस बैठक में स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान से जुड़े प्रदेश स्तर के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक की जानकारी देते हुए मंच के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख डॉ. धर्मेन्द्र दुबे ने बताया कि बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गए। देशभर से आए प्रमुख पदाधिकारीयों ने चर्चा उपरांत प्रस्ताव पारित किया जिसमें अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा कई देशों से आयात पर उच्च टैरिफ लगाने की अपनी मंशा की घोषणा और वैश्विक मुक्त व्यापार प्रणाली पर किए गए हमले के कारण अमेरिका द्वारा भारत सहित अन्य देशों के बीच द्विपक्षीय समझौते होने की प्रबल संभावना को देखते हुए यह सुविचारित मत प्रकट किया कि भारत को बहुपक्षीय व्यापार समझौते के बजाय द्विपक्षीय व्यापार समझौते के साथ अपने विदेशी व्यापार को बढ़ाना चाहिए। अमेरिका और अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करते समय राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जानी चाहिए विशेष रूप से हमारे किसान और छोटे उद्योगों के हितों की रक्षा अनिवार्य हो। इस प्रस्ताव की चर्चा का नेतृत्व करते हुए स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक डॉ अश्विनी महाजन ने कहा कि पूरा विश्व भू-आर्थिक विखंडन के एक सिंड्रोम से गुजर रहा है, इस समय सफलता की एकमात्र कुंजी स्वदेशी दर्शन पर आधारित राष्ट्र प्रथम की नीति है। अमेरिका मुक्त व्यापार प्रणाली का सबसे बड़ा समर्थक था जिसका विरोध स्वदेशी जागरण मंच के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी ने शुरू किया और बताया कि उदारीकरण वैश्वीकरण और निजीकरण की नीति भारत के लिए फलदायक नहीं है। अमेरिका की मुक्त व्यापार नीति ही किसी न किसी तरह से अर्थव्यवस्था में मंदी और बढ़ती बेरोजगारी के लिए जिम्मेदार है यह डोनाल्ड ट्रंप अच्छी तरह से समझते हैं क्योंकि इसके कारण चीन से सस्ते आयात का रास्ता खुल गया जिसने अमेरिका सहित भारत जैसे देशों के उद्योग धंधों को चौपट कर दिया। महाजन ने स्पष्ट किया कि स्वदेशी जागरण मंच अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के खिलाफ नहीं है बल्कि मंच का दृढ़ विश्वास है कि बहुपक्षीय व्यापार समझौते अर्थव्यवस्था के लिए अच्छे नहीं है क्योंकि सभी देशों को मोस्ट फेवरेट नेशन का दर्जा देने का कोई मतलब नहीं है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने माता कौशल्या की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के ग्राम चंदखुरी स्थित माता कौशल्या मंदिर में दर्शन व पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने माता कौशल्या एवं प्रभु श्रीराम के समक्ष नमन करते हुए राज्य की प्रगति, जनता की मंगलकामना और सामाजिक समरसता की प्रार्थना की। इसके साथ ही उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित वैद्यराज सुषेण मंदिर और श्री दशरथ दरबार के भी दर्शन किए। इस अवसर पर माता कौशल्या जन्मभूमि सेवा संस्थान के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को माता कौशल्या और प्रभु श्रीराम का छायाचित्र भेंट किया। मुख्यमंत्री साय ने माता कौशल्या मंदिर परिसर में स्थित जलसेन सरोवर में कछुओं को दाना खिलाया और मंदिर परिसर के रखरखाव व सौंदर्यीकरण हेतु दिशा-निर्देश दिए।

छत्तीसगढ़ में ऊर्जा क्रांति 3 लाख करोड़ का निवेश चार तरह के पावर प्लांट से बनेगी अपार ऊर्जा

प्रथम पृष्ठ का शेष

इससे छत्तीसगढ़ में परमाणु ऊर्जा से बिजली उत्पादन की शुरुआत होगी। थर्मल पावर क्षेत्र में भी बड़े निवेश की घोषणा हुई है। अदानी पावर 66,720 करोड़ रुपये खर्च कर कोरबा, रायगढ़ और रायपुर में 1600-1600 मेगावाट के तीन थर्मल पावर प्लांट लगाएगा। जिंदल पावर रायगढ़ में 1600 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए 12,800 करोड़ रुपये का निवेश करेगा, जबकि सरदा एनर्जी रायगढ़ में 660 मेगावाट क्षमता के प्लांट के लिए 5,300 करोड़ रुपये लगाएगी। इसके अलावा, सरकारी कंपनियां एनटीपीसी और सीएसपीजीसीएल 41,120 करोड़ रुपये की लागत से 4500 मेगावाट बिजली उत्पादन करेंगी। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ को बड़ी सफलता मिली है। जिंदल पावर और एनटीपीसी ग्रीन मिलकर 10,000 करोड़ रुपये खर्च कर 2500 मेगावाट सौर बिजली का उत्पादन करेंगे। इसमें डोलेसरा में 500 मेगावाट और रायगढ़ में 2000 मेगावाट के सौर प्लांट शामिल होंगे।

किसानों के लिए भी खुशखबरी है। पीएम कुसुम योजना के तहत 4100 करोड़ रुपये की लागत से 675 मेगावाट सौर बिजली का उत्पादन किया जाएगा और 20,000 सोलर पंप लगाए जाएंगे। इससे किसानों को सिंचाई के लिए सस्ती बिजली मिलेगी और डीजल पंपों की जरूरत कम होगी। इसके अलावा, 57,046 करोड़ रुपये की लागत से 8700 मेगावाट क्षमता के पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट भी शुरू होंगे। इसमें एसजेएन कोटपाली में 1800 मेगावाट और जिंदल रिन्यूएबल द्वारा 3000 मेगावाट के प्रोजेक्ट शामिल हैं। इन सभी निवेशों के जरिए छत्तीसगढ़ जल्द ही देश के सबसे बड़े ऊर्जा उत्पादक राज्यों में शामिल हो जाएगा। इससे उद्योगों, किसानों और आम लोगों को फायदा होगा और राज्य की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403